www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

SUNDAY

नई दिल्ली, रविवार, 17 मार्च, 2024

वर्ष – 16 | अंक –342 | पृष्ठ – 10

मूल्य –3.00 रु.

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

साहित्य
सफ़ेद गुड़ पृष्ठ 06

भीषण जल संकट, अन्य शहरों पर भी मंडराता खतरा पृष्ठ 10

बजा चुनावी बिगुल, 96.8 करोड़ मतदाता ... पृष्ठ 02

■ दिल्ली में 1.47 लाख युवा पहली बार डालेंगे वोट
■ रेहड़ी-पटरी वालों को दुकान लगाने के लिए ... 03

■ भारत ने इस्लामोफोबिया से निपटने के लिए 'विशेष दूत' लाने का ...
■ उत्तरी वजीरिस्तान में आतंकी हमला, सात सैनिकों की मौत 07

रमजान मुबारक

17 मार्च-6

खत्म सहरी : 5.10
रोजा इफ़्तार : 6.32



# लोकतंत्र के महापर्व का शंखनाद

## पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल व अंतिम चरण 1 जून को

■ चार जून को होगा चुनावी नतीजों का ऐलान ■ 13 राज्यों की 26 विधानसभा सीटों पर भी होंगे उपचुनाव

**नई दिल्ली,** 16 मार्च (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव 2024 की तारीखों का शनिवार को ऐलान हो गया। इसी के साथ आचार संहिता भी लागू हो गई। 543 सीटों के लिए चुनाव सात फेज में होगा। पहले फेज की वोटिंग 19 अप्रैल को और आखिरी फेज की वोटिंग 1 जून को होगी। 4 जून को नतीजे आएंगे। वोटिंग से लेकर नतीजे तक इसमें 46 दिन लगेंगे। तारीखों के ऐलान से पहले मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर जानकारी दी। उन्होंने फेक न्यूज और अफवाह फैलाने वालों को चेतावनी दी है। इसी के साथ उन्होंने राजनीतिक दलों को निजी टिप्पणियों और हमलों से बचने की अपील की है।

13 राज्यों की 26 विधानसभा सीटों पर भी उपचुनाव होंगे। सबसे ज्यादा 6 सीटें हिमाचल प्रदेश की हैं। गुजरात की 5, उप्र की 4, पश्चिम बंगाल की 2, हरियाणा, बिहार, झारखंड, महाराष्ट्र, त्रिपुरा, तेलंगाना, राजस्थान, कर्नाटक, तमिलनाडु की 1-1 विधानसभा सीट शामिल हैं। लोकसभा चुनाव के साथ ही यहां भी वोटिंग होगी। राजीव कुमार ने कहा कि भौगोलिक, सांस्कृतिक रूप से विविध इस देश के सबसे बड़े चुनाव के लिए हमने दो वर्ष तक तैयारी की है। हमारे पास 97 करोड़ मतदाता हैं। यह संख्या अमेरिका, यूरोप, ऑस्ट्रेलिया के कुल मतदाताओं से कहीं ज्यादा है। हमारे पास 10.5 लाख मतदान केंद्र हैं, जिनकी जिम्मेदारी डेढ़ करोड़ लोगों के पास होती है। 55 लाख ईवीएम हैं। चुनाव आयोग अब तक 17 आम चुनाव और 400 से ज्यादा विधानसभा चुनाव करा चुका है। पिछले 11 चुनाव शांतिपूर्ण रहे हैं। अदालती मुकदमे कम हुए हैं। राजीव कुमार ने यहां अट्ठारहवीं लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा करने के बाद संवाददाताओं के सवालों के जवाब में कहा कि ईवीएम की सुरक्षा और निष्पक्षता को लेकर देश की अदालतों में 40 बार मामले दायर किए गए हैं। अदालतों ने हर बार आपत्तियों को खारिज किया और ईवीएम को सुरक्षित बताया। ईवीएम 100 प्रतिशत सुरक्षित है और इन्हें हैक नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि अब तो हालत यह है कि अदालतें ऐसे लोगों पर जुर्माना लगा रही हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि ईवीएम 100 प्रतिशत सुरक्षित है और इन्हें हैक नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि ईवीएम के कारण चुनाव प्रक्रिया सरल हुई है और बहुत सारी राजनीतिक पार्टियों को चुनाव में हिस्सा लेने में आसानी हुई है। उन्होंने कहा कि ईवीएम पर इल्जाम लगाने वाले अपनी बात पर कायम नहीं पाते हैं और परिणाम भी उन्हीं के पक्ष में आ जाता है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के सामने चार बड़ी चुनौती बाहुबल, धनबल, आदर्श आचार संहिता उल्लंघन और गलत सूचना से निपटने की है। उन्होंने कहा कि आयोग ने इन चुनौतियों से निपटने के लिए पूरी तरह कमर कस रखी है।





ईवीएम से सुरक्षित, निष्पक्ष मतदान संभव है व यह सौ फिसदी सुरक्षित है और इन्हें हैक नहीं किया जा सकता : **राजीव कुमार**

**देशभर में आदर्श आचार संहिता लागू**

*राजीव कुमार ने कहा कि चुनाव आयोग समेत किसी की भी आलोचना करने की पूर्ण स्वतंत्रता है, लेकिन फेक न्यूज, अफवाहें फैलाने की आजादी नहीं है। हर राज्य के अधिकारियों को अधिकार दिया गया है ताकि वे आपत्तिजनक बयानों से जुड़ी पोस्ट हटाने को कह सकें। अगर कोई झूठा नरैटिव फैला रहा है तो हम उसका पुरजोर मुकाबला करेंगे।*



लोकतंत्र के सबसे बड़े महापर्व का शुभारंभ हो गया है भाजपा-एनडीए इन चुनावों में उतरने के लिए पूरी तरह से तैयार है। सुशासन और जनसेवा के अपने ट्रैक रिकॉर्ड के आधार पर हम जनता-जनार्दन के बीच जाएंगे। मुझे पूरा विश्वास है कि मतदाताओं का भरपूर स्नेह व आशीर्वाद हमें लगातार तीसरी बार मिलेगा : **नरेंद्र मोदी**



सात चरणों का मतलब है कि 70-80 दिनों तक लगभग सभी विकास कार्य रुख जाएंगे ऐसे से आप कल्पना कर सकते है कि देश कैसे प्रगति करेगा क्योंकि चुनाव आचार संहिता लागू हो चुकी है। मेरे हिसाब से ठीक नहीं है चुनाव तीन या चार चरणों में पूरे हो सकते थे : **मल्लिकार्जुन खड़गे**

### 16 जून को खत्म हो रहा है 17वीं लोस का कार्यकाल

मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि यह हम लोगों के लिए ऐतिहासिक क्षण है। 2024 दुनिया के लिए भी चुनावों का साल है। दुनिया के सबसे बड़े और सबसे जीवंत लोकतंत्र के रूप में भारत पर सभी का ध्यान केंद्रित रहता है।

हमारा वादा है कि हम चुनाव इस तरह कराएंगे जो देश की चमक को बढ़ाएगा। 17वीं लोकसभा का कार्यकाल 16 जून को खत्म हो रहा है। जम्मू-कश्मीर में भी विधानसभा चुनाव होना बाकी हैं। **( विस्तृत खबर पेज 2 पर )**

### 2024 लोकसभा चुनाव का कार्यक्रम

| चरण | दिनांक | प्रदेश | सीटें |
|---|---|---|---|
| पहला | 19 अप्रैल | 21 | 102 |
| दूसरा | 26 अप्रैल | 13 | 89 |
| तीसरा | 7 मई | 12 | 94 |
| चौथा | 13 मई | 10 | 96 |
| पांचवां | 20 मई | 08 | 49 |
| छठा | 25 मई | 07 | 57 |
| सातवां | 1 जून | 08 | 57 |

### चार राज्यों में विधानसभा चुनावों का भी ऐलान

*चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव के साथ चार राज्यों आंध्र प्रदेश, ओडिशा, अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया। अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में भी एक फेज में 19 अप्रैल को मतदान होगा। आंध्र प्रदेश में 13 मई को एक फेज में वोटिंग होगी। ओडिशा में चार चरणों में 13 मई, 20 मई, 25 मई और एक जून को वोट डाले जाएंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि इस बार पूरे देश में एक व्यवस्था पहली बार लागू होने जा रही है।*

## सार संक्षेप

### पीओके भारत का हिस्सा : अमित शाह



**नई दिल्ली।** गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार 15 मार्च को कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर भारत का हिस्सा है। वहां रहने वाले सभी लोग भारतीय हैं, चाहे वे हिंदू हों या मुस्लिम। शाह ने नागरिकता संशोधन कानून पर भी बात की। उन्होंने इस कानून के दायरे से मुस्लिमों को बाहर रखने पर कहा सीएए के तहत पाक अफगानिस्तान और बांग्लादेश से भारत आए हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, ईसाई व पारसी शरणार्थियों को नागरिकता दी जाएगी।

### अनुराधा पौडवाल भाजपा में हुई शामिल



**नई दिल्ली।** प्रख्यात गायिका अनुराधा पौडवाल ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में भाजपा के महासचिव अरुण सिंह, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनिल बलूनी और सह प्रभारी संजय मयूख की मौजूदगी में पौडवाल ने भाजपा में औपचारिक प्रवेश किया। पौडवाल को भाजपा की सदस्यता की पर्ची सौंपी व अंगवस्त्र पहनाया।

### कैडेटों को पुनर्स्थापन सुविधाएं प्रदान करने के प्रस्ताव को मंजूरी



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सैन्य प्रशिक्षण के दौरान चोट लगने की वजह से चिकित्सा आधार पर बाहर कर दिए जाने वाले कैडेटों को पुनः स्थापन सुविधाएं प्रदान करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यह निर्णय इसलिए लिया गया है क्योंकि कैडेट सशस्त्र बलों में अधिकारियों के रूप में शामिल होने के इरादे से कम उम्र में सैन्य अकादमियों में शामिल होते हैं व वर्दी में राष्ट्र की सेवा करने की प्रतिबद्धता दिखाते हैं।

### एमवीए में सीट बंटवारे पर फैसला 25 तक



**नागपुर।** महाराष्ट्र में भाजपा, शिवसेना और एनसीपी वाले महायुति गठबंधन के बीच सीट बंटवारे पर चल रहे मंथन पर प्रदेश के भाजपा अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व के साथ बातचीत के बाद इस मुद्दे को जल्द सुलझा लिया जाएगा, हम 25 मार्च तक सीटों के बंटवारे पर घोषणा कर देंगे। गौरतलब है कि महाराष्ट्र की 48 सीटों के लिए लोस चुनाव 19 अप्रैल से 20 मई के बीच पांच चरणों में होंगे। बावनकुले ने कहा कि लोकसभा चुनाव दुनिया का सबसे बड़ा चुनाव है, सभी दल इसमें अपनी पूरी ताकर झोंक रहे हैं।

# सीएए के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंची केरल सरकार

### याचिका दायर कर की सीएए नियमों पर रोक लगाने की मांग

**नई दिल्ली,** 16 मार्च (एजेंसियां)। केरल सरकार ने सीएए के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। केरल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर नागरिकता संशोधन कानून 2019 और नागरिकता संशोधन नियम 2024 को लागू करने से रोक की मांग की है। केरल सरकार ने सीएए पर रोक की मांग करते हुए तर्क दिया है कि सीएए कानून को लागू करने में चार वर्षों की देरी हुई है, इसका मतलब ये है कि इस कानून को लागू करने की तुरंत आवश्यकता नहीं है और इस आधार पर ही सीएए (नागरिकता संशोधन कानून) पर रोक लगाई जा सकती है। सीएए के खिलाफ केरल की इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) पार्टी और एआईएमआईएम चीफ असदुदीन ओवैसी ने भी याचिका दायर की है।



**याचिकाओं पर 19 मार्च को सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट**

सुप्रीम कोर्ट सीएए के खिलाफ दायर याचिकाओं पर 19 मार्च को सुनवाई के लिए सहमत हो गया है। याचिकाओं में आरोप लगाया गया है कि सीएए कानून असंवैधानिक है और यह धर्म पर आधारित है। याचिकाओं में ये भी कहा गया है कि नागरिकता संशोधन कानून असम समझौते, 1985 का भी उल्लंघन है।

### भारत जोड़ो न्याय यात्रा में बोले राहुल गांधी

# मोदी-अडानी एक ही, इन्हें कहें मोडानी

**ठाणे,** 16 मार्च (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा शनिवार को महाराष्ट्र के ठाणे पहुंची। यहां राहुल गांधी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए हिंदुस्तान में हफ्ता वसूली चल रही है। कोई भी कुछ बोलता है तो ईडी, सीबीआई, आईटी उन्हें डराने पहुंच जाती है। राहुल गांधी ने कहा कि अडानी को रेलवे, सड़क, सुरक्षा और बिजली, इन सभी सेक्टर से पैसा मिलता है। अडानी का मतलब नरेंद्र मोदी ही है। दोनों एक ही हैं। आप इन्हें मोडानी भी कह सकते हैं।

**इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए मोदी सरकार पर बोला हमला**



कोई भी कुछ बोलता है तो ईडी, सीबीआई, आईटी उन्हें डराने पहुंच जाती है : **राहुल गांधी**

इसके अलावा राहुल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी बोलते थे कि उन्हें देश से भ्रष्टाचार मिटाना है। फिर उन्होंने इलेक्टोरल बॉन्ड का पूरा ढांचा तैयार क्यों किया। हिंदुस्तान में कोरोना से करीब 50 लाख लोगों की जान गई। एक तरफ लोगों की जान जा रही थी, दूसरी तरफ वैक्सीन वाली कंपनी सीरम इंस्टीट्यूट नरेंद्र मोदी को पैसा दे रही थी। राहुल गांधी ने इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम में भ्रष्टाचार के चार तरीके बताए हैं। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने भी यही तरीके बताए थे।

### मुंबई में आज समाप्त होगी यात्रा

राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा महाराष्ट्र में अपने समापन के करीब है रविवार को मुंबई के शिवाजी पार्क में एक विशाल रैली की योजना बनाई गई है, जहां अधिकांश इंडिया गठबंधन के नेता भाग लेंगे। राहुल गांधी 17 मार्च को मुंबई में एक रैली कर इस यात्रा को खत्म करेंगे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इंडिया ब्लॉक के सभी दलों को रैली में शामिल होने को कहा है। मुंबई में एक एक विशाल रैली आयोजित की जाएगी। राहुल गांधी के स्वागत के लिए इंडिया ब्लॉक के नेता यहां मौजूद रहेंगे। महाराष्ट्र में राहुल गांधी की रैली ऐसे समय में हो रही है जब राज्य के कई पार्टी नेता भाजपा में शामिल हो गए हैं, जिनमें सबसे प्रमुख महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण हैं। चव्हाण 13 फरवरी को मुंबई में भाजा में शामिल हुए थे।

# लोकसभा चुनाव के लिए सपा की पांचवीं सूची जारी

**लखनऊ,** 16 मार्च (देशबन्धु)। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी ने शनिवार को उम्मीदवारों की पांचवीं सूची जारी कर दी। इस बार पार्टी ने छह उम्मीदवारों के टिकट का एलान किया है। पार्टी ने आजमगढ़ से धर्मेंद्र यादव, इटावा से जितेंद्र दोहरे, गौतमबुद्धनगर से महेंद्र नागर, सुलतानपुर से भीम निषाद, मिश्रिक से मनोज कुमार राजवंशी और जालौन से नारायण दास आहिरवार को मैदान में उतारा है। इससे पहले सपा 37 नामों का एलान कर चुकी थी, पांचवीं सूची के बाद से अब यह संख्या 43 हो गई है। हालांकि यह संख्या वास्तविकता में 41 है, क्योंकि इंडिया गठबंधन होने के बाद वाराणसी लोकसभा सीट कांग्रेस के खाते में चली गई है तो पार्टी को वहां से अपना उम्मीदवार हटाना होगा। इसके अलावा संभल से सांसद रहे शफीकुर्रहमान बर्क का निधन हो गया है। पार्टी ने उनके निधन से पहले उनके नाम का एलान कर दिया था तो ऐसे में अब वहां भी उम्मीदवार की घोषणा करनी होगी। यह देखना रोचक होगा कि बर्क की जगह पर सपा किसके नाम पर मुहर लगाती है। इससे पहले 15 मार्च को भी सपा ने सात सीटों पर उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की थी। मिश्रिख सीट पर सपा ने पहले रामपाल राजवंशी को उम्मीदवार घोषित किया था।

अब सपा ने इस सीट पर मनोज कुमार राजवंशी को अपना उम्मीदवार बनाया है। सपा ने यूपी में अब तक 42 सीटों पर अपने उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं। चौथी सूची में बिजनौर यशवीर सिंह, मेरठ भानु प्रताप सिंह (एडवोकेट), नगीना मनोज कुमार, लालगंज दरोगा सरोज, अलीगढ़ बिजेंद्र सिंह, हाथरस जसवीर बाल्मिक का टिकट दिया है।



■ आजमगढ़ से धर्मेंद्र यादव, गौतमबुद्ध नगर से महेंद्र नागर को उतारा
■ आजमगढ़ समेत छह सीटों पर उम्मीदवारों का ऐलान

# अदालत से के.कविता को झटका

**नई दिल्ली,** 16 मार्च (एजेंसियां)। दिल्ली की एक अदालत ने आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता को 23 मार्च तक के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत में भेज दिया। राउज एवेन्यू कोर्ट ने केंद्रीय एजेंसी की याचिका पर शनिवार को यह आदेश सुनाया। एजेंसी ने तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव की बेटी कविता को ईडी मामलों के विशेष न्यायाधीश एम.के.नागपाल के समक्ष पेश किया और 10 दिन की हिरासत मांगी। अदालत में पेश किए जाने के दौरान कविता ने अपनी गिरफ्तारी को अवैध बताया और कहा, 'हम इसे (मामले को) अदालत में लड़ेंगे।



■ 23 मार्च तक ईडी की हिरासत में भेजा

**शराब नीति घोटाले में हुई थी गिरफ्तारी**

*ईडी ने शुक्रवार को उन्हें दिल्ली शराब नीति में घोटाले के आरोप में गिरफ्तार किया था। कोर्ट में पेश करने से पहले कविता ने कहा कि वो अपनी लड़ाई कोर्ट में लड़ेंगी। केंद्रीय एजेंसी कविता को शुक्रवार शाम हैदराबाद के बंजारा हिल्स स्थित उनके आवास से गिरफ्तार करके दिल्ली ले आई थी।*

# ईडी समन मामले में केजरीवाल को जमानत

**नई दिल्ली,** 16 मार्च (देशबन्धु)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल शनिवार को प्रवर्तन निदेशालय के समन मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट के सामने पेश हुए। पेशी के एक मिनट बाद कोर्ट ने उन्हें 15 हजार के मुचलके पर जमानत दे दी।

कोर्ट ने इस मामले में केजरीवाल को हाजिर होने से भी छूट दे दी है। ईडी ने कोर्ट से कहा कि वह शराब नीति को फाइनल करने से पहले हुई बैठकों और रिश्वतखोरी के आरोपों पर केजरीवाल का बयान दर्ज करना चाहती है, लेकिन 8 समन भेजने के बाद भी वो हाजिर नहीं हुए। केजरीवाल के वकील ने कोर्ट से अपील की कि उन्हें ईडी से वे दस्तावेज चाहिए।



■ आगे पेशी से छूट भी मिली
■ एक अप्रैल को होगी मामले की सुनवाई

**आंकड़े** *लोस चुनाव को लेकर चुनाव आयोग के आंकड़ों में खुलासा*

# लोस चुनाव में युवा मतदाताओं की संख्या 1.8 करोड़

**नई दिल्ली, 16 मार्च (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव में इस बार युवा मतदाताओं की संख्या 1.8 करोड़ है। भारतीय चुनाव आयोग के मुताबिक यह संख्या अभी और बढ़ सकती है। चुनाव आयोग को 13.40 लाख ऐसे युवाओं के फॉर्म मिले हैं, जिनकी उम्र अभी 18 साल नहीं है। लेकिन, वो मतदान तक 18 साल के हो जाएंगे। चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार, देश में 18-19 आयु वर्ग के 1.85 करोड़ युवा मतदाता हैं।**

चुनाव आयोग के मुताबिक इनमें से करीब 5 से 6 लाख युवा, मतदाता सूची में जुड़ सकते हैं। पिछली बार यह आंकड़ा 1.5 करोड़ था। 18-19 और 20-29 आयु वर्ग के 2 करोड़ से अधिक युवा मतदाताओं को मतदाता सूची में जोड़ा गया है। भारतीय चुनाव आयोग ने इस बार युवा मतदाताओं के आंकड़ों में 20 से 29 साल के वोटर्स के आंकड़े भी जारी किए हैं। इनमें 19.74 करोड़ मतदाता शामिल हैं। इसके साथ ही चुनाव आयोग ने बताया है कि 18 से 19 साल की महिला मतदाताओं की संख्या इस बार 85.3 लाख है। चुनाव आयोग का कहना है कि इस बार पिछले चुनाव के मुकाबले महिला मतदाताओं की संख्या बढ़ी है। महिला और पुरुष मतदाताओं की तुलना करें तो पहले जहां 1,000 पुरुषों के मुकाबले औसतन 928 महिला मतदाता थी, वहीं, 2024 में यह अनुपात बढ़ गया। अब 1,000 पुरुषों के मुकाबले महिला मतदाताओं की औसत संख्या 948 पहुंच गई है। दिलचस्प बात यह है कि देश के 12 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में महिला मतदाताओं की संख्या पुरुषों से भी ज्यादा है। आयोग ने बताया है कि सेलिब्रिटीज से भी कहा गया है कि वह यूथ को ज्यादा से ज्यादा मोटिवेट करें और लोकतंत्र के इस सबसे बड़े पर्व में अपनी भागीदारी निभाने आगे आने के लिए प्रेरित करें। किसी भी लोकतांत्रिक देश में युवाओं की भूमिका काफी अहम होती है। ईसीआई ने बताया कि निर्वाचन क्षेत्र स्तर पर विशेष सहायक निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी (एईआरओ) नियुक्त किए गए थे ताकि शैक्षणिक संस्थानों से सीधे युवाओं के नामांकन की सुविधा मिल सके। बीते पांच वर्षों (2019-2024) में मतदाता लिंगानुपात में काफी सुधार हुआ है।



मतदाता सूची में जुड़ सकते हैं पांच से छह लाख नए युवा मतदाता

# देश

**उवाच** "मैं चुनाव आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 की घोषणा का स्वागत करता हूं। चुनाव लोकतंत्र का सबसे बड़ा उत्सव है। यह देश और प्रदेश को विकास और सुशासन के पथ पर अग्रसर रखने का माध्यम है :- **जेपी नड्डा, राष्ट्रीय अध्यक्ष भाजपा**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 30.3 | 10.1 |
| मुंबई | 31.9 | 21.0 |
| कोलकाता | 33.1 | 23.0 |
| चेन्नई | 32.8 | 27.1 |

# बजा चुनावी बिगुल, 96.8 करोड़ मतदाता करेंगे मतदान




**नई दिल्ली**, 16 मार्च (एजेंसियां)। भारतीय चुनाव आयोग ने शनिवार को लोकसभा चुनाव की तारीखों और चरणों का ऐलान कर दिया। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने सभी आंकड़ों को पेश किया। लोकसभा के पहले चरण का चुनाव 19 अप्रैल को होगा, दूसरे चरण के लिए 26 अप्रैल, तीसरे चरण के लिए 7 मई, चौथे चरण के लिए 13 मई, पांचवें चरण के लिए 20 मई, छठे चरण के लिए 25 मई और सातवें चरण के लिए 1 जून को मतदान होगा। नतीजों की घोषणा 4 जून को होगी। लोकतंत्र के सबसे पड़े पर्व में इस बार देश भर में 96.8 करोड़ मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे, जिनमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 49.7 करोड़ और महिला मतदाताओं की संख्या 47.1 करोड़ है। इसमें फर्स्ट टाइम वोटर्स की संख्या 1.82 करोड़ है। इस बार यंग वोटर्स में 21 से लेकर 29 साल के वोटर्स के आंकड़े भी शामिल किए गए हैं, जिनमें 19.74 करोड़ मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे। इसके साथ ही बुजुर्ग वोटर्स की संख्या भी चुनाव आयोग ने बताई है, जिसमें 85 साल से ज्यादा उम्र के 82 लाख मतदाता हैं। वहीं, 100 साल की उम्र से ज्यादा 2.18 लाख मतदाता हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त ने बताया है कि इस बार ट्रांसजेंडर्स मतदाताओं की संख्या 48 लाख है। 88.4 लाख दिव्यांग मतदाता हैं। इसके साथ ही 2.18 लाख सर्विस इलेक्टर्स मतदाता हैं। इस बार महिलाओं के भी बढ़-चढ़कर लोकतंत्र के इस सबसे बड़े पर्व में हिस्सा लेने की उम्मीद है। 18 से 19 साल की महिला वोटर्स की संख्या इस बार 85.3 लाख है। इसके साथ ही देशभर के 12 राज्य ऐसे हैं, जहां पर महिला वोटर्स का अनुपात पुरुषों के मुकाबले 1,000 हजार से ज्यादा है। मुख्य चुनाव आयुक्त ने बताया कि बड़े-बड़े सेलिब्रिटीज से भी कहा गया है कि वह यूथ को ज्यादा से ज्यादा मोटिवेट करें और लोकतंत्र के इस सबसे बड़े पर्व में अपनी भागीदारी के लिए आगे आने के लिए प्रेरित करें। इस बार जो नए मतदाता हैं, वह हमारे एंबेसडर्स के तौर पर होंगे और उम्मीद है कि वह ज्यादा से ज्यादा लोगों को प्रेरित भी करेंगे।

## कहा, किस राज्य में किस तारीख को होगा मतदान

### वाराणसी में आखिरी चरण में होगा मतदान

चुनाव आयोग ने देश में लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया है। वर्ष 2019 में हुए पिछले लोकसभा चुनाव की तरह इस बार भी देश में सात चरणों में ही लोकसभा चुनाव होंगे। भाजपा के दिग्गज नेताओं के निर्वाचन क्षेत्र की बात करें तो, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र उत्तर प्रदेश के वाराणसी में सबसे अंतिम यानी सातवें चरण में 1 जून को वोटिंग होंगी। वहीं, भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के संसदीय क्षेत्र गुजरात के गांधीनगर में तीसरे चरण में 7 मई को मतदान होगा। केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह के संसदीय क्षेत्र उत्तर प्रदेश के लखनऊ में पांचवे चरण में 20 मई को और नितिन गडकरी के संसदीय क्षेत्र महाराष्ट्र के नागपुर में पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होगा।

### बंगाल में सात चरणों में होगा मतदान

पश्चिम बंगाल में पहले और दूसरे चरण में 19 अप्रैल और 26 अप्रैल को तीन-तीन निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान होगा ये सभी उत्तर बंगाल में हैं। कूच बिहार, अलीपुरद्वार और जलपाईगुड़ी में 19 अप्रैल को मतदान होगा। वहीं रायगंज, बालुरघाट और दार्जिलिंग में 26 अप्रैल को मतदान होगा। तीसरे चरण में 7 मई को चार निर्वाचन क्षेत्रों - मालदा (उत्तर), मालदा (दक्षिण), मुर्शिदाबाद और जंगीपुर में मतदान होगा। चूंकि सभी चार सीटें आसपास हैं, इसलिए मतदान क्षेत्रों में सीएपीएफ की भारी तैनाती सुनिश्चित की जा सकती है। 13 मई को चौथे चरण में आठ निर्वाचन क्षेत्रों - बहरामपुर, कृष्णानगर, राणाघाट, बोलपुर, बीरभूम, बर्धमान-पूर्व, बर्धमान-दुर्गापुर और आसनसोल - में मतदान होगा, जो दक्षिण बंगाल के तीन जिलों को कवर करेंगे।

**पाँचवें चरण में सात सीटों** - श्रीरामपुर, बैरकपुर, हुगली, बनगांव, हावड़ा, उलुबेरिया और आरामबाग - पर 20 मई को मतदान होगा।

छठे चरण के मतदान में 25 मई को आठ निर्वाचन क्षेत्रों - पुरुलिया, बांकुरा, मेदिनीपुर, कांथी, तमलुक, घाटल, झाड़ग्राम और बिष्णुपुर - में मतदान होगा।

सातवें और अंतिम चरण के मतदान में 1 जून को नौ निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान होगा, जिनमें कोलकाता (दक्षिण), कोलकाता (उत्तर), जादवपुर, जयनगर, बशीरहाट, बारासात, मथुरापुर, डायमंड हार्बर और दम दम शामिल हैं।

### तमिलनाडु में एक ही चरण में 19 अप्रैल को मतदान

चुनाव आयोग ने शनिवार को लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया। पूरे देश में लोकसभा चुनाव सात चरणों में होने हैं। वहीं तमिलनाडु में 19 अप्रैल को एक ही चरण में लोकसभा चुनाव कराए जाएंगे।

### महाराष्ट्र में 19 अप्रैल से 20 मई तक पांच चरणों में होगा मतदान

पहले चरण में 19 अप्रैल को पाँच संसदीय सीटों रामटेक, नागपुर, भंडारा-गोंदिया, गढ़चिरौली-चिमूर और चंद्रपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान होगा। दूसरे चरण में 26 अप्रैल को आठ सीटों - बुलढाणा, अकोला, अमरावती, वर्धा, यवतमाल-वाशिम, हिंगोली, नांदेड़ और परभणी में मतदान होगा।

तीसरे चरण का मतदान 7 मई को 11 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में होगा। इसमें रायगढ़, बारामती, उस्मानाबाद, लातूर, सोलापुर, माधा, सांगली, सतारा, रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग, कोल्हापुर और हटकनंगले शामिल हैं।

चौथे चरण में 13 मई को 11 सीटों - नंदुरबार, जलगाँव, रावेर, जालना, औरंगाबाद (छत्रपति संभाजीनगर), मावल, पुणे, शिरूर, अहमदनगर, शिरडी और बीड में मतदान होगा।

अंतिम चरण का मतदान 20 मई को 13 सीटों - धुले, डिंडोरी, नासिक, पालघर, भिवंडी, कल्याण, ठाणे, मुंबई उत्तर, मुंबई उत्तर पश्चिम, मुंबई उत्तर पूर्व, मुंबई उत्तर मध्य, मुंबई दक्षिण मध्य और मुंबई दक्षिण - पर होगा।

### केरल की सभी 20 लोकसभा सीटों पर 26 अप्रैल को मतदान

केरल में सभी 20 लोकसभा सीटों के लिए 26 अप्रैल को एक साथ मतदान होगा। केरल आम चुनाव के सात चरणों में से दूसरे चरण में शामिल है। देश की सभी 543 सीटों पर वोटों की गिनती 4 जून को एक साथ होगी।

### छत्तीसगढ़ की 11 सीटों के लिए तीन चरण में मतदान

छत्तीसगढ की 11 लोकसभा सीटों के लिए तीन चरणों में वोट डाले जाएंगे। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए गए कार्यक्रम के अनुसार पहले चरण में 19 अप्रैल को राज्य के नक्सल प्रभावित इलाके बस्तर संसदीय क्षेत्र में वोट डाले जाएंगे।

दूसरे चरण में 26 अप्रैल को तीन संसदीय क्षेत्र राजनांदगांव, महासमुंद और कांकेर में मतदान होगा। तीसरे चरण में 7 मई को सात संसदीय क्षेत्र में मतदान होना है। इनमें सरगुजा, रायगढ़, जांजगीर चांपा, कोरबा, बिलासपुर, दुर्ग और रायपुर शामिल हैं।

### बिहार में 7 चरणों में मतदान, किस जिले में कब होगा इलेक्शन जानिये

पटना। लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। देश में 7 चरणों में लोकसभा चुनाव होगा। पहला चरण 19 अप्रैल, दूसरा चरण 26 अप्रैल, तीसरा चरण 7 मई, चौथा चरण 13 मई, पांचवा चरण 20 मई, छठा चरण 25 मई और सातवें चरण का मतदान 01 जून को होगा। वही 4 जून को काउंटिंग होगी। पहले चरण 19 अप्रैल को औरंगाबाद, गया, नवादा, जमुई में चुनाव होगा। सेकंड फेज 26 अप्रैल को किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया, भागलपुर, बांका में चुनाव होगा। तीसरे चरण का मतदान 7 मई को होगा इस दिन झंझारपुर, सुपौल, अररिया, मधेपुरा, खगड़िया में मतदान होगा। वही चौथा चरण 13 मई को दरभंगा, उजियारपुर, समस्तीपुर, बेगूसराय, मुंगेर और पांचवा चरण 20 मई को सीतामढ़ी, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, सारण, हाजीपुर में चुनाव होगा। वही छठे चरण 25 मई को वाल्मीकि नगर, पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, शिवहर, वैशाली, गोपालगंज, महाराजगंज, सीवान जबकि सबसे अंतिम फेज सातवें चरण में 01जून को नालंदा, पटना साहिब, पाटलिपुत्र, आरा, बक्सर, सासाराम, काराकाट, जहानाबाद में मतदान होगा।

मुख्य चुनाव आयुक्त ने देश के मतदाताओं से वोट करने की अपील की। उन्होंने कहा कि हर चुनाव चुनौतियों भरा होता है लेकिन हमारी टीम चुनाव के लिए तैयार है। राजनीतिक दलों के एडवाइजरी जारी की गयी है। नफरती भाषणों पर रोक लगाई जाएगी। चुनाव प्रचार में भाषा पर संयम रखने की बात कही गयी। विरोधियों के खिलाफ अपशब्द का उपयोग नहीं करना होगा। उन्होंने कहा कि सबसे बड़े लोकतंत्र के चुनाव के लिए हम तैयार है।

### झारखंड में चार चरणों में चुनाव, 13, 20, 25 मई और 1 जून को मतदान

झारखंड में लोकसभा की 14 सीटों के लिए चार चरणों में 13 मई, 20 मई, 25 मई और 1 जून को वोट डाले जाएंगे। चुनाव आयोग की ओर से जारी शेड्यूल के अनुसार, राज्य में सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू सीट पर 13 मई, चतरा, कोडरमा और हजारीबाग सीट पर 20 मई, गिरिडीह, धनबाद, रांची और जमशेदपुर सीट पर 25 मई के अलावा राजमहल, दुमका, गोड्डा सीट पर 1 जून को मतदान होगा। चुनाव नतीजों की घोषणा 4 जून को होगी। देश में सात फेज में चुनाव होंगे। लेकिन, शुरुआत के तीन फेज में झारखंड में किसी सीट पर वोटिंग नहीं होगी। वर्ष 2019 में भी झारखंड में चार फेज में वोटिंग हुई थी। लोकसभा चुनाव के साथ झारखंड की गांडेय विधानसभा सीट पर उपचुनाव भी होगा। पांचवें फेज में 20 मई की वोटिंग के दौरान गांडेय में उपचुनाव के लिए भी वोट डाले जाएंगे। जेएमएम विधायक सरफराज अहमद के जनवरी महीने में इस्तीफे के बाद गांडेय सीट खाली हुई है।

### दिल्ली की सभी सात सीटों पर छठे चरण में 25 मई को मतदान

देश में 19 अप्रैल से 1 जून तक सात चरणों में मतदान होगा। छठे चरण में 25 मई को दिल्ली की सभी सात सीटों पर वोट डाले जायेंगे। राष्ट्रीय राजधानी के सात संसदीय क्षेत्रों - चांदनी चौक, उत्तर पूर्वी दिल्ली, पूर्वी दिल्ली, नई दिल्ली, उत्तर पश्चिम दिल्ली, पश्चिमी दिल्ली और दक्षिणी दिल्ली में एक साथ 25 मई को मतदान होगा। दिल्ली में कुल 1.47 करोड़ मतदाता हैं जिनमें 67.5 लाख महिलाएँ और 80.09 लाख पुरुष हैं।

## यूपी की 80 सीटों पर सात चरणों में होंगे मतदान

चुनाव आयोग ने 18वीं लोकसभा के लिए चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी। यूपी में 80 लोकसभा सीटों पर सात चरण में मतदान होगा। 19 अप्रैल को पहले चरण का मतदान होगा। चार जून को लोकसभा चुनाव के नतीजे आएंगे। तारीखों का एलान होने के साथ ही देश में आचार संहिता लागू हो गई है। भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने शनिवार को दिल्ली में एक प्रेस कांफ्रेंस में चुनाव कार्यक्रमों की घोषणा की।

चुनाव आयोग से मिले कार्यक्रम के अनुसार, 19 अप्रैल को पहले चरण का मतदान होगा, इसमें सहारनपुर, कैराना, मुज्जफनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद, पीलीभीत, रामपुर शामिल हैं।

26 अप्रैल को दूसरे चरण का मतदान होगा। इसमें अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा शामिल है।

तीसरे चरण के लिए सात मई को वोट डाले जायेंगे। इसमें संभल, हाथरस, आगरा, फतेहपुर सिकरी, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, बदायूं, ओनला, बरेली शामिल है।

चौथे चरण के लिए 13 मई को मतदान होंगे। इसमें शाहजहांपुर, फेरी, दौरा, सीतापुर, हरदोई, मिसरिख, उन्नाव, फर्रुखाबाद, इटावा, कन्नौज, कानपुर, अकबरपुर, बहराइच शामिल है।

20 मई को पांचवे चरण में मोहनलाल गंज, लखनऊ, राय बरेली, अमेठी, जालौन, झांसी, हमीरपुर, बांदा, फतेहपुर, कौशांबी, बाराबंकी, फैजाबाद, कैसरगंज, गोंडा में वोटिंग होगी।

छठे चरण के लिए 25 मई को सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर, प्रयागराज, अंबेडकरनगर, श्ववस्ती, डुमरियांगंज, बस्ती, संत कबीरनगर, लालगंज, आजमगढ़, जौनपुर, मछली शहर, भदोही में मतदान होगा।

एक जून को सातवें चरण के लिए मतदान होगा। इसमें महाराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, वंशगांव, घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मीरजापुर, रॉबर्ट्सगंज में वोट डाले जायेंगे।

## जम्मू-कश्मीर में लोकसभा के तुरंत बाद होंगे विधानसभा चुनाव

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने बताया कि जम्मू-कश्मीर विधानसभा के चुनाव लोकसभा के तुरंत बाद कराये जायेंगे। दोनों चुनाव साथ नहीं कराने की प्रमुख वजह पर्याप्त सुरक्षा बलों की कमी है। लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा के बाद मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि सभी राजनीतिक दलों ने केंद्र शासित प्रदेश में दोनों चुनाव साथ-साथ कराने का अनुरोध किया था, लेकिन सभी प्रशासनिक मशीनरी ने कहा कि यह संभव नहीं है क्योंकि विधानसभा में उम्मीदवारों की संख्या काफी ज्यादा होगी। इतनी बड़ी संख्या में उम्मीदवारों को सुरक्षा देने के लिए लोकसभा चुनाव के समय पर्याप्त सुरक्षाबल उपलब्ध नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि यदि हर 90 विधानसभा सीटों पर 10-12 उम्मीदवार भी खड़े होते हैं तो करीब 1,000 उम्मीदवार होंगे। सुरक्षा के लिए करीब 450-500 जवानों की 1,000 कंपनियों की जरूरत होगी। उन्होंने कहा कि 'लोकसभा चुनाव के तुरंत बाद जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव कराये जायेंगे' क्योंकि तब सुरक्षा बल उपलब्ध हो जायेंगे। राजीव कुमार ने कहा कि जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम में 107 विधानसभा सीटों का प्रावधान था, जिसमें 24 पीओके के लिए आरक्षित थे। बाद में डिलिमिटेशन में सीटों की संख्या बढ़ाकर पीओके की 24 सीटों के साथ 114 कर दी गई। इसके अनुरूप जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम में संशोधन दिसंबर 2023 में किया गया। इसलिए पहले वहां चुनाव नहीं कराये जा सके। मुख्य चुनाव आयुक्त ने बताया कि प्रदेश में लोकसभा की पांच सीटों के लिए के चुनाव पांच चरणों में कराये जायेंगे।

**सार संक्षेप**

### असम में आप को झटका, दो नेता भाजपा में शामिल

**गुवाहाटी।** असम में आम आदमी पार्टी को शनिवार को बड़ा झटका लगा। आप के दो नेता पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए। असम में आप के उपाध्यक्ष रहे जितुल डेका ने अपना इस्तीफा प्रदेश अध्यक्ष भाबेन चौधरी को भेजा। जितुल डेका ने इस्तीफे में लिखा, 'कुछ विशेष कारणों से मैं असम में आप के सभी पदों और प्राथमिक सदस्यता से अपना इस्तीफा दे रहा हूं।' राज्य में आप के प्रवक्ता रहे सुशांत कुमार नाथ ने भी पार्टी से इस्तीफा दे दिया। डेका और नाथ दोनों गुवाहाटी में राज्य मुख्यालय में भाजपा में शामिल हुए।

### लोकसभा चुनाव की घोषणा के कुछ घंटे पहले झारखंड कैबिनेट ने लिए 53 फैसले, स्कूली बच्चों को नि:शुल्क बैग

**रांची।** लोकसभा चुनाव की घोषणा के करीब तीन घंटे पहले झारखंड में मुख्यमंत्री चंपई सोरेन की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट की बैठक में कई निर्णयों पर मुहर लगी है। सरकार नि:शुल्क विद्यालय योजना के तहत सरकारी स्कूलों में कक्षा 1 से 8 तक के 37.7 लाख बच्चों को नि:शुल्क स्कूल बैग उपलब्ध कराएगी। इस योजना पर 57 करोड़ खर्च होंगे। सरकार ने जरूरतमंद महिलाओं को नि:शुल्क सैनिटरी नैपकिन उपलब्ध कराने की योजना भी मंजूर की है। कैबिनेट ने कुल 53 प्रस्तावों पर मुहर लगाते हुए अलग-अलग जिलों में विभिन्न विकास योजनाओं के लिए करीब 700 करोड़ से भी अधिक की राशि की स्वीकृति दी है। साहेबगंज मेगा जलापूर्ति योजना के लिए 200 करोड़, रांची के अनगड़ा में पुल के लिए 112 करोड़, किसान समृद्धि योजना के लिए 80 करोड़, पांकी में ग्रामीण जलापूर्ति योजना के लिए 53 करोड़, दुमका-मोहनपुर पथ के लिए 77 करोड़, गढ़वा के चकला पथ के लिए 69 करोड़, बेरमो में बाइपास रोड के लिए 90 करोड़, देवीपुर में ग्रामीण जलापूर्ति योजना के लिए 37 करोड़ की योजनाओं को कैबिनेट ने मंजूर किया है।

## वाईएसआरसीपी ने आंध्र प्रदेश की 175 विधानसभा, 24 लोकसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की

**अमरावती**, 16 मार्च (एजेंसियां)। वाईएसआर कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) ने शनिवार को आंध्र प्रदेश की सभी 175 विधानसभा सीटों और 24 लोकसभा सीटो के लिए उम्मीदवारों की घोषणा कर दी। खास बात यह है कि अधिकांश मौजूदा सांसदों का टिकट कट गया है। वाईएसआरसीपी के अध्यक्ष और मुख्यमंत्री वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी ने कडप्पा जिले के इडुपुलापाया में अपने दिवंगत पिता और पूर्व मुख्यमंत्री वाई.एस. राजशेखर रेड्डी को श्रद्धांजलि देने के बाद उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। सत्तारूढ़ दल ने केवल अनाकापल्ली लोकसभा सीट के लिए घोषणा को लंबित रखा है। वाईएसआरसीपी का, जिसने 2019 में 151 विधानसभा और 22 लोकसभा सीटें हासिल की थीं, इस बार टीडीपी-भाजपा-जेएसपी गठबंधन के साथ सीधा मुकाबला है। सात मौजूदा सांसदों को छोड़कर, वाईएसआरसीपी ने या तो बाकी को हटा दिया है या उन्हें विधानसभा के लिए टिकट दिया है। इसी तरह, पार्टी ने 60 से अधिक मौजूदा विधायकों को हटा दिया है या उन्हें लोकसभा चुनाव में उतार दिया है या उनकी विधानसभा सीटें बदल दी हैं। जगन मोहन रेड्डी ने, जो पुलिवेंदुला विधानसभा क्षेत्र से फिर से चुनाव लड़ रहे हैं, मीडियाकर्मियों से कहा कि उन्हें खुशी है कि वाईएसआरसीपी ने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ी जाति और अल्पसंख्यकों को 50 प्रतिशत टिकट आवंटित करके टिकट वितरण में सामाजिक न्याय सुनिश्चित किया है। उन्होंने इसे आँध्र प्रदेश की राजनीति में एक ऐतिहासिक घटनाक्रम बताया। पार्टी ने कहा, 200 सीटों (एमएलए प्लस एमपी) में से 50 फीसदी सीटें (84 एमएलए, 16 एमपी) बीसी/एससी/एसटी/अल्पसंख्यक समुदायों को दी गई हैं।

## सीएम नीतीश ने मंत्रियों के विभागों का किया बंटवारा

**पटना**, 16 मार्च (देशबन्धु)। बिहार सरकार में नवनियुक्त मंत्रियों को उनके विभागों का बंटवारा हो गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहित कुल मंत्रिमंडल में शामिल 30 मंत्रियों को में विभागों का बंटवारा किया गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पास सामान्य प्रशासन, गृह, मंत्रिमंडल सचिवालय, निगरानी, निर्वाचन और ऐसे सभी विभाग जो किसी को आवंटित नहीं है। वहीं उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के पास वित्त, वाणिज्य-कर, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा के पास पथ निर्माण, खान एवं भूतत्व और कला, संस्कृति एवं युवा विभाग का जिम्मा होगा। विजय कुमार चौधरी के पास जल संसाधन, संसदीय कार्य, बिजेन्द्र प्रसाद यादव के पास ऊर्जा, योजना एवं विकास डा0 प्रेम कुमारके पास सहकारिता, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन, श्रवण कुमार के पास ग्रामीण विकास, संतोष कुमार सुमन के पास सूचना प्रावैधिकी, लघु जल संसाधन और आपदा प्रबंधन, सुमित कुमार सिंह को विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा, रेणु देवी को पशु एवं मत्स्य संसाधन, मंगल पाण्डे फिर से स्वास्थ्य एवं कृषि विभाग देखेंगे। वहीं नीरज कुमार सिंह लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण, अशोक चौधरी ग्रामीण कार्य, लेशी सिंह खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण और मदन सहनी को समाज कल्याण विभाग का जिम्मा दिया गया है। नीतीश मिश्रा को उद्योग एवं पर्यटन, नीतीन नवीन को नगर विकास एवं आवास एवं विधि, डॉ0 दिलीप कुमार जायसवाल को राजस्व एवं भूमि सुधार, महेश्वर हजारी को सूचना एवं जन-संपर्क, शीला कुमारी को परिवहन, सुनील कुमार को शिक्षा, जनक राम को अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण, हरी सहनी को पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण, कृष्णनंदन पासवान को गन्ना उद्योग, जयन्त राज को भवन निर्माण, मो0 जमा खान को अल्पसंख्यक कल्याण, रत्नेश सादा को मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन, केदार प्रसाद गुप्ता को पंचायती राज, सुरेन्द्र मेहता को खेल और संतोष कुमार सिंह को श्रम संसाधन विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। एक दिन पहले ही नीतीश मंत्रिमंडल का विस्तार हुआ था और रेणु देवी, मंगल पाण्डेय, नीरज कुमार सिंह, अशोक चौधरी, लेशी सिंह, मदन सहनी, नीतीश मिश्रा, नितिन नवीन, डॉ0 दिलीप कुमार जायसवाल, महेश्वर हजारी, शीला कुमारी, सुनील कुमार, जनक राम, हरि सहनी, कृष्णनंदन पासवान, जयंत राज, मो0 जमा खान, रत्नेश सादा, केदार प्रसाद गुप्ता, सुरेंद्र मेहता एवं संतोष कुमार सिंह को मंत्री के रूप में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई थी।



30 मंत्रियों में विभागों का बंटवारा किया गया

## राजस्थान में आरएलपी नेता उम्मेदाराम बेनीवाल कांग्रेस में शामिल



**जयपुर**, 16 मार्च (एजेंसियां)। उम्मेदाराम बेनीवाल राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) से इस्तीफा देकर शनिवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। वह पार्टी मुख्यालय में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा की मौजूदगी में कांग्रेस में शामिल हुए। उम्मेदाराम आरएलपी उम्मीदवार के रूप में बाड़मेर के बायतू निर्वाचन क्षेत्र से दो बार विधानसभा चुनाव लड़ चुके हैं। राज्य कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, 'उम्मेदाराम बेनीवाल जननेता हैं। उनके समर्थकों की बड़ी संख्या है। वह किसान समुदाय से आते हैं और अपनी जड़ों से जुड़े हुए हैं।' उन्होंने कहा, 'मुझे पूरा भरोसा है कि आपके आने से कांग्रेस पार्टी मजबूत होगी। किसानों, दलितों और कमजोर वर्गों के मुद्दों को मजबूती मिलेगी।' पार्टी सूत्रों ने कहा कि दिसंबर 2023 में हुए चुनाव में उम्मेदाराम बेनीवाल बायतू विधानसभा सीट पर कांग्रेस विधायक हरीश चौधरी से केवल 910 वोटों से हार गए थे। उम्मेदाराम के कांग्रेस में शामिल होने से बाड़मेर जिले के राजनीतिक समीकरण बदल जाएंगे। उम्मेदाराम बाड़मेर में हनुमान बेनीवाल की पार्टी आरएलपी का प्रमुख चेहरा थे। कांग्रेस उन्हें बाड़मेर से लोकसभा टिकट दे सकती है।

इससे पहले, कांग्रेस की योजना आरएलपी के साथ गठबंधन करने की थी। हालांकि, हरीश चौधरी और कई नेताओं ने आरएलपी के साथ गठबंधन के खिलाफ बाड़मेर में विरोध प्रदर्शन किया। अब कांग्रेस ने बाड़मेर में आरएलपी से गठबंधन करने के बजाय उसके संभावित लोकसभा उम्मीदवार को कांग्रेस में शामिल कर लिया।

**राजनीति** | *पंजाब में 1 जून को मतदान*

## लोकसभा चुनाव में निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं किसान

**चंडीगढ़, 16 मार्च (एजेंसियां)। कृषि प्रधान पंजाब की सभी 13 लोकसभा सीटों पर सातवें और आखिरी चरण में 1 जून को मतदान होगा। राज्य में, जहाँ अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग की आबादी 55 फीसदी है, धर्म और किसानों तथा खेत मजदूरों के मुद्दे इस चतुष्कोणीय मुकाबले में निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं।**

इन अटकलों के बीच कि एक समय के पारंपरिक गठबंधन सहयोगी - शिरोमणि अकाली दल (शिअद) और भाजपा - चुनाव से पहले हाथ मिला सकते हैं, राज्य में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) आत्मविश्वास से लबरेज है और बिना किसी गठबंधन के अकेले चुनाव लड़ रही है। विपक्ष के 'इंडिया' गुट ने पहली सूची में आठ उम्मीदवारों के नामों की घोषणा पहले ही कर दी है। कांग्रेस, जो 2022 के विधानसभा चुनावों में अपमानजनक हार का सामना करने के बाद अभी तक सदमे से बाहर नहीं आ पाई है, उसे वरिष्ठ नेताओं के बाहर होने के अलावा, राज्य इकाई के भीतर संघर्ष का सामना करना पड़ रहा है।



राजनीतिक पर्यवेक्षकों ने बताया कि अगर अकाली दल और भाजपा के बीच कोई चुनाव पूर्व गठबंधन नहीं होता है, तो आप, भाजपा, शिअद और कांग्रेस के बीच चतुष्कोणीय मुकाबला होगा। बहुजन समाज पार्टी (बसपा), और कट्टरपंथी शिरोमणि अकाली दल-अमृतसर (शिअद-अ) - जिसके सिमरनजीत सिंह मान संगरूर सीट से मौजूदा सांसद हैं - भी उम्मीदवार उतार सकते हैं। बसपा ने अकाली दल पर भारतीय जनता पार्टी के साथ गठबंधन का आरोप लगाते हुए उसके साथ अपना गठबंधन खत्म करने की घोषणा की है। इस बीच, आप ने जिन उम्मीदवारों को टिकट दिया है, वे सभी मौजूदा विधायक हैं, जिनमें ज्यादातर मंत्री हैं। दिल्ली की तर्ज पर पंजाब में भी पार्टी ने ज्यादातर विधायकों को मैदान में उतारा है।

आम आदमी पार्टी ने पंजाब के जिन मंत्रियों को लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवार घोषित किया है, उनमें अमृतसर से मौजूदा मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल, खडूर साहिब से लालजीत सिंह भुल्लर, बठिंडा से गुरुमीत सिंह खुड्डिया, संगरूर से गुरुमीत सिंह मीत हेयर और पटियाला से डॉ. बलबीर सिंह शामिल हैं। पिछले लोकसभा चुनावों में कॉंग्रेस ने आठ सीटें जीती थीं जबकि एनडीए - जिसमें भाजपा और शिअद शामिल थे - ने चार सीटें और आप ने एक सीट जीती थी। राज्य की 13 सीटों में से चार अनुसूचित जाति के उम्मीदवारों के लिए आरक्षित हैं, जबकि बाकी सीटें अनारक्षित हैं।

भाजपा नेता और दो बार के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिन्दर सिंह अपनी पार्टी के अकाली दल के साथ गठबंधन के पक्ष में हैं, जो कभी भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) का लंबे समय तक साथी रहा था।

उल्टा पुल्टा

पति : तुम्हारे पापा मानते क्यों नहीं ? जले पर नमक छिड़कने की आदत गई नहीं अब तक उनकी।
पत्नी : क्यों क्या हुआ ?
पति : आज फिर से पूछ रहे थे कि मेरी बेटी से शादी करके खुश तो हो न ?

# दिल्ली में 1.47 लाख युवा पहली बार डालेंगे वोट

■ राजधानी की सभी 7 लोकसभा सीटों के लिए 25 मई को होगा मतदान



**नई दिल्ली,** 16 मार्च (देशबन्धु)। देश की राजधानी दिल्ली में छठे चरण में 25 मई को लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होंगे। इस दिन दिल्ली में 1 करोड़ 47 लाख 18 हजार 119 मतदाता सांसदों के भाग्य विधाता बनेंगे। इसमें 79 लाख 86 हजार 572 पुरुष और 67 लाख 30 हजार 371 महिला मतदाता हैं। वहीं, 1,176 थर्ड जेंडर मतदाता हैं। 15 हजार से अधिक बूथ बनाए गए हैं। दिल्ली में लोकसभा की कुल सात सीटें हैं। इस बार देश में 543 सीटों पर लोकसभा चुनाव कुल सात चरणों में होगा। 19 अप्रैल से मतदान का पहला चरण शुरू होगा। उधर, मतदाताओं की सूची में इस बार 1 लाख 47 हजार 74 मतदाता ऐसे हैं, जिनकी उम्र 18 से 19 साल के बीच है। ये मतदाता पहली बार लोकसभा चुनाव में मतदान करने जा रहे हैं। हर बार नए मतदाताओं में मतदान को लेकर गजब का उत्साह देखने को मिलता है। बता दें, दिल्ली में आम आदमी पार्टी चार और कांग्रेस तीन सीट पर मिलकर चुनाव लड़ रही है। वहीं, दूसरी ओर सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा ने अपने सभी सातों उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर दिया है।

### दिल्ली में उम्र के अनुसार मतदाताओं की संख्या

| उम्र | मतदाता | मतदाता ( प्रतिशत में ) |
|---|---|---|
| 18-19 | 1,47,074 | (0.99) |
| 20-29 | 24,19,998 | (16.44) |
| 30-39 | 40,78,227 | (27.70) |
| 40-49 | 34,40,409 | (23.37) |
| 50-59 | 23,26,170 | (15.80) |
| 60-69 | 13,10,162 | (8.90) |
| 70-79 | 7,32,299 | (4.97) |
| 80 | 2,63,780 | (1.79) |
| कुल | 1,47,18,119 | (100) |

### 15 हजार से अधिक बूथ पर होगा मतदान

दिल्ली में 15 हजार से अधिक मतदान के बूथ बनाए जाएंगे। जहां पर सातों लोकसभा सीट के लिए मतदाता मतदान करेंगे। सभी मतदान केंद्रों पर पर्याप्त लाइट, पेयजल, टायलेट, साइनेज, हेल्पडेस्क, दिव्यांगों के लिए हेल्पर, व्हीलचेयर आदि की व्यवस्था होगी, जिससे की मतदाताओं को किसी भी तरह की असुविधा न हो। सभी जिलों में कंट्रोल रूम बनाए जाएंगे। जहां से निष्पक्ष मतदान कराने के लिए मॉनिटरिंग भी कराई जाएगी।

- नोटिफिकेशन जारी होने की तारीख - 29 अप्रैल
- नामांकन दाखिल करने की अंतिम तारीख - 6 मई
- नामांकन वापस लेने की अंतिम तारीख - 9 मई
- मतदान की तारीख-25 मई
- मतगणना की तारीख - 4 जून

# रेहड़ी-पटरी वालों को दुकान लगाने के लिए एमसीडी देगी जगह : केजरीवाल

**नई दिल्ली,** 16 मार्च (देशबन्धु)। दिल्ली नगर निगम की आप सरकार ने रेहड़ी पटरी वालों को इज्जत के साथ अपना काम करने के लिए बड़ा फैसला किया है। एमसीडी अब इनका सर्वे कराएगी और दुकान लगाने के लिए जगह देगी। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं सीएम अरविंद केजरीवाल ने दिल्लीवालों को यह खुशखबरी देते हुए बताया कि पूरी दिल्ली में सभी रेहड़ी-पटरी पर दुकान लगाने वालों का सर्वे कराया जाएगा और उनको दुकान लगाने के लिए अच्छी व्यवस्था की जाएगी। ये लोग भी हमारे भाई-बहन हैं और उनको अच्छी व्यवस्था देना हमारी जिम्मेदारी है, ताकि वो लोग भी इज्जत के साथ अपना काम कर सकें। इस सर्वे के बाद ये लोग बिना किसी परेशानी के अपनी दुकान लगा सकेंगे। इसके बाद पुलिस, कमेटी या अफसर उनको परेशान नहीं कर सकेंगे।

सीएम अरविंद केजरीवाल ने एक वीडियो जारी कर कहा कि जब से दिल्ली नगर निगम में आम आदमी पार्टी की सरकार बनी है, हम एक के बाद एक बड़े निर्णय ले रहे हैं। निगम की आप सरकार ने अब तक कई बड़े निर्णय लिए हैं और बहुत सारे काम किए हैं। अब निगम की आप सरकार ने एक और बड़ा निर्णय लिया है। दिल्ली के रेहड़ी-पटरी वाले सभी भाई-बहनों के लिए एक बड़ी खुशखबरी है। हम समझते हैं कि सड़क के किनारे रेहड़ी पटरी लगाकर काम करना कितना मुश्किल होता है। रेहड़ी पटरी वालों को कभी पुलिस परेशान करती है, कभी कमिटी तो कभी अफसर आकर परेशान करते हैं। हम चाहते हैं कि आपको इन सभी परेशानियों से छुटकारा मिले और इज्जत की जिंदगी मिले। रेहड़ी पटरी वाले भी इज्जत के साथ अपना काम कर सकें और अपनी दुकान लगा सकें।



निगम सभी रेहड़ी पटरी वालों का सर्वे कराएगा व दुकान लगाने के लिए अच्छी व्यवस्था की जाएगी : केजरीवाल

सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हमने निर्णय लिया है कि सभी रेहड़ी-पटरी की दुकानों का एक सर्वे कराया जाएगा। जहां पर रेहडी पटरी की दुकानें हैं, उनका सर्वे होगा कि कितने दुकानदार किस एरिया में हैं, कौन कहां बैठता है, किस-किस तरह की दुकानें लगती हैं। इसके बाद उनके लिए सम्मान जनक अपनी दुकान लगाने का इंतजाम करेंगे। इस सर्वे मे कुछ महीने लगेंगे। फिर वो अपनी दुकान बिना किसी परेशानी के लगा सकेंगे और उनसे कोई रिश्वत नहीं मांग सकेगा। साथ ही, पुलिस वाला, कमेटी वाला और अफसर उनको परेशान नहीं कर सकेगा।

उन्होंने कहा कि ऐसी व्यवस्था करेंगे कि आसपास की बाकी दुकान वालों को भी कोई परेशानी नहीं होगी, सफाई का भी ध्यान रखा जाएगा और तरकीब से सबको इस तरह बैठाया जाएगा, ताकि किसी को भी कोई परेशानी नहीं होगी। रेहड़ी पटरी पर काम करने वाले सब लोग हमारे अपने भाई बहन हैं। उनका ख्याल रखना हमारी जिम्मेदारी हैं।

## सार संक्षेप

### मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने की नए स्टोर की शुरुआत



**नई दिल्ली।** विश्व के छठे सबसे बडे ज्वेलरी ब्रांड मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने दिल्ली के चांदनी चौक में अपने नवीनतम स्टोर की शुरुआत की है । 7 2300 वर्ग फुट का यह भव्य स्टोर, दिल्ली एनसीआर में ब्रांड का 12वां और नार्थ रीजन में 29वां स्टोर है, जिसका वर्चुअल उद्घाटन मलाबार ग्रुप के चेयरमैन एम पी अहमद ने किया। उद्घाटन समारोह में प्रहलाद सिंह साहनी, दिल्ली विधान सभा के सदस्य उपस्थित थे। मलाबार ग्रुप के चेयरमैन एम पी अहमद ने इस मौके पर कहा कि चांदनी चौक में अपने स्टोर की शुरुआत करना हमारे लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। हमारा मानना है कि यह एक बड़ी उपलब्धि है जिससे नई दिल्ली के लोगों के साथ हमारा बॉन्ड और मजबूत होगा। इस स्टोर की शुरुआत से इस आकर्षक स्थान की चमक और बढ़ जाएगी। जैसा कि हमारा लक्ष्य नंबर वन ज्वेलरी ब्रांड बनना है। हम आप में से प्रत्येक के प्रति अपना आभार व्यक्त करते हैं।

### नोरा फतेही ने कल्याण ज्वैलर्स के दो नए शोरूम का किया उद्घाटन

**नई दिल्ली।** कल्याण ज्वैलर्स ने नई दिल्ली में कोहाट एन्क्लेव, पीतमपुरा और सेक्टर 7, रोहिणी में दो नए शोरूम लॉन्च किए। बॉलीवुड अभिनेत्री नोरा फतेही ने सभी नए शोरूमों का उद्घाटन किया। इन एकदम नए शोरूम में कल्याण ज्वैलर्स के विभिन्न कलेक्शन से डिजाइनों की एक विस्तृत रेंज पेश की गई है। इन शोरूमों में ग्राहकों को विश्व स्तरीय माहौल के साथ खरीदारी का एक शानदार अनुभव प्रदान करने वाली अत्याधुनिक सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। इस अवसर पर रोमांचित प्रशंसकों को संबोधित करते हुए बॉलीवुड स्टार नोरा फतेही ने कहा कि कल्याण ज्वैलर्स के शोरूम लॉन्च इवेंट का हिस्सा बनना वाकई एक सम्मान की बात है। मैं इस प्रतिष्ठित ब्रांड के साथ जुड़कर रोमांचित हूं, जिसने अपनी खास कोशिशों से भारत के आभूषण उद्योग में बार-बार क्रांति ला दी है। मुझे विश्वास है कि क्षेत्र के ग्राहक कंपनी के अनूठे आभूषण अनुभव का आनंद अवश्य उठाएंगे। कल्याण ज्वैलर्स के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर रमेश कल्याणरमन ने कहा कि नई दिल्ली में हमारे दो नए शोरूम की लॉन्चिंग हमारे लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के समान है। हम न केवल अपनी भौगोलिक पहुंच का विस्तार कर रहे हैं, बल्कि आभूषणों से जुड़े अपने अनूठे अनुभव को अधिक ग्राहकों तक भी पहुंचा रहे हैं। एक तरफ हम नई दिल्ली में इन दो नए शोरूमों की लॉन्चिंग का जश्न मना रहे हैं, और साथ ही हम अयोध्या में ग्लोबल स्तर पर अपने 250वें शोरूम की लॉन्चिंग का भी उत्सुकता से इंतजार कर रहे हैं।

### फर्जी जमानत आदेश बनाने वाले वकील के खिलाफ कार्रवाई का आदेश

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय में विचाराधीन कैदियों की सहायता के लिए नियुक्त एक वकील पर जालसाजी का आरोप सामने आया है। वकील ने कथित तौर पर एक फर्जी जमानत आदेश बनाया और प्रसारित किया है, जिसे कथित तौर पर उच्च न्यायालय ने कभी जारी किया ही नहीं था। इस घटना के सामने आने के बाद उच्च न्यायालय ने मामले की गहन जांच के लिए पुलिस शिकायत दर्ज करने का आदेश दिया है। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने घटना के बारे में जानकारी मिलने के बाद स्वतः संज्ञान लेते हुए मामला शुरू किया। अदालत को बताया गया कि वकील ने एक महिला आरोपी को फर्जी जमानत आदेश तैयार कर दिया, जिसे उसने जेल में मुलाकात के दौरान अपनी मॉं को सौंप दिया।




# मोदी सरकार ने किया 1078 फ्लैट आवंटन कर अपने वायदों को पूरा : वीरेन्द्र सचदेवा

**नई दिल्ली,** 16 मार्च (देशबन्धु)। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने शनिवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दिल्ली के अंदर जहां झुग्गी वहां मकान योजना के तहत हम कालकाजी में 3024 फ्लैट गरीब मजदूरों को पहले ही दे चुके हैं और यह खुशी की बात है कि जेलरवाला बाग जो चांदनी चौक लोकसभा में है, वहां 1078 फ्लैट तैयार करके आज उसकी अलाटमेंट लेटर दे दी गई है।

संवाददाता सम्मेलन में प्रदेश मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर के साथ मीडिया रिलेशन प्रमुख विक्रम मित्तल भी उपस्थित थे। कपूर ने कहा कि आज जेलर वाला बाग में फ्लैट आवंटन से यह स्थापित हो गया है की मोदी सरकार जो योजना शुरू करती है उसे अपने कार्यकाल में ही पूरा भी करती है। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि गोल्डन पार्क, रामपुरा, अशोक विहार इत्यादी मे भी झुग्गी झोपड़ियों में रहने वाले 1500 परिवारों को चिन्हित किया गया है जिन्हें फ्लैट का लाभ मिलेगा। आज जो 1078 फ्लैट दिए गए हैं इससे सीधे तौर पर 8500 लोगों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने जो कहा वह कर के दिखाया।




सचदेवा ने दिल्ली के उपराज्यपाल का आभार व्यक्त किया जिनके पूर्वी और उत्तर पूर्वी दिल्ली के कलान्दार कॉलोनी, दीपक कॉलोनी और दिलशाद कॉलोनी में रहने वाले 4000 लोगों के लिए भी जगह अलॉट कर दी गई है और जल्द ही उनके लिए भी मकान बनाने का काम मोदी सरकार करेगी।

# 'सेंटर ऑफ सुपरकंप्यूटिंग' का उद्घाटन समारोह आयोजित

**नई दिल्ली,** 16 मार्च (देशबन्धु)। काईट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, दिल्ली-एनसीआर, गाजियाबाद ने 'सेंटर ऑफ सुपरकंप्यूटिंग' का उद्घाटन समारोह आयोजित किया। जिसमें दुनिया का पहला 5 पेटाफ्लॉप्स AI सुपरकंप्यूटर NVIDIA DGX A 100 शामिल हुआ। सुपरकंप्यूटर, NVIDIA DGX A 100 के पीछे की यह अत्याधुनिक तकनीक विभिन्न विषयों में अनुसंधान और नवाचार को आगे बढ़ाने के लिए संस्थान की प्रतिबद्धता क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि है। यह केंद्र, उत्तर प्रदेश सरकार की एक पहल, 'स्टार्ट इन यूपी' नामक स्टार्ट-अप नीति द्वारा समर्थित है।

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि सुनील कुमार शर्मा - कैबिनेट मंत्री, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी, उत्तर प्रदेश सरकार, विशिष्ट अतिथि, संजीव शर्मा महानगर अध्यक्ष — भाजपा) और केशव त्यागी द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर हुआ। मौके पर अतुल गर्ग अध्यक्ष-गवर्निंग बोर्ड, काईट, सरीश अग्रवाल - अध्यक्ष- कृष्णा चैरिटेबल सोसाइटी, सुनील पी. गुप्ता - महासचिव, जीडी जैन, आदि नारायण गुप्ता, नीरज चौधरी और राकेश गोयल के साथ प्रभारी निदेशक - डॉ. अनिल अहलावत, संयुक्त निदेशक -डॉ. मनोज गोयल और अतिरिक्त निदेशक - डॉ. शैलेश तिवारी मौजूद रहे ।

सुनील कुमार शर्मा ने कहा कि मैं सुपरकंप्यूटिंग के इस केंद्र को शुरू करने के लिए संस्थान को बधाई देता हूं ।

# लक्ष्य हासिल करने के लिए एकजुट होकर चलने का समय : रविंद्र कुमार




अजित सिंह बने दिल्ली पूर्वाचल महापंचायत पार्टी अध्यक्ष

**नई दिल्ली,** 16 मार्च (देशबन्धु)। राजधानी में इस शनिवार को पूर्वांचल महापंचायत पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं की एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से अजित सिंह को दिल्ली का प्रदेश अध्यक्ष चुना गया। इस सभा का आयोजन अंतरिक्ष भवन, कस्तूरबा गांधी मार्ग पर स्थित पार्टी मुख्यालय में किया गया, जहां पार्टी के अध्यक्ष रविंद्र कुमार ने अजीत सिंह ने दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष के रूप में कार्यभार प्रदान किया। इस अवसर पर चुनाव कमेटी की बैठक का भी आयोजन किया गया। जिसके तहत दिल्ली से चुनाव में खड़े होने वाले सभी सात प्रत्याशियों के नाम पर भी मुहर लगी गई। पार्टी द्वारा इन सभी प्रत्याशियों के नामों के साथ-साथ अन्य राज्यों से चुनाव में खड़े होने वाले प्रत्याशियों के नामों की घोषणा 2-3 दिन में कर दी जाएगी।

इस मौके पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंद्र कुमार ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि अब पूरे उत्साह के साथ एकजुट होने का समय आ गया है क्योंकि इस बार हमारा लक्ष्य बहुत बड़ा है। इसलिए जोश में कोई कमी नहीं होनी चाहिए। इस बैठक में पूर्वांचल महापंचायत पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वाहिद बाबा खान, राष्ट्रीय महासचिव जितेंद्र कुमार, दिल्ली प्रदेश प्रभारी सुखविंदर सिंह के अलावा इस अवसर पर समाजिक कार्यकर्ता विजय लक्ष्मी पांडेय,एडवोकेट सुनीता सिंह सहित हजारों कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया।




■ नई दिल्ली भाजपा कार्यालय में भाजपा की सदस्यता ग्रहण करती मशहूर गायिका अनुराधा पौडवाल। फोटो : इम्तियाज खान

# 1500 करोड़ रुपए के फंड से किया जाएगा सड़कों का निर्माण : डॉ शैली ओबरॉय

**नई दिल्ली,** 16 मार्च (देशबन्धु)। दिल्ली की कालोनियों में जल्द टूटी सड़कों की समस्या का जल्द समाधान होगा। निगम की ओर से पहली बार बड़े स्तर पर कॉलोनी की सड़कों का निर्माण किया जाएगा। अभी तक मुख्यमंत्री सड़क योजना के तहत ही कॉलोनियों में सड़कों का निर्माण होता था। लेकिन पहली बार मेयर के फंड से दिल्ली में 3 हजार सड़कों का निर्माण किया जाएगा।

■ अभी तक मुख्यमंत्री सड़क योजना के तहत ही कॉलोनियों में होता था सड़कों का निर्माण

दिल्ली की मेयर डॉ शैली ओबरॉय ने राउस एवेन्यू स्थित पार्टी मुख्यालय में महत्वपूर्ण प्रेसवार्ता को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली नगर निगम में काबिज़ आम आदमी पार्टी की सरकार नागरिक सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। निगम के बजट में एक हज़ार करोड़ रुपए का बजट दिल्ली में सड़कों के निर्माण के लिए नियत किया गया था। मैं इस बात का वादा करती हूं कि इस एक हज़ार करोड़ और 500 करोड़ के मेयर फंड से पूरी दिल्ली में लगभग 3000 सड़कों का निर्माण किया जाएगा। दिल्ली कि तमाम गलियां, फ्रैंट लेन, बैक लेन बनाई जाएगी और किसी भी सड़क पर गड्ढे नज़र नहीं आएंगे।

उन्होंने कहा कि दिल्ली नगर निगम में आम आदमी पार्टी को सत्ता में आए लगभग 1 साल का समय हुआ है। इस एक साल में हमने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में विकासात्मक कार्यों पर अपना ध्यान केंद्रित किया है। हमने नए स्कूल, पार्क, मेटरनिटी सेंटर, पार्किंग स्थल बनाए और कई का शिलान्यास किया। हमने निगम कर्मचारियों को पक्का करने की प्रक्रिया शुरू की साथ ही नए जॉब के अवसर भी शुरू किए।

दिल्ली नगर निगम में काबिज़ आम आदमी पार्टी की सरकार नागरिक सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है : डॉ शैली ओबरॉय

### निगम में भाजपा ने 15 साल तक कुछ नहीं किया

मेयर डॉ शैली ओबरॉय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने दिल्ली नगर निगम में पिछले 15 सालों से कोई काम नहीं किया। उनकी मंशा आम आदमी पार्टी के काम में रोड़ा अटकाने की ही रही है। दिल्ली नगर निगम में स्थायी समिति का निर्माण नहीं होने दिया और निगम की सदन की बैठक को कभी भी शांतिपूर्ण तरीके से नहीं चलने दिया। भारतीय जनता पार्टी को यह समझना होगा कि आम आदमी पार्टी रुकने वाली नहीं है और विकास के एजेंडे पर लगातार कार्य करती रहेगी।

### बिना किसी योजना व बजट प्रावधान के सपने बेच रही महापौर : कपूर

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है कि अपने नेता अरविंद केजरीवाल की तरह दिल्ली की महापौर डॉ. शैली ओबेरॉय भी सपनों की सौदागर की तरह पिछले एक साल में बिना किसी योजना और बजट प्रावधान के सपने बेच रही हैं। मेयर ने कई परियोजनाओं का उद्घाटन करने का दावा किया लेकिन इन परियोजनाओं के प्रति उनका दावा खोखला है। दिल्ली बीजेपी प्रवक्ता ने कहा है कि बेशक वह कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करने के लिए भाग्यशाली रही हैं, जो 2020 से 2022 के बीच पूर्ववर्ती 3 बीजेपी प्रशासित एमसीडी द्वारा शुरू की गई थीं। इसलिए महापौर के दावे बहुत खोखले हैं, क्योंकि स्थायी समिति की अनुपस्थिति में विकास के लिए कोई धन उपलब्ध ही नहीं है। कपूर ने कहा है कि कई विकास परियोजनाएं स्थायी समिति की मंजूरी का इंतजार कर रही हैं, जिसके गठन को सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी ने अदालत में मामला दायर करके बाधित किया है। दिल्ली बीजेपी प्रवक्ता ने कहा है कि एमसीडी की 3000 सड़कों को 3000 करोड़ रुपए के बजट में बनाने का मेयर का दावा गलत है। 1000 करोड़ हास्यास्पद है।



महापौर ने जिन कार्यों का उद्घाटन करने का दावा किया, वे भाजपा के नेतृत्व वाली एमसीडी द्वारा शुरू किए गए थे : कपूर

### चूहे के साथ क्रूरता बरतने के आरोप में मुकदमा

**नई दिल्ली,** 16 मार्च (एजेंसियां)। दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के दो छात्रों के खिलाफ के चूहे के साथ क्रूरता बरतने के आरोप में उत्तरी जिले के शाहबाद डेरी थाने में पुलिस द्वारा प्राथमिकी दर्ज की गई है। इन छात्रों पर चूहे को फंसाने और उस पर खौलता पानी डालकर मारने का आरोप लगाया गया है। छात्रों द्वारा मजाक में जानवर का दाह संस्कार भी किया गया और उस वीडियो को एक्स पर पोस्ट कर दिया।

इसके बाद इस मामले में जानवरों की सुरक्षा के लिए कार्य कर रहे पशु-अधिकार संगठन पेटा की शिकायत के आधार पर 28 जनवरी को एफआईआर दर्ज की गई थी। संस्था की ओर से को-आर्डिनेटर और अधिवक्ता सुनयना बासु ने बताया कि जानवरों के साथ ऐसा व्यवहार देखने के बाद वीडियो के आधार पर शिकायत की गई। जिसके बाद एक्स से पोस्ट को हटा दिया गया है।

ON LINE AUCTION
Shankar Ramchandra
AUCTIONEERS (GOVERNMENT AUCTIONERS)
128, M.G. Road, Camp, Pune-1. PH.: 26340418
PUNE MUNICIPAL CORPORATION
[ENCROACHMENT DEPARTMENT]
On 21/03/2024 From 11:00 AM onwards on our website www.srauctioneers.co.in The following Scrap Material will be sold. Hand Carts/ Iron & Wooden Stall/ Iron & Wooden Counters/ Plastic Carat/ Tyres/Mix M S & SS / Umbrella / Hosiery/ HDPE Pipe/ etc. Inspection From 18/03/2024 To 20/03/2024 From 10:00 am to 5:00 Pm. At Various Godown - Kharadi, Yerwada Sangamwadi, Ghole Road, Dasara Chowk, Shubharambha [Handewadi], Magarpatta [Hadpsar]. Documents & Participation fee to be submitted at auctioneer's office by 20/03/2024 till 5 pm. Documents & cash will not be accepted on the day of auction. Handcarts & Stalls will be sold on only cutting condition. For more details visit our website.

उत्तर रेलवे
शुद्धिपत्र
संदर्भ : निविदा सूचना संख्या 92 / 2023–2024 दिनांक 09.02.2024. क्र.सं. 07 निविदा संख्या 77239055RGC खुलने की तिथि 21.03.2024
उपरोक्त संदर्भित निविदा की अनुबंध-एच से संबंधित वाणिज्यिक अनुपालन शर्त को निविदा से हटा दिया गया है। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।
शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है।
नोटः उपरोक्त संदर्भित निविदा में यह दूसरा शुद्धिपत्र है।
दिनांकः 15.03.2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 838/24

# कैपिटल ज़ोन

उवाच "

नगर आयुक्त के निर्देश के क्रम में आदर्श आचार संहिता लागू होने के उपरांत अभियान के रूप में अवैध तथा राजनैतिक होर्डिंग, बैनर, पोस्टर, वॉल पेंटिंग को हटाया गया। बड़े तथा छोटे सभी प्रकार के विज्ञापन को हटाया गया है। नगर आयुक्त द्वारा कार्रवाई के लिए अधिकारियों की टीम भी बनाई है जिसमें सभी जोन में कार्रवाई के लिए जोनल प्रभारी को जिम्मेदारी दी गई है।

**अरुण कुमार यादव अपर नगर आयुक्त**

## निगम ने अवैध विज्ञापन के खिलाफ चलाया अभियान

**गाजियाबाद,** 16 मार्च (देशबन्धु)। नगर निगम ने शनिवार को सीमा अवैध होर्डिंग हटाने का अभियान जोरो से चला। जिसमें राजनैतिक, होर्डिंग बैनर पोस्टर भी हटाए गए तथा वॉल पेंटिंग से भी राजनैतिक प्रचार को हटाया गया। नगर

**■ राजनैतिक होर्डिंग बैनर पोस्टर भी हटे, वॉल पेंटिंग मिटाई**

निगम की टीम जहां निरंतर अवैध विज्ञापन हटाने पर कार्य करती आ रही है वहीं नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश अनुसार आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद वृहद स्तर पर अभियान चलाते हुए राजनीतिक प्रचार प्रसार के लिए लगे होर्डिंग बैनर पोस्टर को भी हटाया गया। पांचो जोन में जोनल प्रभारी की टीम लगी रही, निर्माण विभाग द्वारा भी वृद्ध स्तर पर कार्रवाई की गई तथा वॉल पेंटिंग पर बने हुए राजनीतिक प्रचार को



हटाया गया उक्त कार्रवाई के लिए अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव को नोडल बनाया गया।

अरुण कुमार यादव अपर नगर आयुक्त ने बताया कि नगर आयुक्त के निर्देश के क्रम में आदर्श आचार संहिता लागू होने के उपरांत अभियान के रूप में अवैध तथा राजनैतिक होर्डिंग, बैनर, पोस्टर, वॉल पेंटिंग को हटाया गया। बड़े तथा छोटे सभी प्रकार के विज्ञापन को हटाया गया है। नगर आयुक्त द्वारा

**आदर्श आचार संहिता का हो अनुपालन, नजर न आए राजनैतिक व अवैध विज्ञापन : विक्रमादित्य सिंह मलिक**

कार्रवाई के लिए अधिकारियों की टीम भी बनाई है जिसमें सभी जोन में कार्रवाई के लिए जोनल प्रभारी को जिम्मेदारी दी गई है, तथा सहायक अधिशासी अभियंता निर्माण तथा अवर अभियंता निर्माण को भी दीवारों से पेंटिंग हटाने की जिम्मेदारी दी गई है।

नगर आयुक्त द्वारा चुनावी घोषणा के उपरांत शहर में आदर्श आचार संहिता के अनुपालन के क्रम में सभी संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश भी जारी किए हैं तथा गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत अभियान के रूप में कार्रवाई हो आदेश भी दिए गए हैं, निर्वाचन आयोग द्वारा दी गई गाइडलाइन पर कार्य करने के लिए टीम का भी गठन किया गया है।

## जीडीए के नवनियुक्त उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने पदभार संभाला

**गाजियाबाद,** 16 मार्च (देशबन्धु)। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) के नवनियुक्त

**■ शासन की प्राथमिकता होगी मेरी प्राथमिकता : अतुल वत्स**

उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने शनिवार को अपना पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में तेजी लाना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता ही उनकी भी प्राथमिकता होगी।

इससे पहले वह सुबह जीडीए कार्यालय पहुंचे और कार्यभार संभाला। इस दौरान जीडीए सचिव राजेश कुमार सिंह व अन्य अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। उत्तर प्रदेश शासन ने लोकसभा चुनाव से पहले आईएएस अधिकारी अतुल वत्स की जीडीए के पूर्णकालिक उपाध्यक्ष के रूप में की



है। इससे पहले वत्स अलीगढ़ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष थे।

शासन ने बीते 6 वर्षों से गाजियाबाद के जिलाधिकारी को ही जीडीए के वीसी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा हुआ था। पिछले डेढ़ माह से गाजियाबाद के जिलाधिकारी इंद्र विक्रम सिंह जीडीए के अतिरिक्त प्रभार की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। वर्ष 2016 में तत्कालीन जीडीए उपाध्यक्ष कंचन वर्मा स्टडी लीव पर विदेश गई थी, तब शासन ने तत्कालीन जिलाधिकारी रितु माहेश्वरी को जीडीए का अतिरिक्त प्रभार सौंपा था, जिसके बाद वर्ष 2017 में कंचन वर्मा वापस विदेश से वापस लौटी और उन्हें फिर से जीडीए उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। कंचन वर्मा के तबादले के बाद जीडीए उपाध्यक्ष का अतिरिक्त प्रभार तत्कालीन जिलाधिकारी रहे राकेश कुमार सिंह को सौंप दिया गया था। शासन द्वारा 30 जनवरी 2024 को गाजियाबाद डीएम राकेश कुमार सिंह का तबादला जिलाधिकारी कानपुर के पद पर किया गया था। राकेश कुमार सिंह के स्थान पर इंद्र विक्रम सिंह को गाजियाबाद का नया जिलाधिकारी नियुक्त किया गया था। तब शासन ने उन्हें जीडीए का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा था। पिछले डेढ़ माह से गाजियाबाद डीएम ही जीडीए उपाध्यक्ष का दायित्व संभाल रहे हैं।

अतुल वत्स वर्ष 2016 के आईएएस अधिकारी हैं। हरियाणा के बहादुरगढ़ जनपद में स्थित कुलासी गांव के मूल निवासी अतुल वत्स का परिवार वर्तमान में सोनीपत में रहता है। पिता सतीश कुमार आर्मी से रिटायर्ड हैं और कारगिल युद्ध में अपनी वीरता का लोहा मनवा चुके हैं। अतुल वत्स की शिक्षा हरियाणा के सैनिक स्कूल से हुई है। 12वीं कक्षा में उन्होंने 92 प्रतिशत अंक हासिल किए थे। उन्होंने आगे की शिक्षा चंडीगढ़ स्थित इंजीनियरिंग कॉलेज से की है। अतुल वत्स ने कॉलेज से बीटेक करने के बाद एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी की तलाश शुरु कर दी। जिसके बाद उन्हें जिंदल कंपनी में लाखों रुपए के पैकेज पर असिस्टेंट मैनेजर की नौकरी मिली। लेकिन उन्होंने वर्ष 2014 में नौकरी छोड़ यूपीएससी की तैयारी शुरू कर दी।

### सार संक्षेप

#### प्रमोद सिंह बने सेक्टर-126 थाना प्रभारी

**नोएडा।** कानून व्यवस्था को चाक-चौबंद करने के उद्देश्य से पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने शुक्रवार को थाना सेक्टर-126 के प्रभारी निरीक्षक को हटाकर उनकी जगह पर दूसरे थाना प्रभारी को तैनात किया है। थाने में तैनात निरीक्षक सुबोध कुमार को हटाकर उनकी जगह पर निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह को प्रभारी बनाया गया है। बताया जा रहा है कि वह वर्ष 2001 बैच के उपनिरीक्षक हैं। इससे पूर्व भी वह कई थानों में प्रभारी निरीक्षक रह चुके हैं। आचार संहिता लगने के पहले कई थाना प्रभारियों पर गाज गिरने की अटकलें थीं।

#### जमीन पर निर्माण कराने के दौरान धमकी दी

**नोएडा।** सोरखा में कुछ लोगों ने कंपनी की जमीन पर हो रहे निर्माण कार्यों को धमकी देकर रुकवा दिया। इसको लेकर कंपनी के अधिकारी ने सेक्टर 113 थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस को दी गई शिकायत में सिराजुद्दीन ने बताया कि वह अथर्व इंफ्रास्ट्रेक्चर कंपनी में काम करते हैं। उन्होंने बताया कि उनकी कंपनी ने सोरखा गांव में विवेक यादव की जमीन खरीदी थी। वह अपनी खरीदी हुई जमीन पर निर्माण कार्य करवा रहे थे। तभी राजीव यादव उनके भाई संजीव और ललित वहां पर आए। उन्होंने काम को रुकवाया और गाली गलौज कर उन लोगों से मारपीट की। इस दौरान आरोपी जान से मारने की धमकी देकर चले गए। इस मामले में राजीव यादव पक्ष की तरफ से भी थाना सेक्टर 113 में मुकदमा दर्ज है।

#### बाइक सवार बदमाशों ने युवती का फोन छीना

**नोएडा।** सेक्टर 126 में बाइक सवार बदमाशों ने एक युवती का मोबाइल फोन छीन लिया। पीड़िता ने इसकी शिकायत सेक्टर 126 थाने में दी है। पुलिस को दी गई शिकायत में दिल्ली के मीठापुर बदरपुर के रहने वाली कशिश ने बताया कि वह 11 मार्च को शाम 6 बजे करीब एम 3 एम कंपनी के पास से गुजर रही थी। तभी बाइक पर सवार होकर आए अज्ञात बदमाशों ने उनका मोबाइल फोन छीन लिया। घटना के बाद उन्होंने काफी दूर तक बदमाशों का पीछा किया। लेकिन वह लोग काफी दूर निकल चुके थे। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में युवती की गई शिकायत दर्ज कर ली गई है। पुलिस की घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच कर रही है।

#### नर्स पर महिला ने लगाया गहने चोरी करने का आरोप

**नोएडा।** बीमार मां की देखभाल करने आई नर्स पर चोरी करने का शक जाहिर करते हुए एक महिला ने सेक्टर-113 थाने में केस दर्ज कराया है। शक के आधार पर पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। इलाइट गोल्फ गार्डन सोसाइटी निवासी गंगा कक्कड़ ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी मां की तबीयत खराब है। मां की देखभाल के लिए गंगा ने बबीता नामक नर्स को बुलाया था। शिकायतकर्ता के अनुसार चार मार्च को बबीता काम करके घर से गई। उसके बाद वापस नहीं आई। उन्होंने जब उसे फोन किया तो उसने बताया कि उसकी तबीयत खराब है और वह दिल्ली के एक अस्पताल आई हुई है। कुछ समय बाद लॉकर खोलने पर गंगा को पता चला कि उसमें रखा गले का सोने का हार, कान की बाली, गले की सोने की चेन, हाथ के सोने के कड़े, 15 महिला पुरुष अंगुठी, टॉप्स, सोने का टुकड़ा तथा 22 हजार रुपए नगद गायब है।

## निगम ने मस्जिदों पर किए पुख्ता इंतजाम

**गाजियाबाद,** 16 मार्च (देशबन्धु)। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा चल रहे रमजान पर्व को लेकर निगम अधिकारियों को व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए निर्देश दिए गए हैं



**रमजान पर्व पर विभागीय अधिकारी व्यवस्थाओं को रखें सुदृढ़ : नगर आयुक्त**

जिसके क्रम में समस्त मस्जिदों पर प्राथमिकता पर व्यवस्थाओं को बेहतर करने में निगम की टीम लगी हुई है। नगर आयुक्त द्वारा व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के लिए अधिकारियों की बैठक बुलाई जिसमें रमजान माह में सफाई व्यवस्था प्रकाश व्यवस्था जलकल व्यवस्था को मुख्य रूप से बेहतर बनाए रखने के लिए कहा गया है। वरिष्ठ अधिकारियों को भी लगातार मस्जिदों के आसपास क्षेत्र में निरीक्षण करते हुए कार्रवाई करने के लिए अवगत कराया गया है।

गाजियाबाद नगर निगम द्वारा सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करते हुए मस्जिदों के आसपास सफाई कराई जा रही है तथा नियमित सुबह शाम पानी का छिड़काव भी गाजियाबाद नगर निगम कर रहा है सभी मस्जिदों पर प्रकाश की व्यवस्था को भी सुदृढ़ किया गया है तथा पीने के पानी की बेहतर किया जा रहा है मुस्लिम बहुल्य क्षेत्र में आवश्यकता अनुसार सफाई कर्मचारी भी बढ़ाए गए हैं, महापौर सुनीता दयाल तथा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश अनुसार मस्जिदों के बाहर तथा ऐसे क्षेत्र जहां पर मुस्लिम आबादी ज्यादा है वहां आसपास क्षेत्र में सफाई व्यवस्था प्रकाश व्यवस्था जलकल व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा रहा है किसी प्रकार की आवागमन में परेशानी ना हो मार्गों को मस्जिदों तक गड्ढा मुक्त भी किया गया है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में रमजान पर्व पर केला भट्टा, प्रेम नगर, सेक्टर-23 संजय नगर, शहीद नगर व अन्य क्षेत्र में रमजान पर्व के दौरान व्यवस्थाओं को सुदृढ़ कराया जा रहा है अरुण कुमार यादव या अन्य वरिष्ठ अधिकारी को निरीक्षण करने तथा मॉनिटरिंग करते हुए कार्य को बेहतर करने के लिए नगर आयुक्त द्वारा निर्देश भी दिए गए हैं, जनप्रतिनिधियों का भी विशेष सहयोग निगम द्वारा की जा रही कार्रवाई में मिल रहा है जो की सराहनीय हैं।

## मुठभेड़ में बदमाश व साथी गिरफ्तार

### मंदिर से मूर्ति व मुकुट समेत चुराते थे कीमती सामान

**नोएडा,** 16 मार्च (देशबन्धु)। सेक्टर-47 स्थित श्रीधाम मंदिर से मूर्ति और मुकुट समेत अन्य कीमती सामान चुराने वाला बदमाश शनिवार सुबह सेक्टर-49 पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में गोली लगने से घायल हो गया। घायल बदमाश के एक साथी को पुलिस ने घेराबंदी कर दबोचा। वारदात में शामिल एक अन्य बदमाश की तलाश जारी है। गिरफ्त में आए दीपक के खिलाफ अलग-अलग थाने में तीन जबकि पिंटू के खिलाफ सात केस दर्ज हैं।

डीसीपी विद्यासागर मिश्रा ने बताया कि एसीपी शैव्या गोयल की अगुवाई में पुलिस की टीमें शनिवार सुबह बरौला टी प्वाइंट के पास जांच कर रही थी। इसी दौरान सामने से तीन युवक आते हुए दिखाई दिए। संदिग्ध लगने पर जब पुलिस ने तीनों को रुकने के लिए कहा गया तो वह भागने लगे।

पीछा करने पर दो युवकों ने पुलिस की टीम पर तमंचे से फायर कर दिया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की ओर से की गई फायरिंग में एक बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया। घायल बदमाश ने अपना नाम बिहार के पटना निवासी दीपक भारती बताया। उसके साथी मुजफ्फरपुर निवासी पिंटू तिवारी को पुलिस ने घेरेबंदी कर दबोचा। दोनों का एक अन्य साथी मौके का फायदा उठाकर फरार हो गया। बदमाशों के कब्जे से मंदिर से चोरी हुए मुकुट, शेर की पीली धातु की मूर्ति, कड़ा, लड्डू गोपाल की मूर्ति, अंगवस्त्र, तमंचा और कारतूस समेत अन्य सामान बरामद हुआ है। घायल बदमाश को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया।

#### चोरी का सामान बेचने आए थे आरोपी

बदमाशों ने बताया कि शनिवार को वह मंदिर से चोरी किए गए सामान को बेचने के लिए जा रहे थे तभी पुलिस के हत्थे चढ़ गए। मंदिर में हुई चोरी की घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया के विविध प्लेटफॉर्म वर वायरल हुआ था,जिसमें बदमाश वारदात को अंजाम देते हुए दिखे थे। वीडियो में कमिश्नरेट पुलिस के अधिकारियों को टैग करते हुए यूजर ने बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की थी। मंदिर कमेटी ने महज 72 घंटे के अंदर घटना का पर्दाफाश करने और शत-प्रतिशत माल बरामद करने के लिए पुलिस की प्रशंसा की है। डीसीपी नोएडा ने भी बदमाशों को दबोचने वाली पुलिस टीम को इनाम देने की घोषणा की है।

#### ऐसे दिया वारदात को अंजाम

पूछताछ के दौरान पिंटू तिवारी ने बताया कि करीब एक सप्ताह पहले शिवरात्रि के दिन वह दीपक और एक अन्य साथी के साथ ऑटो से श्रीधाम मंदिर आया था। उसी दिन मंदिर की रेकी करने पर पता चला कि मंदिर के बगल में एक पार्क है। मंदिर में चोरी की वारदात को अंजाम देकर पार्क वाले रास्ते से आसानी से भागा जा सकता है। इसके बाद योजना के तहत तीनों बदमाश मुंह पर कपड़ा बांधकर और हाथों में ग्लब्स पहनकर 12 मार्च की रात को मंदिर के अंदर दाखिल हुए। तीनों किराये के ऑटो से मंदिर के पास पहुंचे और बगल के पार्क में लगे पेड़ के सहारे मंदिर परिसर में घुसे थे। पिंटू और उसका एक साथी मंदिर का ताला तोड़कर अंदर पहुंचा जबकि दीपक भारती मंदिर के बाहर की गतिविधियों पर नजर रख रहा था। तीनों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया और किराये का ऑटो कर नोएडा से भाग गए।

## दूसरे दिन भी नहीं तलाशे जा सके हिंडन नदी में डूबे दोनों बच्चे

**नोएडा,** 16 मार्च (देशबन्धु)। ककराला पुश्ता के उस पार बहने वाली हिंडन नदी में शुक्रवार सुबह साढ़े दस बजे के करीब नहाने के दौरान डूबे दोनों बच्चों को शनिवार देर रात तक नहीं तलाश जा सका। शनिवार को एनडीआरएफ की टीमें और गोताखोर बच्चों को तलाशते रहे। स्टीमर की मदद से भी कई किलोमीटर की परिधि में डूबे बच्चों की तलाश की जाती रही। बच्चों की तलाश के लिए सुबह नौ बजे प्रारंभ हुआ विशेष अभियान शाम छह बजे तक चला।

हादसे के बाद से ही दोनों बच्चों के घरों में चीख पुकार मची हुई है। एसीपी दीक्षा सिंह ने बताया कि नदी में डूबे आठ वर्षीय आशीष और 11 वर्षीय अभिषेक की तलाश में शनिवार को दिल्ली से बुलाकर पांच गोताखोरों को नदी में उतारा गया। स्टीमर की मदद से बच्चों को सफीपुर, परी चौक, बेगमपुर और लखनावली तक तलाशा गया। अंधेरा होने के कारण शाम सात बजे के बाद टीमें वापस लौट आईं। रविवार को फिर से बच्चों की तलाशी के लिए अभियान चलाया जाएगा। आशंका जाहिर की जा रही है कि या तो बच्चे किसी झाड़ी में फंस गए हैं या फिर बहाव के कारण कहीं दूर निकल गए हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि मूलरूप से बुलंदशहर के जहांगीराबाद का रहने वाले आठ वर्षीय आशीष शुक्रवार को अपने साथी बदायूं निवासी 11 वर्षीय अभिषेक के साथ हिंडन नदी में नहाने गया था। इसी दौरान बहाव के कारण दोनों नदी में डूब गए। उधर से गुजर रहे एक व्यक्ति ने बच्चों को नदी में डूबते देखा तो इसकी जानकारी पुलिस को दी। काफी प्रयास के बाद भी बच्चों को अभी तक तलाशा नहीं जा सका है।

## ऑटो चालक ने पढ़ने जा रही बहनों से की अभद्रता

**नोएडा,** 16 मार्च (देशबन्धु)। सेक्टर-125 स्थित एक नामी विश्वविद्यालय में पढ़ाई करने जा रही बहनों के साथ ऑटो चालक ने अभद्रता की। उसने युवतियों का वीडियो भी बनाया और विरोध करने पर इसे सोशल मीडिया के विविध प्लेटफॉर्म पर वायरल करने की धमकी भी दी। छात्राओं के पिता की शिकायत पर सेक्टर-126 पुलिस ने ऑटो चालक के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। शिकायत में सेक्टर-125 निवासी व्यक्ति ने बताया कि शुक्रवार को उनकी दोनों बेटी अपनी सहेलियों के साथ विश्वविद्यालय के गेट नंबर चार से पढ़ाई करने जा रही थीं। इसी दौरान एक ऑटो चालक द्वारा दोनों बहनों का पीछा किया गया। चालक दोनों का वीडियो भी बना रहा था। छात्राओं ने जब इसका विरोध किया तो चालक ने दोनों बहनों के साथ गाली गलौज करते हुए अभद्रता की। जान से मारने की धमकी भी ऑटो चालक द्वारा दी गई। इसके बाद शिकायतकर्ता की बड़ी बेटी ने अपने पिता के पास कॉल किया और उन्हें गेट नंबर चार के पास बुला लिया। इस दौरान दोनों बहनों की अन्य सहेलियां सहमी खड़ी रहीं। ऑटो चालक की पहचान सदरपुर निवासी सुरेंद्र पटेल के रूप में हुई है। पुलिस आरोपी चालक की तलाश में दबिश दे रही है। घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को भी खंगाला जा रहा है।

## पेरेंट्स एसोसिएशन के 7वें बुक एक्सचेंज मेले का आयोजन

**गाजियाबाद,** 16 मार्च (देशबन्धु)। पेरेंट्स एसोसिएशन लगातार सातवें वर्ष नि:शुल्क बुक एक्सचेंज मेले का आयोजन कर रही है। आज इसका प्रथम चरण लाल बहादुर शास्त्री हाकी स्टेडियम, शास्त्रीनगर में सुबह 9 बजे से आयोजित किया जा रहा है जो कल रविवार को भी चलेगा। इस बुक एक्सचेंज मेले के अनोखे उत्सव को संचालित करने के लिए एडीएम सिटी गंभीर ने शुभारंभ किया। बुक एक्सचेंज मेले का आयोजन न केवल पढ़ाई को प्रोत्साहित करता है, बल्कि हमारे बच्चों के उत्थान में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जहां बुक एक्सचेंज मेले के माध्यम से, हम छात्रों को पुस्तकों के महत्व को समझाने और पढ़ाई के लिए उत्साहित करने का प्रयास कर रहे हैं।

**■ मेले का शुभारंभ एडीएम सिटी गंभीर सिंह ने किया**

**■ पुस्तक मेले को लेकर अभिभावक में जबरदस्त उत्साह**

वहीं हर वर्ष किताब-कॉपी की प्रिंटिंग के नाम पर काटे जाने वाले पेड़ो के जीवन को सुरक्षित



कर पर्यावरण को नवजीवन देने के लिए प्रयासरत है। गाजियाबाद पेरेंट्स के सचिव अनिल सिंह ने बताया कि जिले के अभिभावक जीपीए के बुक एक्सचेंज मेले में अपनी किताब-कॉपी आपस में बदलकर अपने हजारों रुपए की बचत करते है। निजी स्कूलों द्वारा हर वर्ष कोर्स में बदलाव कर पेरेंट्स को मोटे दामों पर किताब- कॉपी खरीदने के लिये विवश किया जता है।

गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन की अध्यक्ष सीमा त्यागी ने कहा कि हम सभी एडीएम सिटी गंभीर जी का हार्दिक धन्यवाद देते हैं कि उन्होंने हमारे उत्सव में आकर अपना समर्थन दिया है। आज हमारे देश को ऐसे ही अधिकारियों की जरूरत है जिनके अंदर शिक्षा में सुधार के लिए जुनून हो हमें गर्व है कि हमारे जिले को गंभीर सिंह जैसे अधिकारी मिले है।

## 'स्कूलों में स्वास्थ्य-स्वच्छता व कल्याण संबंधी जागरूकता जरूरी'

**नोएडा,** 16 मार्च (देशबन्धु)। आयुष्मान भारत-स्कूल हेल्थ एंड वेलनेस प्रोग्राम (स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम) के अंतर्गत स्कूली बच्चों- किशोरों में स्वास्थ्य,

**■ आयुष्मान भारत- स्कूल हेल्थ एंड वेलनेस प्रोग्राम के अंतर्गत स्कूल व स्वास्थ्य कर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण**

स्वच्छता एवं कल्याण संबंधी जागरूकता पैदा करने और विद्यालय स्तर पर संचालित स्वास्थ्य गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में 11 से 14 मार्च तक एक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. सुनील कुमार शर्मा ने कहा कि स्कूलों में स्वास्थ्य एवं



स्वच्छता संबंधी जागरूकता होना जरूरी है। प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत आप सभी इस संदेश को पूरी ईमानदारी के साथ शिक्षकों व विद्यार्थियों तक पहुंचाएं। उन्होंने उम्मीद जाहिर की प्रशिक्षण के दौरान मिली जानकारियां विद्यार्थियों से साझा करेंगे। कार्यशाला में स्वास्थ्य व शिक्षा विभाग के 12 कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला के समापन अवसर पर सीएमओ ने प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किये। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) - डिस्ट्रिक्ट अर्ली इंटरवेंशन सेंटर (डीईआईसी) की प्रबंधक रचना वर्मा ने बताया कि बच्चों के समग्र शैक्षणिक विकास में स्वास्थ्य एवं पोषण की सकारात्मक भूमिका जरूरी है। इसी के मद्देनजर आयुष्मान भारत कार्यक्रम के अंतर्गत स्कूल हेल्थ एंड वेलनेस प्रोग्राम शुरू किया गया है। कार्यक्रम के तहत विद्यालयों के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग द्वारा अन्य स्वास्थ्य कार्यक्रम संचालित किये जाएंगे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्कूल जाने वाले बच्चों-किशोरों में स्वास्थ्य एवं स्वच्छता संबंधी जागरूकता पैदा करना तथा विद्यालय स्तर पर संचालित स्वास्थ्य गतिविधियों को प्रोत्साहित करना है। स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत प्रत्येक विद्यालय से दो शिक्षकों एक महिला व एक पुरुष को हेल्थ एंड वेलनेस एंबेसडर के रूप में नामित किया जाएगा। उन्हें स्वास्थ्य व्यवहार को बढ़ावा देने और रोगों की रोकथाम के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। हेल्थ एंड वेलनेस एंबेसडर हर सप्ताह एक घंटे रोचक गतिविधियों के माध्यम से सत्र आयोजित करेंगे। प्रत्येक कक्षा से दो नामित छात्र इन स्वास्थ्य संवर्धन संदेशों को समाज तक पहुंचाने के लिए हेल्थ एंड वेलनेस मैसेंजर के रूप में कार्य करेंगे। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण में मुख्य रूप से किशोर स्वास्थ्य पोषण, मादक द्रव्यों के दुरुपयोग, एचआईवी, इंटरनेट के उपयोग आदि 11 विषयों पर प्रशिक्षण के साथ चर्चा की गई। उन्होंने बताया-कि स्वास्थ्य विभाग के आठ और शिक्षा विभाग के चार प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। आरबीएसके के नोडल अधिकारी एवं अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ललित कुमार, डॉ. अलताफ, डॉ. केके शर्मा, डॉ. अशोक और डीईआईसी की प्रबधक रचना वर्मा ने मुख्य रूप से प्रशिक्षण दिया।

## बस से टकराकर घायल हुए युवक की उपचार के दौरान मौत

**नोएडा,** 16 मार्च (देशबन्धु)। जेपी अस्पताल के पास तेज रफ्तार बस चालक द्वारा अचानक ब्रेक लगाने से पीछे से आ रहा बाइक सवार वाहन से टकराकर घायल हो गया। घायल का एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा था। शुक्रवार को उपचार के दौरान ही उसकी मौत हो गई। घायल युवक के भाई ने मामले की शिकायत सेक्टर-126 पुलिस से की है। शिकायत में मोरना गांव निवासी विनोद कुमार ने बताया कि बीते दिनों उसका 27 वर्षीय भाई राहुल कुमार अपने काम से नोएडा प्राधिकरण के दफ्तर जा रहा था। जब वह सुबह सवा नौ बजे के करीब जेपी अस्पताल के पास पहुंचा तभी बस चालक ने लापरवाही से अचानक से ब्रेक लगा दी। इससे पीछे से आ रहे बाइक सवार युवक का संतुलन बिगड़ गया और वह बस से टकरा गया। राहगीरों द्वारा उसे जेपी अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने के चलते भाई ने राहुल को एक अन्य निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया गया। शुक्रवार को उपचार के दौरान घायल राहुल की मौत हो गई। उसके सिर समेत शरीर के अन्य हिस्से में चोट आई थी। मृतक के शव का पोस्टमार्टम कर उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। अज्ञात बस चालक के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को खंगाला जा रहा है।

उवाच "

ओएसडी विशु राजा के नेतृत्व में अर्बन सर्विसेज विभाग के अतिक्रमण हटाओ दस्ते की पांच टीमों ने सूरजपुर स्थित कलेक्ट्रेट, आसपास के अन्य सरकारी दफ्तरों, सार्वजनिक स्थान, कासना, 130 मीटर रोड, ग्रेटर नोएडा वेस्ट के विभिन्न स्थानों पर यह कार्रवाई की गई।

**अन्नपूर्णा गर्ग, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण एसीईओ**

# कैपिटल ज़ोन

## जिलाधिकारी व पुलिस कमिश्नर ने पोलिंग बूथ का किया दौरा

**ग्रेटर नोएडा,** 16 मार्च (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाताओं को बनाए गए बूथों पर सभी सुविधाएं व कानून व्यवस्था मानकों के अनुरूप बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह एवं जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी गौतमबुद्धनगर मनीष कुमार वर्मा ने संयुक्त रूप से मतदान हेतु बनाए गए बूथों का औचक स्थलीय निरीक्षण किया। पुलिस आयुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय छलैरा, चेतराम शर्मा इंटर कॉलेज छलैरा एवं नोएडा कन्या इंटर कॉलेज भंगेल में पहुंचकर मतदान बूथों का निरीक्षण

**■ बूथों पर मतदाताओं को सुविधा के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को दिया गया निर्देश**



किया। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान पूर्व में बनाए गए बूथ एवं नवीन बूथों के निर्माण की स्थिति के बारे में जानकारी ली। पुलिस आयुक्त एवं जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिए गए कि बूथों पर आने-जाने वाले रास्ते जहां पर खराब है उसको ठीक कर लें एवं जनपद में जितने बूथ बनाए गए हैं वहां पर आने जाने वाले रास्ते एवं बूथों के अंदर प्रकाश आदि की व्यवस्था को पूर्व में ही सुनिश्चित करा लें।

उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित की गई सभी सुविधाएं मुहैया कराने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि जिन मतदान कार्मिकों की ड्यूटी मतदान केन्द्रों व बूथों पर लगाई जाएगी उनके लिए भी बिजली, पानी आदि की समस्त सुविधाएं मुहैया कराई जाए। उन्होंने मतदान केन्द्रों व बूथों पर रैंप, बैरिकेडिंग आदि की व्यवस्था करने के लिए निर्देश दिए, ताकि आने वाले वोटरों को कोई समस्या न हो। पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने निरीक्षण के दौरान मतदेय स्थलों से संबंधित थानाध्यक्ष एवं चौकी इचार्ज को निर्देश दिए कि मतदान से पूर्व अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत आने वाले बूथों के आसपास सभी कानून व्यवस्थाएं मानकों के अनुरूप बनाई रखी जाए ताकि मतदान के दौरान मतदान कार्मिकों एवं वोटरों को अपने बूथों पर आने में किसी भी परेशानी का सामना न करना पड़े।

## पोस्टर-बैनर के खिलाफ ग्रेनो प्राधिकरण ने चलाया अभियान

**ग्रेटर नोएडा,** 16 मार्च (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव के अधिसूचना लागू होने के मद्देनजर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने शनिवार को शहर भर में अवैध पोस्टर-बैनर के खिलाफ अभियान चलाया। प्राधिकरण की पांच टीमें जेसीबी और डंपर लेकर शहर भर में घूमीं और जहां भी अवैध रूप से पोस्टर-बैनर दिखे, उन्हें हटाते हुए जब्त कर लिया गया। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर चलाई गई इस अभियान में बड़े पैमाने पर अवैध पोस्टर बैनर जब्त किए गए। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ अन्नपूर्णा गर्ग ने बताया कि ओएसडी विशु राजा के नेतृत्व

**■ पांच टीमों ने जेसीबी और डंपर के साथ पूरे शहर में की कार्रवाई**



में अर्बन सर्विसेज विभाग के अतिक्रमण हटाओ दस्ते की पांच टीमों ने सूरजपुर स्थित कलेक्ट्रेट, आसपास के अन्य सरकारी दफ्तरों, सार्वजनिक स्थान, कासना, 130 मीटर रोड, ग्रेटर नोएडा वेस्ट के विभिन्न स्थानों पर यह कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। अवैध रूप से पोस्टर-बैनर लगाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई में मैनेजर प्रशांत समाधिया, अजय शुक्ला, चंद्रदीप सिंह व अन्य सुपरवाइजर भी अपनी टीम के साथ शामिल रहे।

### आचार संहिता लागू होते ही उतरने लगे प्रचार के होर्डिंग व बैनर





**ग्रेटर नोएडा।** निर्वाचन आयोग की तरफ से जारी अधिसूचना के तहत जिसके तहत चुनाव की अधिसूचना, नामांकन शुरू 28 मार्च, नामांकन भरने की अंतिम तिथि 4 अप्रैल, नामांकन पत्रों की जांच 5 अप्रैल, नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि 8 अप्रैल, मतदान की तारीख 26 अप्रैल तय किया गया है। भारत निर्वाचन आयोग की तरफ से अधिसूचना जारी होते ही, जिलानिर्वाचन विभाग सक्रिय हो गया है, आचर संहिता का पालन करने के लिए लोकसभा क्षेत्र में लगे होर्डिंग को हटाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। शनिवार को आदर्श आचार संहिता की घोषणा के बाद जिला निर्वाचन अधिकारी गौतम बुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा के निर्देश पर पूरे जिले में उप जिलाधिकारी गणों के नेतृत्व में केंद्र एवं राज्य सरकार की योजना एवं कार्यक्रमों से संबंधित तथा अन्य प्रचार सामग्री हटायी जाने की कार्रवाई शुरु कर दी गई है। आचार संहिता का पालन कराने के लिए जिला प्रशासन की टीम पूरी तरह से लग गयी है। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया है कि आदर्श आचार संहिता का अक्षरशः पालन किया जाए।

**■ गौतम बुद्ध नगर लोकसभा सीट पर दूसरे चरण में होगा चुनाव**

## समाजवादी पार्टी ने डॉ. महेन्द्र नागर को बनाया लोकसभा प्रत्याशी

**ग्रेटर नोएडा,** 16 मार्च (देशबन्धु)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने लंबे मंथन के बाद शनिवार शाम को गौतमबुद्ध नगर लोकसभा सीट से प्रत्याशी की घोषणा कर दी है। इस सीट से सपा ने कद्दावर नेता डॉक्टर महेंद्र सिंह नागर को अपना प्रत्याशी बनाया है। भाजपा के सामने मजबूत प्रत्याशी को उतारने को लेकर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने लखनऊ में प्रत्याशी को लेकर बैठक की थी। बैठक में जिले के नेता और कार्यकर्ता शामिल रहे। बता दें कि, लगातार दो बार से भाजपा के सांसद डॉक्टर महेश शर्मा पर भाजपा ने फिर से दाव खेला है। तीसरी बार डॉक्टर महेश शर्मा भाजपा से चुनाव लड़ेंगे। अब इस सीट पर भाजपा का मुकाबला सपा प्रत्याशी डॉक्टर महेंद्र सिंह नागर से होगा। डॉक्टर महेंद्र नागर मिल्क लच्छी गांव के रहने वाले है, जो कांग्रेस के कद्दावर नेता रहे थे। 2021 में ये सपा में शामिल हुए थे। जिसके बाद गौतमबुद्ध नगर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे थे। महेंद्र नागर पेशे से डॉक्टर है, उनके परिवार का राजनीतिक इतिहास लम्बा है। खुद समाजवादी के प्रत्याशी महेंद्र नागर कांग्रेस के गौतमबुद्धनगर के दो बार जिलाध्यक्ष रह चुके है। गत विधानसभा चुनाव में उन्होंने कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया था और समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए थे। उनके ताऊ जयपाल सिंह भी सरपंच रह चुके है। ताऊ के बेटे सुखवीर नागर ग्राम प्रधान रह चुकी है।



**■ कांग्रेस पार्टी को छोड़कर विधान सभा चुनाव के पहले ग्रहण की थी सपा की सदस्यता**

## बसपा छोड़कर निशांत भाटी ने रालोद की ग्रहण की सदस्यता

**ग्रेटर नोएडा,** 16 मार्च (देशबन्धु)। राष्ट्रीय लोकदल पार्टी की बैठक अवध ग्रीन में आयोजित हुई, जिसमें बसपा पार्टी को छोड़कर बड़ी संख्या में लोग निशांत भाटी, मकौड़ा ने राष्ट्रीय लोकदल पार्टी की सदस्यता ग्रहण की एवं मनोज चौधरी राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोनीत होने पर उनका स्वागत किया गया। इस मौके पर निशांत भाटी ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी एवं राष्ट्रीय लोकदल पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करूंगा एवं गौतम बुद्ध नगर जिले में नवयुवकों को अधिक से अधिक संख्या में जोड़कर राष्ट्रीय लोकदल पार्टी को मजबूत करूंगा। राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोज चौधरी ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संगठन महामंत्री त्रिलोक त्यागी ने जो मुझ पर भरोसा जताया है मैं उसे भरोसे पर खरा उतारूंगा और पार्टी की नीतियों को हर मंच पर बेबागी की के साथ रखूंगा। जिला अध्यक्ष जनार्दन भाटी ने कहा कि निशांत भाटी के आने से पार्टी को मजबूती मिलेगी। हम युवाओं को अधिक से अधिक संख्या में राष्ट्रीय लोकदल पार्टी से जोड़ेंगे आने वाले दिनों में कांग्रेस बसपा सपा और उन राजनीतिक पार्टियों के कई बड़े नेता राष्ट्रीय लोकदल पार्टी में शामिल होंगे, जिससे आने वाले दिनों में पार्टी जिले में और मजबूत होगी। इस मौके पर इंद्रवीर भाटी अध्यक्ष मेरठ मंडल, अजीत दौला प्रदेश उपाध्यक्ष, मनोज चौधरी राष्ट्रीय प्रवक्ता, विजेंद्र यादव महानगर अध्यक्ष नोएडा, रविंद्र भाटी, हेमा पाठक, हरवीर सिंह, वीरेंद्र पूनिया, जोगिंदर सिंह तालान, सुबोध कुमार, गोपाल, वीरेंद्र मलिक, जसवीर भाटी, नीरज शर्मा मुखिया, रवि पहलवान, दीपक नागर, प्रधान सुधीर भाटी, राजू प्रधान, मास्टर जागीर सिंह, एम एन सागवान, गजेंद्र दरोगा आदि शामिल हुए।



**■ कार्यक्रम में रालोद के राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोज चौधरी का हुआ स्वागत**

## रेरा ने ऑनलाइन सुनवाई में प्रोमोटर्स के लिए जारी की सार्वजनिक सूचना

**ग्रेटर नोएडा,** 16 मार्च (देशबन्धु)। उ.प्र. रेरा ने प्रदेश के प्रोमोटर्स को उनसे जुड़ी 11 शिकायतों, 4 शिकायतें एनसीआर तथा 7 शिकायतें नॉन-एनसीआर जपनदों की, में आने वाले माह की विभिन्न तिथियों पर निर्धारित पीठों (बेंच) की ऑनलाइन सुनवाई में उपस्थित होने एवं अपना पक्ष रखने के लिए सार्वजनिक सूचना जारी की है। सुनवाई में उपस्थित न होने से शिकायतकर्ता/पक्षकार की समस्या का समाधान नहीं हो पाता है तथा उनकी सुनवाई अगली तिथि के लिए निर्धारित करनी पड़ती है जो रेरा अधिनियम के उद्देश्यों के विपरीत एवं आवंटी या अन्य हिस्सेदारों के हितों के प्रतिकूल है। यदि प्रोमोटर इस सार्वजनिक सूचना के बाद भी सुनवाई में उपस्थित नहीं होते है तो रेरा अधिनियम के प्राविधानों के तहत पीठों द्वारा शिकायतकर्ता/आवंटियों के हितों का ध्यान रखते हुए एकतरफा फैसला दे दिया जाएगा जिसके जिम्मेदार स्वयं प्रोमोटर होंगे। एनसीआर से जुड़ी शिकायतें एयरकान सिस्टम्स इंडिया प्रा.लि. तथा वर्धमान रियलटेक प्रा. लि. से जुड़ी है। नॉन-एनसीआर से जुड़ी शिकायतें डायमंड इंफ्रा प्रोमोटर्स प्रालि., गायत्री डेवलपर्स प्रालि., हालमार्क व्यापार प्रा. लि., लक्ष्य रियल इंफ्रा प्रा. लि., पेलार्स इंफ्रा डेवलपर्स प्रा. लि., सुकृति हाउजिंग इंडस्ट्रीज प्रा. लि. तथा यजदान कन्स्ट्रक्शन की है। ई-कोर्ट के माध्यम से सुनवाई में जुडने के लिए पक्षकारों को नियत सुनवाई तिथि से 2 दिन पहले रजिस्टर्ड मोबाईल नम्बर और ई-मेल आईडी पर लिंक भेज दिया जाएगा जिसपर क्लिक करके पक्षकार किसी भी प्रकार की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## भाव से भक्ति स्वीकार करते हैं भगवान

**रबूपुरा,** 16 मार्च (देशबन्धु)। गांव भाईपुर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के तृतीय दिवस में वृंदावन से पधारे आचार्य हरिकृष्ण कौशिक जी ने विदुर कथा का वर्णन करते हुए बताया कि भगवान ने दुर्योधन के 56 प्रकार के व्यंजनों को त्याग कर विदुर की कुटिया में जाकर के केले के छिलके का भोग लगाकर यह सिद्ध कर दिया कि वो वस्तु का भूखे नहीं, केवल भाव का भूखे हैं। भगवान जाति-पात, अमीरी गरीबी, राजा, रंक, सुंदर कुरूप आदि मैं भेदभाव नहीं करते उन्हें भक्ति हर रूप में स्वीकार है। इसके साथ ही भक्त ध्रुव की कथा का वर्णन करते हुए कहा माता सुनीति ने ध्रुव को ऐसे संस्कार दिए जिससे ध्रुव ने परमात्मा को प्राप्त कर लिया। अपनी संतान को संपत्ति देना इतना आवश्यक नहीं है जितना कि संस्कार देना आवश्यक है। यदि संतान संस्कारवान है तो फिर संपत्ति का कोई महत्व नहीं और अगर संस्कार नहीं है तो कितनी भी संपत्ति हो सब व्यर्थ चली जाती है। कथा में संगीत की मधुर धुनों पर श्रोता जमकर थिरके तथा पंडाल में प्रभु भक्ति के जयकारों का उद्घोष हुआ।



## यूकेजी के बच्चों के लिए ग्रेजुएशन समारोह का आयोजन

**ग्रेटर नोएडा,** 16 मार्च (देशबन्धु)। जेपी इंटरनेशनल स्कूल में ग्रेजुएशन समारोह का आयोजन यूकेजी के बच्चों के लिए उल्लास के साथ किया गया। यह समारोह विद्यार्थियों के हौसले को बुलंद करने व उन्हें अगले पड़ाव में प्रवेश करने का अहसास करवाने के मकसद



से करवाया गया। जिसका आरंभ गणेश वंदना और दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्या रूबी चंदेल ने अभिभावक व छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें जीवन में सफल होने के लिए अपना अलग व्यक्तित्व बनाना होता है। प्रधानाचार्या ने छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर प्रधानाचार्या ने सभी छात्रों को प्रमाण पत्र दिए तथा आगे आने वाले उनके भविष्य के लिए उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनका मनोबल बढ़ाया। अभिभावक व छात्र इस कार्यक्रम पर बहुत उत्साहित नजर आए।

## जिम्स के नर्सिंग कॉलेज के लिए किया गया भूमि पूजन

**ग्रेटर नोएडा,** 16 मार्च (देशबन्धु)। राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान, ग्रेटर नोएडा के मेडिकल कॉलेज प्रोजेक्ट के तहत संस्थान के निदेशक डॉ. ब्रिगे. राकेश गुप्ता, संकायाध्यक्ष डॉ. रम्भा पाठक एवं कार्यदायी संस्था उ.प्र. प्रोजेक्ट कॉरपोरेशन लि. के अधिकारी द्वारा नर्सिंग कॉलेज का भूमि पूजन किया गया। सरकार द्वारा संस्थान के नर्सिंग कॉलेज के निर्माण के लिए रू. 21 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है। निदेशक ने बताया कि अभी संस्थान से सम्बद्ध अस्पताल भवन में 60 सीटों पर बीएससी नर्सिंग पाठ्यक्रम संचालित है नर्सिंग कॉलेज का अपना अलग भवन के निर्माण के साथ ही बीएससी पाठयक्रम की सीटों में वृद्धि के लिए आवेदन किया जाएगा। संकायाध्यक्ष डॉ. रम्भा पाठक ने जानकारी दी कि भवन तैयार होने के साथ ही संस्थान में शीघ्र ही नर्सिंग परास्नातक पाठयक्रम प्रारम्भ किये जाने की कवायद शुरू की जाएगी। इस अवसर पर नर्सिंग कॉलेज की प्रधानाचार्य डॉ. नीतू भदौरिया, उप प्रधानाचार्य डॉ. सारिका सक्सैना, डॉ. विकास शर्मा, डॉ. ब्रज मोहन, डी.के. भारद्वाज, डॉ. अंकित गुप्ता व प्रोजेक्ट कॉरपोरेशन लि. के अधिकारी उपस्थित रहे।



## प्रबंधन में समसामयिक मुद्दे पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का हुआ आयोजन




**ग्रेटर नोएडा,** 16 मार्च (देशबन्धु)। लॉयड बिजनेस स्कूल, ग्रेटर नोएडा 'प्रबंधन में समसामयिक मुद्दे' पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन हुआ। सम्मेलन में अपूर्व चक्रवर्ती (प्रमुख-घरेलू चौनल बिजनेस, इंडिया ग्रोज इंजीनियरिंग टूल्स (पी) जैसे प्रतिनिधियों ने भाग लिया। डॉ. हलाफैसल, प्रमुख-अर्थशास्त्र विभाग, लेबनानी विश्वविद्यालय और फुलब्राइट स्कॉलर-टेम्पल यूनिवर्सिटी, यूएसए, कर्नल डॉ. ज्योतिर्मय सत्पथी, अनुसंधान निदेशक, न्यूरोइंटीग्रल साइंटिफिक इंस्टीट्यूट ऑफ कोलंबिया), डॉ. शाद अहमद खान (प्रोग्राम चेयर-बिजनेस) प्रशासन, बुरेमी विश्वविद्यालय, ओमान), प्रोफेसर डॉ. वोल्फगैंग रैम्स (प्रोफेसर और वरिष्ठ शोधकर्ता, यूरोपीय प्रबंधन संस्थान, माल्टा) जैसी शख्सियत सम्मेलन में शामिल हुए। सम्मेलन में अपूर्वा चक्रवर्ती (प्रमुख-घरेलू चैनल व्यवसाय, इंडिया ग्रोज इंजीनियरिंग टूल्स (पी) लिमिटेड) ने उपस्थित लोगों को एक जागरूक उपभोक्ता होने और पर्यावरण के प्रति विचारशील होने के बारे में बताया। कर्नल डॉ. ज्योतिर्मय सत्पथी (अनुसंधान निदेशक, न्यूरोइंटेग्रल साइंटिफिक इंस्टीट्यूट ऑफ कोलंबिया) ने व्यवसायों पर लागू होने वाली 'वसुधेव कुटुंबकम' की अवधारणा के बारे में बात की, जिससे प्रौद्योगिकी, उद्यमिता और प्रबंधन को समाहित किया गया।

मुख्य रणनीति अधिकारी और समूह निदेशक, डॉ. वंदना अरोड़ा सेठी ने अपने संबोधन के दौरान इस बात पर प्रकाश डाला। नवाचार, प्रौद्योगिकी और प्रबंधन के माध्यम से सतत विकास के लिए वैश्विक सहयोग पर एक पैनल चर्चा हुई और केस विश्लेषण पर एक कार्यशाला भी आयोजित की गई। इन चर्चाओं में विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला गया जैसे लोगों को व्यवसाय का मूल मानना, प्रौद्योगिकी न केवल पर्याप्त है बल्कि आवश्यक भी है और एआई समय की मांग है और युवाओं का जोखिम लेने, नवाचार और रचनात्मकता पर अधिक ध्यान केंद्रित करना है। सम्मेलन में विभिन्न क्षेत्रों से विविध भागीदारी देखी गई और प्रतिभागियों के बीच ज्ञान का सार्थक आदान-प्रदान संभव हुआ।

## समकालीन परिदृश्य में व्यवसाय प्रबंधन और साइबर सुरक्षा पर हुई चर्चा




**ग्रेटर नोएडा,** 16 मार्च (देशबन्धु)। आर्मी इंइंस्टीट्यूट ऑफमैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी में सातवें 'व्यवसाय प्रबंधन और साइबर सुरक्षा में उभरते रुझान व उद्योग की नई क्रांति 5.0' विषय पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मलेन में वर्तमान समकालीन परिदृश्य में व्यवसाय प्रबंधन और साइबर सुरक्षा के विषय पर चर्चा एवं विचार-विमर्श किया गया। उद्घाटन सत्र की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई।एयर कमोडोर (डॉ.) जेके साहू, निदेशक-एआईएमटी ने अथितियों का स्वागत किया।

**■ आर्मी इइंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी में सातवें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का हुआ आयोजन**

लेफ्टिनेंट जनरल भवनीश कुमार, वीएसएम, जीओसी, नई दिल्ली क्षेत्र, ने कहा कि व्यवसायों को साइबर सुरक्षा के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है एवं युवाओं को बाजार में हो रहे परस्पर बदलाव के साथ चलने की आवश्यकता है। डॉ. श्वेता आनंद, डीन गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय ने युवाओं को देश का भविष्य सुरक्षित करने का गुरुमंत्र दिया एवम साइबर अपराध के बढ़ते प्रभाव से अवगत कराया। डॉ. हरिवंश चतुर्वेदी, सीइए,बिरला कला और संस्कृति एकेडमी ने निरंतर बढ़ती कौशल वृद्धि पर अपने सुझाव दिए।

राजेश त्रिपाठी, सीईओ, केनबॉक्स टेक्नोलॉजी ने दैनिक जीवन में हो रही साइबर घटनाओं की जानकारी विद्यार्थियों से साझा किया। सार्थक सेंगर, एसीपी, गौतमबुद्ध नगर, उत्तरप्रदेश, ने इस बात पर जोर दिया की हर छात्र को अपने ज्ञान का दायरा व्यापक और विशिष्ट रखना चाहिए।

मेजर जनरल सुमित मेहता, वीएसएम, दिल्ली क्षेत्र, चेयरमैन एआईएमटी, माइकल राडा, मानव और उद्योग 5.0 फाउंडर, चेक रिपब्लिक ने युवाओं को मोबाइल पर बढ़ती निर्भरता से अवगत कराया। सम्मलेन में देश भर से शिक्षकों और शोधकर्ताओं ने अपने शोध प्रस्तुत किए।

## गलगोटिया कॉलेज के दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को दी गई डिग्री

**ग्रेटर नोएडा,** 16 मार्च (देशबन्धु)। गलगोटियास एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस के वार्षिक दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। दीक्षांत समारोह में डीआरडीओ में वैज्ञानिक डॉ. मानवेंद्र सिंह मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य पहुंचे। विशिष्ट अतिथि के रूप में एकेटीयू के कुलपति प्रो. जे.पी. पांडे रहे। दीप प्रज्वलन और सरस्वती वन्दना के बाद कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रोफेसर जे. पी.



पाण्डेय ने किया। गलगोटियास एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस के डायरेक्टर जनरल ग्रुप कै. (रि0) डा. पी. के. चोपड़ा ने संस्थान की रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया प्रतिवर्ष विभिन्न विधाओं में संस्थान के छात्र प्रदेश स्तर पर स्थान प्राप्त कर रहें हैं। साथ ही साथ हैकाथान में पिछले दो वर्षों से हमारे विद्यार्थियों ने सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इस दौरान कुल 588 विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की गई। गलगोटियास कॉलेज के डायरेक्टर मोहम्मद आसिम कादरी ने मुख्य अतिथि मानवेन्द्र सिंह वैज्ञानिक डीआरडीओ का परिचय कराया। गलगोटियास विश्वविद्यालय के सीईओ डॉ. ध्रुव गलगोटिया ने अपने दृढ़ निश्चय और अपनी वचनबद्धता को आज फिर दोहराते हुए कहा कि गलगोटियास विश्वविद्यालय अपने विद्यार्थियों के चहुंमुखी विकास और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है। विवि के चॉसलर सुनील गलगोटिया ने कहा कि मैं यहां प्रतिज्ञा करता हूं कि मैं सच्चाई और केवल सच्चाई के उद्योग में शामिल होऊंगा और ड्यूटीज के निवेदन का उत्तरदायित्व पूरा करूंगा।

### "चुनाव सम्बधित सूचना"

सतलीला चौरीटेबल सोसाइटी द्वारा स्थापित संस्था लॉयड इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी, ग्रेटर नॉएडा, गौतम बुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश के सभी जनरल सभा के सदस्यों को सूचित किया जाता है कि प्रबन्ध समिति का चुनाव निम्न दिनांक को सुबह 10 बजे से होगा।
अन्य विवरण निम्न प्रकार है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. नामाकंन दाखिल की अन्तिम तिथि | : | 18.03.2024 |
| 2. नामाकंन जांच की अन्तिम तिथि | : | 19.03.2024 |
| 3. नामाकंन वापिसी की अन्तिम तिथि | : | 20.03.2024 |
| 4. नामाकंन की अन्तिम सूची प्रकाशित | : | 21.03.2024 |
| 5. चुनाव की तिथि | : | 22.03.2024 |

नोटः आपकी उपस्थिति अनिवार्य है विस्तृत जानकारी के लिये 0120-2328071 पर सम्पर्क करें।

### ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्लॉट न0-01, सेक्टर-के0पी0-04, ग्रेटर नौएडा सिटी
जिला- गौतमबुद्ध नगर

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि Army Welfare Housing Organation, Gurjinder Vihar, के माध्यम से आवंटित भवन संख्या-4-N-703, 7th Floor, Sector-Chi-I, Builder's Area, P-5, Greater Noida क्षेत्रफल-185.87 वर्ग मीटर, Lt. Col. J.G. Surie S/o Shri Jaswant Gopal Surie & Mr. Jaswant Gopal Surie S/o Shri Premanand Surie के पक्ष में आवंटित/पंजीकृत है। मूल आवंटी Lt. Col. J.G. Surie की मृत्यु दिनांक-12.04.2020 को हो जाने के उपरान्त उक्त भवन पूर्ण रुप से सह आवंटी (Mr. Jaswant Gopal Surie S/o Late Premanand Surie) ने उक्त भवन को अपने पक्ष मे नामान्तरण कराने हेतु आवेदन किया है। इस म्यूटेशन के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मूल आवंटी Lt. Col. J.G. Surie के स्थान पर उक्त भवन पूर्ण रुप से सह आवंटी (Mr. Jaswant Gopal Surie S/o Shri Premanand Surie) के नाम पर दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रभारी (ग्रुप हाउसिंग)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उतर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

# साहित्य

कहानी

# सफ़ेद गुड़

■ सर्वेश्वरदयाल सक्सेना

दुकान पर सफ़ेद गुड़ रखा था। दुर्लभ था। उसे देखकर बार-बार उसके मुँह में पानी आ जाता था। आते-जाते वह ललचाई नज़रों से गुड़ की ओर देखता, फिर मनमसोसकर रह जाता।

आखिरकार उसने हिम्मत की और घर जाकर माँ से कहा। माँ बैठी फटे कपड़े सिल रही थी। उसने आँख उठाकर कुछ देर दीन दृष्टि से उसकी ओर देखा, फिर ऊपर आसमान की ओर देखने लगी और बड़ी देर तक देखती रही। बोली कुछ नहीं। वह चुपचाप माँ के पास से चला गया। जब माँ के पास पैसे नहीं होते तो वह इसी तरह देखती थी। वह यह जानता था।

वह बहुत देर गुमसुम बैठा रहा, उसे अपने वे साथी याद आ रहे थे जो उसे चिढ़ा-चिढ़ाकर गुड़ खा रहे थे। ज्यों-ज्यों उसे उनकी याद आती, उसके भीतर गुड़ खाने की लालसा और तेज़ होती जाती। एकाध बार उसके मन में माँ के बटुए से पैसे चुराने का भी ख़याल आया। यह ख़याल आते ही वह अपने को धिक्कारने लगा और इस बुरे ख़याल के लिए ईश्वर से क्षमा माँगने लगा।

उसकी उम्र ग्यारह साल की थी। घर में माँ के सिवा कोई नहीं था। हालाँकि माँ कहती थी कि वे अकेले नहीं हैं, उनके साथ ईश्वर है। वह चूँकि माँ का कहना मानता था इसलिए उसकी यह बात भी मान लेता था। लेकिन ईश्वर के होने का उसे पता नहीं चलता था। माँ उसे तरह-तरह से ईश्वर के होने का यक़ीन दिलाती। जब वह बीमार होती, तकलीफ़ में कराहती तो ईश्वर का नाम लेती और जब अच्छी हो जाती तो ईश्वर को धन्यवाद देती। दोनों घण्टों आँख बन्द कर बैठते। बिना पूजा किए हुए वे खाना नहीं खाते। वह रोज़ सुबह-शाम अपनी छोटी-सी घण्टी लेकर, पालथी मारकर संध्या करता। उसे संध्या के सारे मंत्र याद थे, उस समय से ही जब उसकी ज़बान तोतली थी। अब तो वह साफ़ बोलने लगा था।

वे एक छोटे-से क़स्बे में रहते थे। माँ एक स्कूल में अध्यापिका थी। बचपन से ही वह ऐसी कहानियाँ माँ से सुनता था जिनमें यह बताया जाता था कि ईश्वर अपने भक्तों का कितना ख़याल रखते हैं। और हर बार ऐसी कहानी सुनकर वह ईश्वर का सच्चा भक्त बनने की इच्छा से भर जाता। दूसरे भी उसकी पीठ ठोंकते, और कहते, 'बड़ा शरीफ़ लड़का है। ईश्वर उसकी मदद करेगा।' वह भी जानता था कि ईश्वर उसकी मदद करेगा। लेकिन कभी इसका कोई सबूत उसे नहीं मिला था।

उस दिन जब वह सफ़ेद गुड़ खाने के लिए बेचैन था तब उसे ईश्वर याद आया। उसने ख़ुद को धिक्कारा, उसे माँ से पैसे माँगकर माँ को दुखी नहीं करना चाहिए था। ईश्वर किस दिन के लिए है? ईश्वर का ख़याल आते ही वह ख़ुश हो गया। उसके अन्दर एक विचित्र-सा उत्साह भर आया, क्योंकि वह जानता था कि ईश्वर सबसे अधिक ताक़तवर है। वह सब जगह है और सब कुछ कर सकता है। ऐसा कुछ भी नहीं जो वह न कर सके। तो क्या वह थोड़ा-सा गुड़ नहीं दिला सकता? उसे जो कि बचपन से ही उसकी पूजा करता आ रहा है और जिसने कभी कोई बुरा काम नहीं किया। कभी चोरी नहीं की, किसी को सताया नहीं। उसने सोचा और इस भाव से भर उठा कि ईश्वर ज़रूर उसे गुड़ देगा।

वह तेज़ी-से उठा और घर के अकेले कोने में पूजा करने बैठ गया। तभी माँ ने आवाज़ दी, 'बेटा, पूजा से उठने के बाद बाज़ार से नमक ले आना।'

उसे लगा जैसे ईश्वर ने उसकी पुकार सुन ली है। वरना पूजा पर बैठते ही माँ उसे बाज़ार जाने को क्यों कहती। उसने ध्यान लगाकर पूजा की, फिर पैसे और झोला लेकर बाज़ार की ओर चल दिया।

घर से निकलते ही उसे खेत पार करने पड़ते थे, फिर गाँव की गली जो ईंटों की बनी हुई थी, फिर बाज़ार की ओर चल दिया।

उस समय शाम हो गई थी। सूरज डूब रहा था। वह खेतों में चला जा रहा था, आँखें आधी बन्द किए, ईश्वर पर ध्यान लगाए और संध्या के मंत्रों को बार-बार दोहराते हुए। उसे याद नहीं उसने कितनी देर में खेत पार किए, लेकिन जब वह गाँव की ईंटों की गली में आया तब सूरज डूब चुका था और अँधेरा छाने लगा था। लोग अपने-अपने घरों में थे। धुआँ उठ रहा था। चौपाए खामोश खड़े थे। नीम सर्दी के दिन थे।



उसने पूरी आँख खोलकर बाहर का कुछ भी देखने की कोशिश नहीं की। वह अपने भीतर देख रहा था जहाँ अँधेरे में एक झिलमिलाता प्रकाश था। ईश्वर का प्रकाश और उस प्रकाश के आगे वह आँखें बन्द किए मंत्र पाठ कर रहा था।

अचानक उसे अज़ान की आवाज़ सुनाई दी। गाँव के सिरे पर एक छोटी-सी मस्जिद थी। उसने थोड़ी-सी आँखें खोलकर देखा। अँधेरा काफ़ी गाढ़ा हो गया था। मस्जिद के एक कमरे बराबर दालान में लोग नमाज़ के लिए इकट्ठे होने लगे थे। उसके भीतर एक लहर-सी आई। उसके पैर ठिठक गए। आँखें पूरी बन्द हो गईं। वह मन-ही-मन कह उठा, 'ईश्वर यदि तुम हो और सच्चे मन से तुम्हारी पूजा की है तो मुझे पैसे दो, यहीं इसी वक़्त।'

वह वहीं गली में बैठ गया। उसने ज़मीन पर हाथ रखा। जमीन ठण्डी थी। हाथों के नीचे कुछ चिकना-सा महसूस हुआ। उल्लास की बिजली-सी उसके शरीर में दौड़ गई। उसने आँखें खोलकर देखा। अँधेरे में उसकी हथेली में अठन्नी दमक रही थी। वह मन-ही-मन ईश्वर के चरणों में लोट गया। ख़ुशी के समुद्र में झूलने लगा। उसने उस अठन्नी को बार-बार निहारा, चूमा, माथे से लगाया। क्योंकि वह एक अठन्नी ही नहीं थी, उस गरीब पर ईश्वर की कृपा थी। उसकी सारी पूजा और सच्चाई का ईश्वर की ओर से इनाम था। ईश्वर ज़रूर है, उसका मन चिल्लाने लगा। भगवान मैं तुम्हारा बहुत छोटा-सा सेवक हूँ। मैं सारा जीवन तुम्हारी भक्ति करूँगा। मुझे कभी मत बिसराना। उलटे-सीधे शब्दों में उसने मन-ही-मन कहा और बाज़ार की तरफ दौड़ पड़ा। अठन्नी उसने ज़ोर से हथेली में दबा रखी थी।

जब वह दुकान पर पहुँचा तो लालटेन जल चुकी थी। पंसारी उसके सामने हाथ जोड़े बैठा था। थोड़ी देर में उसने आँख खोली और पूछा, 'क्या चाहिए?'

उसने हथेली में चमकती अठन्नी देखी और बोला, 'आठ आने का सफेद गुड़।'

यह कहकर उसने गर्व से अठन्नी पंसारी की तरफ गद्दी पर फेंकी। पर यह गद्दी पर न गिर उसके सामने रखे धनिए के डिब्बे में गिर गई। पंसारी ने उसे डिब्बे में टटोला पर उसमें अठन्नी नहीं मिली। एक छोटा-सा खपड़ा (चिकना पत्थर) ज़रूर था, जिसे पंसारी ने निकालकर फेंक दिया।

उसका चेहरा एकदम से काला पड़ गया। सिर घूम गया। जैसे शरीर का ख़ून निकल गया हो। आँखें छलछला आईं।

'कहाँ गई अठन्नी!' पंसारी ने भी हैरत से कहा।

उसे लगा जैसे वह रो पड़ेगा। देखते-देखते सबसे ताक़तवर ईश्वर की उसके सामने मौत हो गई थी। उसने मरे हाथों से ज़ेब से पैसे निकाले, नमक लिया और जाने लगा।

दुकानदार ने उसे उदास देखकर कहा, 'गुड़ ले लो, पैसे फिर आ जाएँगे।'

'नहीं,' उसने कहा और रो पड़ा।

'अच्छा पैसे मत देना। मेरी ओर से थोड़ा-सा गुड़ ले लो,' दुकानदार ने प्यार से कहा और एक टुकड़ा तोड़कर उसे देने लगा। उसने मुँह फिरा लिया और चल दिया। उसने ईश्वर से माँगा था, दुकानदार से नहीं। दूसरों की दया उसे नहीं चाहिए।

लेकिन अब वह ईश्वर से कुछ नहीं माँगता।

व्यंग्य

# शबरी की रसोई में चाय

■ सुधाकर आशावादी

युग बदल चुका है। आत्मीय रिश्तों की जगह बनावटी रिश्तों ने ले ली है। निस्वार्थ भाव की कल्पना बेमानी है। स्वार्थ कुशल व्यापारी की भूमिका में है। उसे उन श्रद्धा और प्रेम के प्रसंग भी भुनाने में कोई शर्म महसूस नही होती, जिनके आधार पर सदियों से भक्ति और श्रद्धा को आदर्श माना जाता रहा है। एक कड़वा सच यह भी है कि उनका घटिया माल भी बिकता हाथों हाथ, आते जो बाजार में लुभावने नामों के साथ। विज्ञापन युग की यही विशेषता है, कि जैसे भी हो, आकर्षक विज्ञापन करके भीड़ जुटाओ और मुनाफा कमाओ। आज कल भोजन पदार्थों की बिक्री के लिए ढाबा, होटल, भोजनालय, रेस्टोरेंट जैसे नाम रखने का चलन कम हो गया है। इनकी जगह रसोई जैसे घरेलू और आत्मीय प्रतीत होने वाले शब्द को प्राथमिकता दी जाने लगी है। कोई अपने भोजनालय का नाम माँ की रसोई रख रहा है, कोई दादी की रसोई, कोई चाची की रसोई रख रहा है, कोई मौसी की । रसोई से पहले दादी, अम्मा, मौसी, चाची का नाम अपनेपन का एहसास कराता ही है। इसी का लाभ चतुर व्यापारी उठाने में पीछे नही रहते। राम जी के वनवास के समय राम जी की बाट जोह कर उनके लिए बेर एकत्र करने वाली शबरी ने कभी नहीं विचारा होगा, कि विज्ञापन युग में उसकी आस्था को भी भुनाया जाएगा। उनके नाम से भंडारा करके मीठे फल बांटने की जगह उनके नाम पर रसोई खोल दी जाएगी, जिसका नाम सुनकर आस्था के सैलाब से संग भक्त उस रसोई के दर्शन तो करेंगे, मगर उसमें बैठकर चाय पीने की कल्पना साकार नहीं कर सकेंगे। चाय की कीमत सुनकर ही वे वहाँ से नजर बचाकर किसी चाय की टपरी या चाय के ठेले की ओर जाने हेतु विवश होंगे। अलबत्ता शबरी के नाम से प्रभावित होकर मोबाईल के माध्यम से धन खर्च करने वाले कुछ लोग उस रसोई में जाएंगें, चाय के साथ टोस्ट भी खाएंगे, फिर चाय का बिल संचार माध्यमों से अपना प्रचार करके अपनी शेखी बघारेंगे, कि शबरी के नाम पर अब बेर नहीं, चाय





मिलती है, वह भी मुफ्त में नहीं मिलती। चाय पीने के लिए आम आदमी की चाय के मुकाबले चार पांच गुने पैसे चुकाकर आम से ख़ास आदमी बनना पड़ता है।

ब्रह्मपुरी, मेरठ
मो- 9758341282

खास आदमी कभी कंजूस नही होता, उसे खास बने रहने के लिए छोटी छोटी बातों को नजरअंदाज करना पड़ता है। खास आदमी की पहचान ही दिखावा करने से होती है, सो वह महंगी चाय पीता है और चाय परोसने वाले बेयरे की टिप भी देता है। उसे चाय तो मिलती है, मगर शबरी जैसी आत्मीयता नहीं मिलती। कारण स्पष्ट है कि न वह शबरी रही, जो जंगल में स्नेह भाव से आवभगत किया करती थी, न वे राम जी जैसे नायक रहे, जो भाव के भूखे थे और सामाजिक समरसता के प्रतीक थे। न विज्ञापन का दौर था और न सेल्फी लेकर आत्म-मुग्धता प्रदर्शित करने की होड़ थी। समय के साथ साथ परिवर्तन तो होते ही हैं, फिर भी जिससे जितना हो रहा है, वह कर रहा है, अपने प्रिय राम को मीठे बेर खिलाने के लिए बेरों की मिठास परख कर बेर परोसने वाली शबरी के भाव विज्ञापन की दुनिया में लुप्त हो गए, सिर्फ शबरी का नाम लेकर ग्राहकों को आकर्षित करने की चाल सफल हो गई। अब शबरी की रसोई में बेर भले ही नदारद हों, मगर चाय अवश्य मिलती है, वह भी टैक्स फ्री नही, बल्कि टैक्स सहित।

कविता

# पल-पल के हिसाब वाले इन दिनों

■ भगवत रावत

पल-पल के हिसाब वाले इन दिनों
यह अचरज की बात नहीं तो और क्या
कि आपकी बेटी के ब्याह में आपके बचपन का
कोई दोस्त अचानक आपकी बगल में
आकर खड़ा हो जाए ।

न कोई रिश्तेदारी, न कोई मतलब
न कुछ लेना-देना, न चिट्ठी-पत्री
न कोई ख़बर
न कोई सेठ, न साहूकार
एक साधारण-सा आदमी
पाटता तीस-पैंतीस से भी ज्यादा बरसों की दूरी
खोजता-खोजता, पूछता-पूछता घर-मोहल्ला
वह भी अकेला नहीं, पत्नी को साथ लिए
सिर्फ़ दोस्त की बेटी के ब्याह में शामिल होने चला आया ।

मैंने तो यूँ ही डाल दिया था निमंत्रण-पत्र
याद रहे आए पते पर जैसे एक
रख आते हैं हम गणेश जी के भी पास
कहते हैं बस इतना-सा करने से
सब काम निर्विघ्न निबट जाते हैं ।

खड़े रहे हम दोनों थोड़ी देर तक
एक दूसरे का मुँह देखते
देखते एक दूसरे के चेहरे पर उग आई झुर्रियाँ
रोकते-रोकते अपने-अपने अन्दर की रुलाई
हम हँस पड़े
इस तरह गले मिले
मैं लिए-लिए फिरता रहा उसे
मिलवाता एक-एक से, बताता जैसे सबको
देखो ऐसा होता है
बचपन का दोस्त ।

तभी किसी सयाने ने ले जाकर अलग एक कोने में
कान में कहा मेरे
बस, बहुत हो गया, ये क्या बचपना करते हो
रिश्तेदारों पर भी ध्यान दो
लड़की वाले हो, बारात लेकर नहीं जा रहे कहीं ।

फिर ज़रा फुसफुसाती आवाज़ में बोले
मंडप के नीचे लड़की का कोई मामा आया नहीं
जाओ, मनाओ उन्हें
और वे तुम्हारे बहनोई तिवारी जी
जाने किस बात पर मुँह फुलाए बैठे हैं ।

तब टूटा मेरा ध्यान और यकायक लगा
कैसी होती है बासठ की उम्र और कैसा होता है
इस उम्र में तीसरी बेटी को ब्याहना ।

खा-पीकर चले गए रिश्तेदार
मान-मनौवले के बाद बड़े-बूढ़े मानदान
ऊँचे घरों वाले चले गए अपनी-अपनी घोड़ागाड़ियों
और तलवारों-भालों की शान के साथ ।

बेटी को विदा कर रह गया अकेला मैं
चाहता था थोड़ी देर और रहना बिलकुल अकेला
तभी दोस्त ने हाथ रखा कंधे पर
और चुपचाप अपना बीड़ी का बंडल
बढ़ा दिया मेरी तरफ़
और मेरे मुँह से निकलते-निकलते रह गया
अरे, तू कब आया ?

किताब समीक्षा

# छोटी कहानियां, बड़ा संदेश

■ ज़ाहिद ख़ान

'हंगल साहब, ज़रा हँस दीजिए' कवि हरि मृदुल जो पेशे से पत्रकार हैं, उनका पहला कहानी संग्रह है। अपने पहले ही कहानी संग्रह में उन्होंने जिस सिद्धहस्तता से कहानियों को बुना है, वह आश्चर्यचकित करता है। कहानी लिखने के लिए एक संवेदनशील मन और जिस सधी हुई भाषा की ज़रूरत होती है, वह हरि मृदुल के पास है। सीधा-सादा शिल्प, विषयों के चुनाव में विविधता और कहन निराला। यही वजह है कि यह कहानियां बहुत अच्छी बन पड़ी हैं। अपनी पहली ही कोशिश में उन्होंने एक उम्मीद जगाई है। किताब में उनकी छोटी-छोटी कुल बीस कहानियां संकलित हैं, जो बीते दो दशक में लिखी गई हैं। कवि-कथाकार-पत्रकार हरि मृदुल की जीवन-यात्रा उत्तराखंड के छोटे से गांव बगोटी से शुरू




हुई, और अब वह बरसों से महानगर मुंबई में हैं। इस जीवन-यात्रा में उनके साथ जो अनुभव पेश आए, उन्होंने उन्हें कहानी का रूप दिया है। इन कहानियों में पहाड़ी जीवन और वहां के निवासियों का सरल मन है, तो महानगरीय ज़िंदगी की दुश्वारियां भी मुखरता से सामने आई हैं। मायानगरी मुंबई में बॉलीवुड भी है। फ़िल्मी दुनिया को लेखक ने बेहद क़रीब से देखा है। यही वजह है कि शीर्षक कहानी 'हंगल साहब, ज़रा हँस दीजिए' के अलावा संग्रह की चार और कहानियां 'पृथ्वी में शशि', 'कपिल शर्मा की हँसी', 'ढेंचू' और 'लता मंगेशकर की चोटी' के सब्जेक्ट फ़िल्मी दुनिया से मुताल्लिक हैं। फ़िल्मी दुनिया की चकाचौंध और ग्लैमर सभी को मुतास्सिर करता है, लेकिन इसके पीछे जो कठिनाइयां और कड़वी सच्चाईयां हैं, उस पर किसी की नज़र नहीं जाती। लेखक ने बड़े ही बारीकी और संवेदनशीलता से अपनी कहानियों में इन कठिनाइयां और कड़वी सच्चाईयों की शिनाख़्त की है। इस दुनिया का असली चेहरा, वह सामने लेकर आए हैं। कहानी कहन का ढंग कुछ-कुछ रिपोर्ताज सा है। यह कहानियां, हक़ीक़त के बेहद क़रीब जान पड़ती हैं। चरित्र अभिनेता एके हंगल की आख़िरी ज़िंदगी किन आर्थिक अभावों और जिस्मानी परेशानियों, बीमारी में गुज़री, यह सब जानते हैं। वह ही नहीं, और भी कई अदाकार एवं अभिनेत्रियों के आख़िरी जीवन का त्रासद अंत हम सब ने देखा है। 'हंगल साहब, ज़रा हँस दीजिए', बॉलीवुड और शोबिज़ की इस चमकीली दुनिया का असली चेहरा हमें दिखाती है। एक वेटरन एक्टर के दर्द, उसकी मायूसी और मजबूरी को लेखक ने बख़ूबी बयां किया है।

ज़िंदगी में एक दौर आता है, जब हर एक का ग्लैमर कम होने लगता है, बढ़ती उम्र जिस्मानी ताक़त और सुंदरता को कम कर देती है। लेकिन फैन उन्हें उसी रूप में देखना चाहते हैं। जब कभी उनका पसंदीदा हीरो या हीरोइन सामने आती है, तो वे निराश होते हैं। यह निराशा और अवसाद स्टारों को भी घेर लेता है, जो बरसों अपने प्रशंसकों में घिरे रहे। कहानी 'पृथ्वी में शशि', इसी हक़ीक़त को हमारे सामने रखती है। ज़िंदगी की मसरूफ़ियत और गलाकाट प्रतिस्पर्धा ने आदमी को मशीन बना दिया है। दिन-रात मशीनों मोबाइल, कम्प्यूटर के सामने रहकर, वह ख़ुद भी मशीन बनता जा रहा है। उसकी संवेदनाएं, अनुभूतियां का ह्रास हुआ है। हँसना-रोना तक वह भूल गया है। ज़िंदगी की आपाधापी में सब कुछ मशीनी हो गया है। कहानी 'कपिल शर्मा की हँसी' में नायक अपनी स्वाभाविक हँसी भूल गया है। उसकी यह हँसी कैसे वापस आती है, यही कहानी का विषय है। लेखक ने बड़े ही ख़ूबसूरती से इस कहानी को बुना है। कहानी 'पटरी पर गाड़ी', मुंबई में आज से उन्नीस साल पहले साल 2005 में आई भयानक बाढ़ पर केन्द्रित है। उस बाढ़ ने महानगर की रफ़्तार पर किस तरह से लगाम लगाई और जन-जीवन कितना मुतास्सिर हुआ, इन सब हालात को कहानीकार ने बड़े ही शिद्दत से अपनी कहानी में बयां किया है। आज भी ज़रा सी बारिश हमारी 'स्मार्ट सिटी' की पोल खोलकर रख देती है। नगरवासी असहाय हो जाते हैं। बावजूद इसके ज़िंदगी की गाड़ी थमती नहीं। वह जल्द ही पटरी पर आ जाती है। मुंबई की जीवन रेखा कही जाने वाली लोकल ट्रेनें भी फिर पटरी पर दौड़ने लगती हैं। जन जीवन सामान्य हो जाता है। इस मार्मिक कहानी के पीछे एक संदेश भी है कि महानगरों के विस्तार के साथ एक प्लानिंग भी ज़रूरी है। अगर हम अब भी न जागे, तो बरबाद होने के लिए अभिशप्त हैं।

बीसवीं सदी के आख़िरी दशक में हमारे देश में वैश्वीकरण, उदारीकरण और निजीकरण की जो नीतियां लागू की गईं, इसके दुष्परिणाम हम आये दिन देखते रहते हैं। बढ़ते बाज़ारवाद और उपभोक्तावाद ने आज आदमी को भी बाज़ार में खड़ा कर दिया है। बहुराष्ट्रीय कंपनियां किस तरह से बाज़ार का सहारा लेकर हमारे देशी उत्पादों का दोहन और उपभोक्ताओं को लूट रही हैं, किसी से छिपा नहीं। कहानी 'आलू' में लेखक ने बड़े ही सीधे-सादे और मनोरंजक ढंग से इन बहुराष्ट्रीय कंपनियां की लूट को उजागर किया है। टेलीविजन संस्कृति ने हमारे संयुक्त परिवार को किस तरह से तोड़ा, हमारी युवा पीढ़ी को पथभ्रष्ट किया, कहानी 'धनुष-बाण' का केन्द्रीय विषय है। यह कहानी उस दौर की बात करती है, जब हमारे देश में यह संस्कृति शुरू ही हुई थी। और उसके दुष्परिणाम हमारे समाज पर पड़ने लगे थे। तब से एक मुद्दत गुज़र गई, टेलीविजन के सोप ओपेरा, एम टीव्ही चैनलों और पॉप संस्कृति से आगे अब हम वेब सीरीज़ के ज़माने में आ गए हैं। इंटरनेट और सोशल मीडिया ने इंसान को और भी ज़्यादा एकाकी बना दिया। ज़ाहिर है कि अब इसके दुष्परिणाम और भी गहरे हो गए हैं। कहानी 'धनुष-बाण', इन्हीं सब गंभीर हालात का पाठ है। लेखक ने समाज पर हो रहे इन बदलावों को 'धनुष-बाण' में रेखांकित किया है।

एक दौर था, जब देश में मिशन पत्रकारिता थी। आज़ादी के आंदोलन में मीडिया ने निर्णायक रोल निभाया। आज़ादी के बाद अवाम को उसके अधिकारों के लिए जागृत किया। भ्रष्टाचार और अव्यवस्थाओं को उजागर किया। समाज निर्माण में अपनी भूमिका निभाई। लेकिन देखते-देखते जिस तरह से मीडिया, गोदी मीडिया में तब्दील हुआ। जनता के असली मुद्दे हाशिये पर चले गए और ग़ैर—ज़रूरी मुद्दों और बहसों ने मीडिया का बड़ा स्थान घेर लिया, इन सब हालात का ज़िक्र कहानी 'कुत्ते दिन' में है। प्रिंट मीडिया से लेकर इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में आज एक जैसे हालात हैं। आम आदमी बेबस है। कहानीकार ने बड़े ही कुशलता से इन सब स्थितियों को अपनी कहानी के ज़रिए दिखाने की कोशिश की है। इस कहानी को पढ़कर, हमारा ध्यान एक बार फिर उन 'सबसे तेज़' ख़बरों के चैनल की ओर जाता है, जो दिन-रात हमें झूठ परोसते रहते हैं। भोली—भाली जनता को गुमराह करते हैं। देश और समाज की असल सूरत को छिपाकर, एक ऐसा चेहरा दिखा रहे हैं, जो झूठा है। और योजनाबद्ध तरीक़े से गढ़ा गया है। समाचार-पत्रों और टेलीविजन चैनलों की ख़बरें पढ़कर-देखकर, जो कोफ़्त कहानी के मुख्य किरदार की होती है, क्या इस तरह की कोफ़्त और झुंझलाहट आज हर एक जागरूक नागरिक की नहीं है। जिसके हाथ में अब कुछ नहीं रह गया है।

एक तरफ़ हमारे समाज में 'आधुनिकता', 'समृद्धता' और 'शिक्षा' बढ़ी है, तो दूसरी ओर साम्प्रदायिकता एवं धार्मिक कर्मकांड, रूढ़िवादिता का भी तेज़ी से प्रसार हुआ है। एक सोचे-समझे तरीक़े से जनता का धार्मिक ध्रुवीकरण किया जा रहा है। समाज को 'हम' और 'वे' में बांटा जा रहा है। जिसका नतीजा यह हुआ कि एक बड़ा धार्मिक समुदाय अपने को बेगाना समझने लगा है। साम्प्रदायिक सद्भाव, धार्मिक सहिष्णुता बीते दिनों की बातें होती जा रही हैं। कहानी 'कन्हैया' के ज़रिये लेखक ने इन्हीं सब सवालों की गहन पड़ताल की है। बहुत कुछ कहानी के अंदर है, तो कुछ कहानी से इतर। 'अर्जन्या', 'आमा', 'मैं पिता को देख रहा था', 'पीतल के गिलास', 'पानी में पानी' पहाड़ी जीवन और सघन मानवीय संवेदनाओं की कहानियां हैं। 'अर्जन्या' और 'आमा' के किरदार लेखक ने बहुत ही उम्दा ढंग से गढ़े हैं। अपने अनूठे विषय और बेहतरीन ट्रीटमेंट के चलते, यह कहानियां पाठकों पर अपना गहरा प्रभाव छोड़ जाती हैं। लेखक ने वाक़ई इनमें एक कमाल किया है। 'अर्जन्या' और 'आमा' जैसे किरदार आज हमारे समाज में बहुत कम दिखाई देते हैं या फिर हमारी उन पर या उनकी ज़िंदगी पर नज़र नहीं जाती। 'मैं पिता को देख रहा था' और 'पीतल के गिलास' पिता-पुत्र के रिश्तों पर भावनात्मक कहानियां हैं, जो हमें अंदर तक भिगो जाती हैं। 'पानी में पानी' भी इसी कैटगरी की कहानी है। कहानी के केन्द्रीय किरदार 'ताऊ जी' की बेबसी आंसुओं से झलकती है और इन आंसुओं की भाषा कोई नहीं समझता। सिर्फ़ उनका भतीजा ही उनके भावों को पढ़ पाता है। लेकिन वह भी लाचार है और उनके आंसुओं का जवाब आंसुओं से देता है। छोटी-छोटी यह कहानियां अपने प्रभाव में काफ़ी बड़ी हैं। हमारी सोयी हुई संवेदनाओं को जगाती हैं।

कहानी 'बिल्ली' और 'घोंघा' अपने आकार की वजह से लघु कहानी की श्रेणी में डाली जा सकती हैं। महानगर में लोअर मिडिल क्लास फैमिली की रूटीन ज़िंदगी और उनकी विवशता का इनमें ख़ूबसूरत चित्रण है। जहां औरत के दु:ख और बेबसी को कहानीकार ने 'बिल्ली' कहानी में प्रतीकों में पेश किया है, तो वहीं 'घोंघा' कहानी का अंत भी काव्यात्मक है। जिसमें कहानी के मुख्य किरदार को यह एहसास होता है कि ज़िंदगी की आपाधापी और भागदौड़ में वह भी आहिस्ता-आहिस्ता घोंघे के रूप में तब्दील होता जा रहा है। कहानी संग्रह 'हंगल साहब, ज़रा हँस दीजिए' की छोटी-छोटी कहानियों में बड़े-बड़े संदेश छिपे हुए हैं। इन कहानियों में बिला वजह का विस्तार नहीं। और न ही पाठकों को चौंकाने का कोई कौतुक दिखाई देता है। बड़े ही सीधे-सादे ढंग से इन कहानियों को रचा गया है। कवि-कहानीकार हरि मृदुल ने अपने समय को तो बख़ूबी पकड़ा ही है, उन सवालों से भी मुठभेड़ की है, जिनसे आज के बहुत से रचनाकार पल्ला झाड़ते दिखाई देते हैं। जानते-बूझते हुए भी उनसे आंखें चुराते हैं।

'हंगल साहब, ज़रा हँस दीजिए'
लेखक : हरि मृदुल,
पेज़ : 110,
मूल्य : 150 रुपए,
प्रकाशक : आधार प्रकाशन, पंचकूला (हरियाणा)

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

## इजरायल ने गाजा पर किए हवाई हमले, 36 की मौत

**गाजा।** इजरायली सेना ने मध्य गाजा में नुसीरात शरणार्थी शिविर में एक घर पर हवाई हमले किए, जिसमें 36 फिलिस्तीनी मारे गए। कई लोगों के घायल होने की खबर भी सामने आई है। चश्मदीदों ने शनिवार को समाचार एजेंसी शिन्हुआ को बताया कि इजरायली विमान ने नुसीरात शिविर के पश्चिम में तबतिबी परिवार के एक घर को कई मिसाइलों से निशाना बनाया। घर पूरी तरह से नष्ट हो गया और पड़ोसी घरों को भी नुकसान पहुंचा। मेडिकल सूत्रों बताया कि इजरायली हमले में बच्चों और गर्भवती महिलाओं समेत 36 लोग मारे गए।

# देश विदेश

# भारत ने इस्लामोफोबिया से निपटने के लिए 'विशेष दूत' लाने का किया विरोध




**संयुक्त राष्ट्र,** 16 मार्च (एजेंसियां)। संयुक्त राज्य में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने भारत को 'बहुलवाद का गौरवान्वित चैंपियन' बताते हुए एक विशेष धर्म पर 'विशेष दूत' के पद की स्थापना का विरोध किया। ऐसा तब हुआ जब संयुक्त राष्ट्र महासभा ने इस्लामोफोबिया से निपटने के उपाय पर प्रस्ताव अपनाया, जिसमें अन्य बातों के अलावा, इस्लामोफोबिया से निपटने के लिए संयुक्त राष्ट्र के विशेष दूत की नियुक्ति का आह्वान किया गया है। प्रस्ताव को अपनाने के दौरान भारत की स्थिति को स्पष्ट करते हुए राजदूत कंबोज ने कहा कि

**यह पहचानना महत्वपूर्ण है कि 1.2 अरब से अधिक अनुयायियों वाला हिंदू धर्म भय के अधीन हैं : रुचिरा कंबोज**

इस्लामोफोबिया का मुद्दा निस्संदेह महत्वपूर्ण है, लेकिन यह स्वीकार करना होगा कि अन्य धर्मों को भी भेदभाव का सामना करना पड़ रहा है।

संयुक्त राष्ट्र में भारतीय दूत ने कहा कि यह स्वीकार करना महत्वपूर्ण है कि भय इब्राहीम धर्मों से परे फैला हुआ है। हिंदू विरोधी, बौद्ध विरोधी, सिख विरोधी तत्व गुरुद्वारों, मठों, मंदिरों पर हमले बढ़ रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि बामियान बुद्ध का विनाश, गुरुद्वारा परिसर का उल्लंघन, सिख तीर्थयात्रियों का नरसंहार, मंदिरों पर हमले, मंदिर में मूर्तियों को तोड़ने का महिमामंडन, गैर-अब्राहम धर्मों के खिलाफ भय बढ़ाने में योगदान देता है।

### संयुक्त राष्ट्र ने इस्लामोफोबिया के प्रसार के लिए सोशल मीडिया को ठहराया जिम्मेदार



**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने इस्लामोफोबिया और कट्टरता के अन्य रूपों के प्रसार के लिए सोशल मीडिया को जिम्मेदार ठहराया है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने गुटेरेस के हवाले से कहा कि दुनिया भर में, हम मुस्लिम विरोधी नफरत और कट्टरता की बढ़ती लहर देख रहे हैं। शुक्रवार को इस्लामोफोबिया से निपटने के लिए आयोजित एक कार्यक्रम में यूएन चीफ ने कहा कि नफरत फैलाने वाले अपनी घृणित विचारधाराओं को बढ़ाने के लिए सोशल मीडिया का दुरुपयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म नफरती विचारधाराओं की उत्पत्ति स्थल बन गए हैं। गुटेरेस कहा कि इससे न केवल सामाज विभाजित होता है, बल्कि हिंसा को भी बढ़ावा मिलता है। उन्होंने कहा, नफरत और कट्टरता को हम नजरअंदाज नहीं कर सकते। आज के समय में मुस्लिम विरोधी कट्टरता को खत्म करना हम सभी की जिम्मेदारी है।

## उत्तरी वजीरिस्तान में आतंकी हमला, सात सैनिकों की मौत



**हमलावर सभी छह आतंकवादियों को मार गिराया**

**रावलपिंडी,** 16 मार्च (एजेंसियां)। पाकिस्तान के उत्तरी वजीरिस्तान जिले के अली इलाके में शनिवार को आतंकियों ने हमला किया। इस हमले में दो अधिकारियों समेत सात पाकिस्तानी सैनिक मारे गए।

डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तानी सेना के आईएसपीआर ने शनिवार को कहा कि छह आतंकवादियों के एक समूह ने उत्तरी वजीरिस्तान जिले के मीर अली क्षेत्र में सुरक्षा बलों की चौकी पर हमला किया। हालांकि, सभी छह आतंकवादियों को मार गिराया गया है।

रिपोर्टों के अनुसार, आतंकवादियों ने विस्फोटकों से भरे वाहन से चौकी को टक्कर मार दी। जिसके बाद कई आत्मघाती बम हमले हुए, जिसमें इमारत का एक हिस्सा भी ढह गया। आईएसपीआर ने पहले कहा था कि इस महीने की शुरुआत में उत्तरी वजीरिस्तान जिले में सुरक्षा बलों ने दो अलग-अलग अभियानों में कम से कम 10 आतंकवादियों को मार गिराया था। यह भी कहा था कि पाकिस्तान को उम्मीद है कि अफगान सरकार अपने दायित्वों को पूरा करेगी और आतंकवादियों को अफगान धरती का इस्तेमाल नहीं करने देगी।

डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले महीने हथियारों से लैस आतंकियों ने डेरा इस्माइल खान में एक पुलिस स्टेशन पर रात में हमला किया था। हालांकि, पुलिसकर्मियों ने हमले को नाकाम कर दिया था। आतंकी अंधेरे की आड़ में भागने में सफल रहे थे। पिछले साल दिसंबर में टीजेपी के आतंकवादियों ने डेरा इस्माइल खान के दरबान इलाके में सेना के एक परिसर पर हमला किया था।

## सुडोकू 6498

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | | | | | | 3 | |
| | | 1 | 3 | | 8 | | | |
| | | 8 | | | | 7 | | |
| | 1 | 2 | 6 | | | | 8 | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | 7 | |
| 3 | 9 | | | | 7 | 2 | 1 | |
| | | 3 | | | | 1 | | |
| | | | 5 | | 3 | 4 | | |
| | 2 | | | | | | 9 | 3 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : रविवार 17 मार्च, 2024 फाल्गुन शुक्ल पक्ष 7

### राशिफल

मेष - विचारों में गतिशीलता से आज दुविधा का अनुभव होगा। जिससे किसी एक निर्णय पर नहीं आ सकेंगे। आज का दिन आप के लिये नौकरी धंधे के क्षेत्र में स्पर्धा युक्त रहेगा और आप उसमें से बाहर आने की कोशिश करते रहोंगे।

वृषभ - आज आपका दुविधापूर्ण व्यवहार आप को मुश्किल में डाल सकता है। अपने जिद्दी स्वभाव को आज त्याग दें नहीं तो किसी के साथ चर्चा और विवाद में माहौल गर्म होने की आशंका बनी रहेगी।

मिथुन - आज के दिन की शुरूआत तन-मन की ताजगी के साथ होगी। घर या कहीं बाहर दोस्तों तथा परिवार के लोगों के साथ मनपसंद खाना खाने का अवसर मिल सकता है। कहीं बाहर जाने की योजना बनेगी।

कर्क - आज मन में किसी बात की उलझन रहेगी। नकारात्मक विचार आपको परेशान कर सकते हैं। परिजनों से मनमुटाव हो सकता हैं। पारिवारिक कामों के पीछे खर्च हो सकता है। वाणी पर संयम रखें।

सिंह - आज किसी भी बात पर दृढ़ मन से निर्णय नहीं ले सकने के कारण आप मिले हुए मौके का फायदा नहीं उठा सकेंगे। विचारों में ही आपका मन अटका रहेगा। दोस्तों खासकर महिला मित्रों से आपको लाभ मिलेगा।

कन्या - अभी आप सफलतापूर्वक नए कार्य कर सकेंगे। व्यापारी वर्ग और नौकरीपेशा लोगों के लिए दिन लाभदायी है। उच्च अधिकारियों की कृपा दृष्टि से पदोन्नति की संभावना है। व्यापार में लाभ मिल सकता है।

तुला - आज कार्यस्थल पर आपको अधिकारियों की नाराज़गी सहन करनी पड़ेगी। व्यवसाय में परेशानी खड़ी हो सकती है। संतान के प्रति चिंता होगी। दूर की यात्रा का आयोजन होगा। धार्मिक यात्रा के भी योग हैं।

वृश्चिक - अभी समय शांतिपूर्वक व्यतीत करना लाभदायी होगा। अपने क्रोध को काबू में रखें। अनैतिक कार्यों से दूर रहें। नए संबंध बनाने से पहले सोचें। धन खर्च ज्यादा होने से आर्थिक परेशानी का अनुभव होगा।।

धनु - आज बौद्धिक और तार्किक विचारों से आप कठिन काम भी आसानी से बना पाएंगे। समाज में सम्मान मिलेगा। मित्रों के साथ मुलाकात होगी। उनके साथ घूमने- फिरने या मनोरंजन स्थल की यात्रा के योग हैं।

मकर - व्यापार में विकास के लिए आज का दिन बहुत लाभकारी रहेगा। व्यापार में आप अपने आयोजन के अनुसार काम कर सकेंगे। धन के लेन-देन में भी सफलता मिलेगी। व्यापार से संबंधित कामों में बाधा आएगी।

कुंभ - आप की वाणी तथा विचारों में जल्दी-जल्दी परिवर्तन होगा। बौद्धिक चर्चा से आप जुड़े रहेंगे। लेखन तथा रचनात्मक कामों से आपको फायदा मिलेगा। आकस्मिक खर्च की संभावना है।

मीन - आज आप में उत्साह तथा ताज़गी की कमी दिखाई देगी। परिजनों के साथ विवाद में न उतरने की सलाह आपको दी जाती हैं। शारीरिक तथा मानसिक अस्वस्थता का अनुभव होगा। कई अप्रिय घटना से मन दुखी रह सकता है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## इजराइल एक हजार फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करने पर हो सकता है सहमत



**तेल अवीव,** 16 मार्च (एजेंसियां)। हमास और इजराइल के बीच युद्धविराम की संभावना बढ़ गई है। दोनों पक्ष अपनी पिछली मांगों से पीछे हटने को तैयार हो गए हैं।

हमास जहां युद्ध को स्थायी रूप से समाप्त करने की अपनी मांग की जगह इसे छह सप्ताह के लिए रोकने पर सहमत हो गया है, वहीं इज़राइल 1000 फ़िलिस्तीनी कैदियों को रिहा करने पर लगभग तैयार हो गया है। इनमें से 100 पर हत्या सहित गंभीर अपराधों का आरोप है। युद्ध विराम के लिए पिछले दो दिनों में दोहा, काहिरा और पेरिस में वार्ताकारों के बीच कई बैठकें हुईं।

इजराइली खुफिया एजेंसियों के सूत्रों ने बताया कि कतर ने हमास नेतृत्व को सूचित किया है कि अगर वे अपनी अनुचित मांगों से पीछे नहीं हटते हैं, तो कतर उनके नेताओं को अपने देश से निर्वासित करने में संकोच नहीं करेगा।

### अब्बास ने राफ़ा में इज़रायली सैन्य अभियान के खिलाफ दी चेतावनी



**रामल्ला।** फिलिस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास ने दक्षिणी गाजा के राफा शहर में सैन्य अभियान चलाने के इजरायली सरकार के फैसले के खिलाफ चेतावनी दी है। फिलिस्तीनी समाचार एजेंसी वाफा द्वारा प्रकाशित एक बयान में, राष्ट्रपति ने ऐसी खतरनाक आक्रामकता जो गाजा में लोगों की पीड़ा को बढ़ाती है को रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय के तत्काल हस्तक्षेप का आह्वान किया।

## क्रोएशिया में संसदीय चुनाव 17 अप्रैल को

**बेलग्रेड,** 16 मार्च (एजेंसियां)। क्रोएशिया में संसदीय चुनाव 17 अप्रैल को होंगे। राष्ट्रपति ज़ोरान मिलानोविक के प्रशासन ने एक बयान में यह जानकारी दी है। बयान में कहा गया है कि मिलानोविक ने देश में 17 अप्रैल को संसदीय चुनाव निर्धारित किए हैं।



बयान के अनुसार क्रोएशियाई सबोर के सांसदों ने गुरुवार को आखिरी बैठक में क्रोएशिया साम्राज्य की 1100वीं वर्षगांठ की तैयारियों की समीक्षा की, कई अंतरराष्ट्रीय संधियों की पुष्टि की, प्राकृतिक गैस और अन्य ईंधन पर वैट दर में कटौती को बढ़ाया, कई आर्थिक उपायों पर चर्चा की और संसद को भंग करने के लिए मतदान किया। प्रशासन द्वारा प्रकाशित श्री मिलानोविक के निर्णय में कहा गया कि क्रोएशियाई सबोर के लिए सांसदों का चुनाव बुधवार, 17 अप्रैल, 2024 को होगा। नागरिक 16 अप्रैल को विदेश में राजनयिक मिशनों में और 17 अप्रैल को क्रोएशिया में 151 सबोर प्रतिनिधियों का चुनाव करेंगे।

## वर्ग पहेली 6498



**बायें से दायें:-**

१. अतृप्त, अप्रसन्न
३. कोषागा, खजाना
५. पागल, विक्षिप्त
६. किसी वस्तु के बनाने में होने वाला खर्च
७. क्षतिपूर्ति, क्षतिपूर्ति की राशि (उर्दू)
९. अंजन
१०. वह कल्पित पर्वत जिसके पीछे सूर्य का डूबना माना जाता है
१२. किसी गीत के मुखड़े के अन्य अतिरिक्त पद,
१३. प्रारब्ध, भाग्य
१४. किसी व्यक्ति या संस्था को दिया जाने वाला राजकीय पत्र (चार्टर)
१६. अंत:करण, चित्त
१८. कांटा
२०. रामचंद्र
२१. पत्र प्रसिद्ध रूसी उपन्यास लेखक तथा समाज सुधारक
२३. सोने का कमरा

**ऊपर से नीचे:-**

१. मुनाफाखोरी
२. फौरन
३. शोरगुल
४. बोलने का ढंग, बोलचाल (उर्दू)
५. बचपन
८. जिसकी कामनाएं पूरी न हुई हो (उर्दू)
१०. बड़ा भाई
११. आचरण, स्वभाव, शील
१२. आखिरी
१३. बिलकुल, पूरी तरह
१४. जिसका शासनकाल सुखमय और खुशहाली का हो (उपमा)
१५. दूसरे के अधीन, पराधीन
१७. जिसकी नाक कटी हुई हो
१८. स्त्रियों के हाथ में पहनने का एक गहना
१९. व्यंग्य, ताना
२२. अगर

### वर्ग पहेली-6497



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## स्लोवाकिया में सरकार विरोधी प्रदर्शन में 15 हजार लोग शामिल

**ब्रातिस्लावा,** 16 मार्च (एजेंसियां)। स्लोवाकिया की राजधानी ब्रातिस्लावा में विपक्ष द्वारा आयोजित सरकार विरोधी प्रदर्शन में लगभग 15,000 लोगों ने भाग लिया है। स्लोवाक के एक पोर्टल ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया है कि विपक्ष रॉबर्ट फिको की सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन पर लौट आया है। विरोध प्रदर्शन संसद में प्रतिनिधित्व करने वाले दो विपक्षी दलों स्लोवेंस्को (प्रगतिशील स्लोवाकिया) और स्लोबोडा ए सॉलिडेरिटा (स्वतंत्रता और एकजुटता) द्वारा आयोजित किया गया था। विरोध प्रदर्शन का मुख्य विषय फ़िको सरकार द्वारा प्रस्तावित सरकारी टेलीविजन के सुधार और वर्तमान कैबिनेट की विदेश नीति से लोगों की असहमति है।

### यूक्रेनी ड्रोन हमले में पांच लोग घायल

**मॉस्को।** रूस के बेलगोरोड क्षेत्र में एक कार पर यूक्रेन के ड्रोन हमले में पांच लोग घायल हो गए है। गवर्नर व्याचेस्लाव ग्लैडकोव ने यह जानकारी दी है। ग्लैडकोव ने टेलीग्राम पर लिखा कि सड़क पर चलती हुई एक कार पर यूक्रेन के सशस्त्र बलों ने कामिकेज़ ड्रोन का उपयोग करके हमला किया। यह घटना ग्रेवोरोन्स्की शहरी जिले के ग्लोटोवो गांव में हुई।

## चीनी राजदूत ने मानवाधिकार परिषद में रखा चीन का पक्ष

**बीजिंग,** 16 मार्च (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र जेनेवा कार्यालय और अन्य अंतरराष्ट्रीय संगठनों में स्थित चीनी प्रतिनिधि छन शु ने यूएन मानवाधिकार परिषद के 55वें सम्मेलन पर भाषण देकर चीन के मानवाधिकार कार्य विकास की उपलब्धियों का परिचय दिया और इस मुद्दे पर चीन के पक्ष पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि चीन हमेशा सक्रियता से वैश्विक मानवाधिकार शासन में भाग लेता है और अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार वार्तालाप व सहयोग बढ़ाता है। चीन हमेशा विभिन्न मानवाधिकारों को समान महत्व देकर संतुलित रूप से आगे बढ़ाने और आर्थिक,



सामाजिक, सांस्कृतिक अधिकार तथा विकास अधिकार के कार्यान्वयन में तेज़ी लाने का पक्ष लेता है।

मानवाधिकार परिषद के पिछले सम्मेलन में सर्वसम्मति से चीन समेत 80 देशों के प्रस्तुत आर्थिक, सामाजिक व सांस्कृतिक अधिकार प्रस्ताव पारित किया गया था।

### अमेरिका ने दी इटली को हथियार सौदे की मंजूरी

**वाशिंगटन,** 16 मार्च (एजेंसियां)। अमेरिका ने इटली के साथ एक हथियार सौदे को मंजूरी दे दी है। रक्षा सुरक्षा सहयोग एजेंसी ने एक बयान में यह जानकारी दी है। बयान में कहा गया कि विदेश विभाग ने नौ करोड 60 लाख रुपए की अनुमानित लागत पर एआईएम-9एक्स साइडवाइंडर मिसाइलों और संबंधित उपकरणों की इटली सरकार को संभावित विदेशी सैन्य बिक्री को मंजूरी देने का निर्णय लिया है। बयान के अनुसार, इटली ने अट्ठाईस एआईएम-9एक्स साइडवाइंडर ब्लॉक चार एआईएम-9 एक्स ब्लॉक आठ एआईएम-9 एक्स सीएटीएम और एवं अन्य खरीदने का अनुरोध किया है।

## आज का इतिहास

1861-इटली का एकीकरण हुआ।
1864-प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ तथा अधिवक्ता जोसेफ़ बैपटिस्टा का जन्म।
1920-बंगलादेश के पहले राष्ट्रपति शेख मुजीब-उर-रहमान का जन्म
1959-धर्मगुरु दलाई लामा तिब्बत से भारत पहुंचे।
1962-भारतीय अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री कल्पना चावला का जन्म।
1969-गोल्डा मीर इज़रायल की पहली महिला प्रधानमंत्री बनीं।
1987-क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया।
1989-उत्तर प्रदेश के दो बार मुख्यमंत्री रहने वाले जाने माने राजनीतिज्ञ और राजनेता हेमवती नंदन बहुगुणा का निधन।
1990-बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल का जन्म।
1994-रूस द्वारा नाटो की शान्ति सहयोग योजना में शामिल होने का निर्णय।
1996-लाहौर में सम्पन्न छठे विल्स विश्व कप का ख़िताब श्रीलंका ने आस्ट्रेलिया को हराकर जीता।
1998-झू रोंगजी चीन के नये प्रधानमंत्री निर्वाचित।
2002-नेपाल में सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में 68 माओवादी मारे गये।
2003-श्रीलंका शांति वार्ता का छठा दौर हाकीन, जापान में शुरू।
2004-नासा का मैंसेजर बुध ग्रह की कक्षा में प्रवेश करने वाला पहला अंतरिक्ष यान बना।
2006-अमेरिका ने भारत को भरोसेमन्द साझीदार घोषित किया।
2008-चीनी मिलों को ब्याज मुक्त ऋृण देने के लिए 'चीनी विकास निधि संशोधन विधेयक' ध्वनि मत से पारित हुआ।
2009-बैंक ऑफ़ इंडिया ने अपनी बेंचमार्क प्रधान उधारी दरों में 0.5त्न की कटौती की।

**चुनाव** मोदी ने कहा कि लोकतंत्र के सबसे बड़े महापर्व का शुभारंभ हो गया

## तीसरे कार्यकाल में भ्रष्टाचार व गरीबी के खिलाफ तेज होगी लड़ाई

**नई दिल्ली, 16 मार्च (एजेंसियां)।पीएम मोदी ने चुनावों की घोषणा का स्वागत करते हुए आज विश्वास व्यक्त किया कि उन्हें विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए देशवासियों का भरपूर समर्थन व आशीर्वाद मिलेगा तथा कहा कि उनके तीसरे कार्यकाल में भ्रष्टाचार एवं गरीबी के खिलाफ लड़ाई तेज होगी। मोदी ने चुनाव आयोग द्वारा लोकसभा चुनावों, चार राज्यों के विधानसभा चुनावों और 13 राज्यों की विधानसभा उपचुनावों की घोषणा के बाद यह विश्वास व्यक्त किया है।**

मोदी ने कहा कि लोकतंत्र के सबसे बड़े महापर्व का शुभारंभ हो गया है। चुनाव आयोग ने 2024 के लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा कर दी है। भारतीय जनता पार्टी -राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (भाजपा-राजग) इन चुनावों में उतरने के लिए पूरी तरह से तैयार है। सुशासन और जनसेवा के अपने ट्रैक रिकॉर्ड के आधार पर हम जनता-जनार्दन के बीच जाएंगे। मुझे पूरा विश्वास है कि 140 करोड़ परिवारजनों और 96 करोड़ से अधिक मतदाताओं का भरपूर स्नेह और आशीर्वाद हमें लगातार तीसरी बार मिलेगा।

उन्होंने कहा कि 10 साल पहले जब हमने देश की बागडोर संभाली थी, तब देश और देशवासी इंडी अलायंस के कुशासन से पीड़ित थे। ऐसा कोई भी सेक्टर नहीं बचा था, जो घोटालों और नीतिगत पंगुता से अछूता रहा हो। देश निराशा के गर्त में था और दुनिया भी भारत पर भरोसा करना छोड़ चुकी थी। हमने उस परिस्थिति से देश को निकाला और आज भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है।



**140 करोड़ देशवासियों की शक्ति और सामर्थ्य से हमारा देश आज हर दिन विकास के नए कीर्तिमान रच रहा है : नरेन्द्र मोदी**

मोदी ने कहा कि 140 करोड़ देशवासियों की शक्ति और सामर्थ्य से हमारा देश आज हर दिन विकास के नए कीर्तिमान रच रहा है। आज हम दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बने हैं, और करोड़ों भारतीय गरीबी से बाहर आए हैं। हमारी सरकार की योजनाएं देश के कोने-कोने और समाज के हर तबके तक पहुंची हैं। हमने शत-प्रतिशत देशवासियों तक पहुंचने के लिए काम किया है और परिणाम हमारे सामने हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज हर भारतीय ये अनुभव कर रहा है कि एक ईमानदार, दृढ़-संकल्पित और मजबूत इच्छाशक्ति वाली सरकार कितना कुछ कर सकती है।

## दुनिया को जानें

### दुनिया की ओर बढ़ रहा पारंपरिक चीनी चिकित्सा

**बीजिंग।** पारंपरिक चीनी चिकित्सा चीन का राष्ट्रीय खजाना है, जो परंपरागत चीनी संस्कृति का महत्वपूर्ण भाग है। पारंपरिक चीनी चिकित्सा के हजारों वर्षों का इतिहास और गौरवशाली उपलब्धियां हैं। यह चीनी राष्ट्र के गहन ज्ञान का प्रतीक भी है। चीनी लोगों के स्वास्थ्य पर इसका अमिट योगदान रहा है। हर साल 17 मार्च को चीनी चिकित्सा दिवस मनाया जाता है। यह पुरानी चिकित्सा के उन्मूलन और पारंपरिक चीनी चिकित्सा के पूर्ण खंडन के खिलाफ जीत का जश्न मनाने के लिए स्थापित है। इसका उद्देश्य मानव जाति की भलाई के लिए चीन, यहां तक कि पूरी दुनिया में पारंपरिक चीनी चिकित्सा का विकास बढ़ाना है।

कोविड-19 महामारी की रोकथाम में पारंपरिक चीनी चिकित्सा ने अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कोई जादुई दवा न होने की स्थिति में पारंपरिक चीनी चिकित्सा के जरिए मरीजों को कम समय में प्रभावी उपचार मिला। चीन सरकार के प्रोत्साहन में महामारी की रोकथाम में चीनी औषधि का प्रभाव दुनिया में देखा गया, जिसकी अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने प्रशंसा की।

# प्रादेशिकी

**एचएयू हिसार में 18 और 19 मार्च को होगा कृषि मेले का आयोजन**

**चंडीगढ़।** हरियाणा चौधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) हिसार द्वारा 18 से 19 मार्च को कृषि मेला (खरीफ) का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी शनिवार विश्वविद्यालय के एक प्रवक्ता ने दी। उन्होंने बताया कि इस वर्ष मेले का विषय खेती में ड्रोन का महत्व होगा। ड्रोन के द्वारा कम समय में केमिकल फर्टीलाइजर और पेस्टिसाइड का उपयोग आसानी से किया जा सकता है, जिससे कम लागत होने के साथ-साथ संसाधनों की भी बचत होगी। साथ ही उन्हें ड्रोन का उपयोग करना भी समझाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस मेले में किसानों के साथ बीज, उर्वरक, कीटनाशक, कृषि मशीनें और यंत्र निर्माता कंपनियां भी भाग लेंगी।

## उत्तराखण्ड में 19 अप्रैल पहले चरण में होगा मतदान

**देहरादून**, 16 मार्च (देशबन्धु)। उत्तराखंड में लोकसभा की पांच सीटें हैं। जिन पर पहले चरण यानि 19 अप्रैल को मतदान होगा। इन पांच सीटों पर भाजपा ने कैंडिडेट घोषित कर दिए हैं। भाजपा ने पौड़ी गढ़वाल लोकसभा सीट से पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल बलूनी को टिकट दिया। टिहरी से भाजपा ने राजपरिवार का बहू माला राज्यलक्ष्मी शाह पर भरोसा जताया है। राज्यलक्ष्मी शाह तीन बार टिहरी लोकसभा सीट से चुनाव जीत चुकी है।

हरिद्वार लोकसभा सीट से भाजपा ने पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत को चुनावी समर में उतारा है। नैनीताल उधम सिंह नगर सीट पर केद्रीय मंत्री अजय भट्ट पर भाजपा ने फिर से भरोसा जताया है। अल्मोड़ा पिथौरागढ़ लोकसभा सीट से बीजेपी ने अजय टम्टा को टिकट दिया है। अजय टम्टा 2014 और 2019 में इसी सीट से सांसद चुके जा चुके हैं। कांग्रेस ने अभी तीन सीटों पर प्रत्याशी घोषित किए हैं। इसमें पौड़ी गढ़वाल से पूर्व कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल चुनावी मैदान में हैं। टिहरी से कांग्रेस ने जोत सिंह गुनसोला को टिकट दिया है। अल्मोड़ा पिथौरागढ़ सीट पर कांग्रेस ने फिर से प्रदीप टम्टा पर भरोसा जताया है। कांग्रेस ने हरिद्वार और नैनीताल लोकसभा सीट पर कैंडिडेट की घोषणा नहीं की है। बता दें साल 2019 में सात चरणों में लोकसभा चुनाव हुए थे। जिसमें उत्तराखंड में 11 अप्रैल को वोटिंग हुई थी। साल 2019 लोकसभा चुनाव में उत्तराखंड में 64.0 प्रतिशत वोटिंग हुई। इस साल पाचों सीटों पर बीजेपी ने जीत हासिल की थी।




साल 2019 लोकसभा चुनाव में बीजेपी को 61.01 प्रतिशत वोट मिले थे। कांग्रेस को 31.40 प्रतिशत वोट मिले थे। साल 2019 में उत्तराखंड में 75,62,830 मतदाता थे। जिसमें से 48,42,925 मतदाताओं ने वोट डाले। इस साल 18 दलों ने लोकसभा चुनाव में हिस्सा लिया। वहीं साल 2014 की बात करें तो इन लोकसभा चुनावों में 71,29,939 मतदाता थे। जिनमें से 43,91,890 मतदाताओं ने वोट दिया। साल 2014 में उत्तराखंड में 61.6 प्रतिशत मतदान हुआ। साल 2014 में भी भाजपा ने पांचों सीटों पर जीत हासिल की थी। इस साल बीजेपी को 55.9 फीसदी वोट मिले। कांग्रेस को 34.4 फीसदी वोट मिले। साल 2014 के लोकसभा चुनाव में उत्तराखंड के 26 दलों ने हिस्सा लिया।

### उत्तराखंड में 83,21,207 मतदाता करेंगे अपने सांसदों के भाग्य का फैसला

देश की अठारहवीं लोकसभा (लोस) के गठन के लिए होने वाले आम चुनाव के प्रथम चरण में 19 अप्रैल को उत्तराखंड में मतदान होगा। वर्ष 2019 में हुए सत्रहवीं लोस के आम चुनाव के समय कुल मतदाताओं से 6.68 प्रतिशत अधिक अर्थात, कुल 83 लाख, 21 हजार, 207 मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी डा वीवीआरसी पुरुषोत्तम ने शनिवार शाम बताया कि राज्य के सभी पांच लोकसभा क्षेत्रों में कुल पुरुष मतदाता 43.08 लाख हैं, जबकि कुल महिला मतदाता 40.12 लाख हैं। उन्होंने बताया कि पूरे राज्य में कुल ट्रांस जेंडर (थर्ड जेंडर) 297 मतदाता, 85 साल से ऊपर के 65 हजार 177, अठारह से उन्नीस वर्ष के पहली बार मतदान करने वाले कुल एक लाख, 45 हजार, 220 युवा तथा 79 हजार, 965 दिव्यांग और कुल 93 हजार 357 सर्विस मतदाता हैं। उन्होंने बताया कि पूरे राज्य में कुल 11 हजार, 729 पोलिंग स्टेशन बनाए गए हैं। डा पुरुषोत्तम ने बताया कि इस लोस चुनाव में सर्वाधिक मतदाता देहरादून जनपद की दोईवाला विधानसभा (विस) अंतर्गत, नकरौंदा मतदेय स्थल है। जहां 1482 मतदाता हैं। जबकि पौड़ी जनपद के यमकेश्वर विस अंतर्गत, लालडांग मतदेय स्थल पर सबसे कम 04 मतदाता हैं। उन्होंने बताया कि राज्य में सबसे अधिक ऊंचाई 10170 फीट पर उत्तरकाशी जनपद के गंगोत्री विस क्षेत्र में गंगोत्री पुरी सिंचाई भवन मतदेय स्थल है। उन्होंने बताया कि राज्य में बदरीनाथ विस क्षेत्र में डूमक मतदेय स्थल ऐसा है, जहां पहुंचने के लिए 20 किलोमीटर पैदल जाना पड़ेगा।

### लोस चुनाव के लिए निर्वाचन आयोग ने बनाया कंट्रोल रूम, जारी किए हेल्प लाइन नंबर

देहरादून। उत्तराखंड में आसन्न लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष और सुरक्षित निर्वाचन के लिए राज्य निर्वाचन आयोग ने शनिवार को राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित कर दिया। साथ ही, हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए। संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रताप सिंह शाह ने बताया कि लोक सभा चुनाव- 2024 के सफल बनाने के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय उत्तराखण्ड का राज्य स्तरीय निर्वाचन कन्ट्रोल रूम सचिवालय स्थित अब्दुल कलाम भवन के भूतल स्थित कक्ष संख्या- 101 के सामने स्थापित किया गया है। उन्होंने बताया कि इसमें कुल छह हेल्पलाइन और टेलीफोन नम्बर स्थापित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि इनमें टोल फ्री नंबर 1800-1300-1950 है, जबकि 0135-2664302, 0135-2664303, 0135-2664304, 0135-2664305 और 0135-2664306 अन्य नंबर हैं।

### राज्य के शत-प्रतिशत दिव्यांग मतदाताओं को सक्षम ऐप से जोड़ा जाए : मुख्य निर्वाचन अधिकारी

देहरादून। उत्तराखंड के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) डॉ. बी.वी.आर.सी. पुरुषोत्तम ने शुक्रवार को सचिवालय में आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन की दृष्टिगत स्वीप की स्टेट कोर कमेटी एवं स्टेट स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक ली। इस दौरान, विभिन्न संस्थाओं के साथ एमओयू भी हस्तांतरित किए गए। उन्होंने कहा कि दिव्यांग मतदाताओं को शत प्रतिशत सक्षम ऐप से जोड़ा जाय। बैठक में सीईओ ने सभी विभागों को अधिक से अधिक निर्वाचन तैयारियों, मतदाता जन जागरूकता के लिए चलाए जा रहे अभियानों के बारे में विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने सभी विभागों को जिम्मेदारी के साथ समयबद्ध तरीके से अपने लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## सरकारी संपत्तियों पर राजनीतिक विज्ञापन 24 घंटे के भीतर हटाने के आदेश

**जालंधर,** 16 मार्च (एजेंसियां)। चुनाव आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव की समय सारिणी जारी करने के साथ ही जालंधर लोकसभा क्षेत्र के चुनाव के लिये मानक चुनाव प्रक्रिया तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है, जहां 1951 पोलिंग स्टेशनों पर 16 लाख से अधिक वोटर अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जालंधर में मतदान एक जून को होगा और मतगणना के बाद चार जून को नतीजे घोषित किए जाएंगे। जिला चुनाव अधिकारी-कम-उपायुक्त विशेष सारंगल ने शनिवार को सभी नोडल अधिकारियों के साथ एक विस्तृत बैठक की। उन्होंने कहा कि लोकसभा क्षेत्र जालंधर में आदर्श चुनाव प्रणाली को सख्ती से लागू किया जाए। उन्होंने सभी सहायक रिटर्निंग अधिकारियों/नोडल अधिकारियों ने विभिन्न विभागों के प्रमुखों से कहा कि जिला एवं विधानसभा क्षेत्र स्तर पर गठित सभी टीमें जैसे आदर्श चुनाव संहिता, चुनाव खर्च निगरानी, नकदी लेन-देन, पेड न्यूज, एम.सी.एम.सी. तथा शिकायत निवारण समितियों को तुरंत कार्यशील किया जाये। उन्होंने नगर निगम आयुक्त गौतम जैन जिन्हें आदर्श चुनाव संहिता लागू करने के लिये नियुक्त नोडल अधिकारी लगाया गया है, से कहा कि राजनीतिक दलों द्वारा होर्डिंग्स/यूनीपोल/बैनर आदि द्वारा किए गए विज्ञापनों को 24 घंटे के भीतर तुरंत हटाया जाए। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा चुनाव की घोषणा के तुरंत बाद 24 घंटे के भीतर सभी दीवार पेंटिंग, पोस्टर/ कागज या अन्य जैसे कटआउट/ होर्डिंग/ बैनर/ झंडे आदि को सरकारी संपत्तियों से हटा लिया जाए। उन्होंने कहा कि डीफेसमैंट संबंधी सी-विजिल या अन्य माध्यम से शिकायत प्राप्त होने पर शीघ्र समाधान किया जाएगा।

**सार संक्षेप**

### श्रम विभाग कार्यालय के बाहर लाभार्थियों का हंगामा

**हल्द्वानी।** श्रम विभाग के भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड से जुड़े श्रमिकों को दिए जाने वाले लाभांश व नवीनीकरण में हो रही परेशानी के बाद लाभार्थियों का श्रम विभाग कार्यालय के बाहर पिछले कई दिनों से जमावड़ा लगा हुआ है। श्रमिक अपने रजिस्ट्रेशन का नवीनीकरण कराने के लिए सुबह से लेकर शाम तक श्रम विभाग कार्यालय का चक्कर काट रहे हैं। लेकिन उनका रजिस्ट्रेशन का नवीनीकरण नहीं होने और सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के कागजात जमा नहीं होने पर लोगों में नाराजगी देखी गई। भारी संख्या में महिला और पुरुष श्रमिक श्रम विभाग हल्द्वानी कार्यालय पहुंचे। इस दौरान श्रमिकों का आरोप है कि सुबह 4 बजे से अपने नवीनीकरण और लाभांश के कागजात जमा करने के लिए लाइन में लगे हैं। लेकिन विभाग की अधिकारियों की लापरवाही के चलते उनका रजिस्ट्रेशन का नवीनीकरण और लाभांश के कागजात जमा नहीं हो पा रहे हैं, जिसके चलते उनको परेशानी उठानी पड़ रही है। श्रम विभाग कार्यालय के बाहर भारी संख्या में महिला श्रमिक पहुंची, जहां आक्रोशित होकर श्रम विभाग के अधिकारियों का घेराव करने लगे। इसके बाद श्रम विभाग के अधिकारियों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह से मामले को शांत कराया। जिला श्रम अधिकारी पूनम कांडपाल का कहना है कि सरकार द्वारा इन दिनों श्रमिकों के लिए योजना चलाई जा रही है।

### कॉलेज और स्कूल के 164 छात्रों को मिलेगी छात्रवृत्ति

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार की मेधा प्रोत्साहन योजना के तहत ग्रेजुएशन और जमा दो कक्षा के 164 छात्रों को छात्रवृत्ति दी जाएगी। उच्च शिक्षा विभाग की वेबसाइट पर छात्रों की सूची उपलब्ध है। विभिन्न संस्थानों से आए आवेदनों की छंटनी के बाद शिक्षा विभाग की ओर से ये फाइनल सूची जारी की गई है। उच्च शिक्षा निदेशक डॉ. अमरजीत शर्मा ने बताया कि इन सभी छात्रों को तय संस्थानों से प्रतियोगी परीक्षाओं की निशुल्क कोचिंग की जाएगी। मेधा प्रोत्साहन योजना के तहत मेधावी विद्यार्थियों से राज्य एवं राज्य से बाहर के संस्थानों से जो सीएलएटी, एनईईटी, आईआईटी जेईई, एआईआईएमएस, एएफएमसी, एनडीए और यूपीएससी, एसएससी, बैंकिंग एंड इंशोरेयंस, रेलवे और इनके समक्ष ऑनलाइन या ऑफलाइन (व्यक्तिगत रूप से) कोचिंग कक्षाओं में भाग ले सकते हैं। चाहे कोचिंग संस्थान पहले से ही पैनल में हो या न हो। लेकिन उस कोचिंग संस्थान द्वारा मेधा प्रोत्साहन योजना की जारी अधिसूचना के नियमानुसार उच्चतर शिक्षा विभाग को एक लाख रुपए की बैंक गारंटी जमा करवाना जरूरी है।

### सुडोकू 6498 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 6 | 2 | 1 | 5 | 9 | 3 | 8 |
| 9 | 5 | 1 | 3 | 7 | 8 | 6 | 4 | 2 |
| 2 | 3 | 8 | 9 | 4 | 6 | 7 | 5 | 1 |
| 7 | 1 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 | 8 | 9 |
| 6 | 8 | 5 | 1 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 |
| 3 | 9 | 4 | 8 | 5 | 7 | 2 | 1 | 6 |
| 8 | 4 | 3 | 7 | 2 | 9 | 1 | 6 | 5 |
| 1 | 6 | 9 | 5 | 8 | 3 | 4 | 2 | 7 |
| 5 | 2 | 7 | 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 3 |

## अनुकृति गुसाईं ने भी छोड़ी कांग्रेस

### अनुकृति गोसाईं प्रदेश के दिग्गज नेता हरक सिंह रावत की पुत्रवधू है

■ अमरनाथ तिवारी

**देहरादून,** 16 मार्च (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव 2024 से पहले उत्तराखंड कांग्रेस में पार्टी छोड़ने वालों की लाइन सी लग गई है। इस बार उत्तराखंड कांग्रेस की नेत्री अनुकृति गुसाईं ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दिया है। अनुकृति गोसाईं प्रदेश के दिग्गज नेता हरक सिंह रावत की पुत्रवधू है और कांग्रेस के टिकट पर वह साल 2022 में लैंसडाउन विधानसभा से चुनाव भी लड़ चुकी हैं।

लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान होने से ठीक पहले उत्तराखंड कांग्रेस में भगदड़ सी मच गई है। दरअसल, पार्टी की नेत्री अनुकृति गुसाईं ने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। अनुकृति गुसाईं कांग्रेस के टिकट पर पिछले विधानसभा चुनाव 2022 में लैंसडाउन विधानसभा सीट पर चुनाव भी लड़ चुकी हैं। खास बात यह है कि अनुकृति गुसाईं उत्तराखंड में कांग्रेस के दिग्गज नेता हरक सिंह रावत की पुत्रवधू है और लगातार प्रदेश की राजनीति में सक्रिय रही है।

अनुकृति गुसाईं ने अपने इस्तीफा से



जुड़ा पत्र कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष करण माहरा को दे दिया है।

हालांकि उन्होंने इस्तीफा क्यों दिया इसका कोई खास कारण नहीं बताया गया है। प्रदेश अध्यक्ष को लिखते हुए पत्र में अनुकृति गुसाईं कहती है कि वह व्यक्तिगत कारणों के चलते कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से त्यागपत्र दे रही है। बीते 48 घंटों की बात करें तो दो बड़े नेताओं ने उत्तराखंड कांग्रेस का हाथ छोड़ा है। इसमें पहला नाम गंगोत्री से कांग्रेस के विधायक रहे विजयपाल सजवाणा और दूसरा पुरोला से पार्टी नेता मालचंद का है। कांग्रेस के छोड़ने को लेकर जब ईटीवी भारत ने अनुकृति गुसाईं से बात की तो उन्होंने कहा कि उनका पार्टी छोड़ने का कारण व्यक्तिगत था और वह इससे ज्यादा कुछ नहीं कहना चाहती। उनसे जब पूछा गया कि क्या वह किसी दूसरी पार्टी में शामिल हो रही है तो उन्होंने कोई भी जवाब देने से इनकार कर दिया। बता दें कि अनुकृति गुसाईं मॉडलिंग की दुनिया में भी अपना लोहा बनवा चुकी है और इसके बाद उन्होंने राजनीति में कदम रखा है। वह लैंसडाउन समेत प्रदेश की विभिन्न विधानसभाओं में महिला उत्थान से जुड़े विभिन्न कार्यों को कर रही हैं और खासतौर पर पौड़ी क्षेत्र में अपनी संस्था के जरिए इस काम को आगे बढ़ा रही है।

## सभी राजनैतिक दल आचार संहिता की सख्ती से करें अनुपालन : सुमित

**नाहन,** 16 मार्च (एजेंसियां) हिमाचल प्रदेश के सिरमौर के उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सिरमौर सुमित खिमटा ने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा शनिवार को लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही प्रदेश सहित सिरमौर जिला में भी आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता शनिवार 16 मार्च 2024 से लागू होकर मतगणना संपन्न होने तक यानी छह जून तक लागू रहेगी। श्री खिमटा ने नाहन में आदर्श आचार संहिता की स्टैंडिंग कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करने के बाद भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव-2024 की घोषणा के उपरांत मीडिया प्रतिनिधियों के साथ प्रेस सम्मेलन के अवसर पर यह जानकारी प्रदान की है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी राजनैतिक दलों को आदर्श आचार संहिता के समस्त प्रावधानों की सख्ती से अक्षरशः अनुपालना सुनिश्चित बनाने के लिए कहा हैं।

## कांग्रेस के 6 बागियों व तीन निर्दलीय विधायकों ने धामी के खिलाफ खोला मोर्चा

### बोले : आरोपों को लेकर मुख्यमंत्री पर करेंगे मानहानि का दावा

**शिमला,** 16 मार्च (देशबन्धु)। अयोग्य घोषित किए गए कांग्रेस के आधा दर्जन बागियों के साथ साथ 3 निर्दलीय विधायकों ने मुख्यमंत्री के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। इन नेताओं ने मुख्यमंत्री पर उन पर गलत आरोप लगाने की बात कही है। अयोग्य करार दिए गए विधायकों व तीन निर्दलीय विधायकों ने संयुक्त बयान जारी कर कहा है कि वह मुख्यमंत्री के खिलाफ मानहानि का केस दायर करेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को इन आरोपों को अदालत में साबित करना होगा।

कांग्रेस नेताओं राजेंद्र राणा , सुधीर शर्मा , इंद्र दत्त लखनपाल, रवि ठाकुर , देवेंद्र भुट्टो व चैतन्य शर्मा तथा निर्दलीय विधायकों होशियार सिंह, आशीष शर्मा और केएल. ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश में बहुमत खोकर मुख्यमंत्री बौखला गये हैं । उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री को इस बात का खौफ सता रहा है कि सत्ता जाने के बाद उनके मित्रों की कारगुजारियां सामने आएंगी। लिहाजा बौखलाहट में मुख्यमंत्री उन पर बेबुनियाद आरोप लगा रहे

**■ मुख्यमंत्री को आरोपों को अदालत में साबित करने की दी चुनौती**

हैं। नेताओं ने आरोप लगाया कि सत्ता में आते ही प्रदेश सरकार ने युवाओं के लिए नौकरियों के दरवाजे बंद कर दिए , कांग्रेस के घोषणा पत्र को कूड़ेदान में फेंक दिया। नेताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री हम पर बिकाऊ होने का आरोप लगा रहे हैं लेकिन खुद उन्हें जनता को यह बताना होगा कि पिछले 14 महीनो से वह इन नौ विधायकों को लगातार जलील क्यों कर रहे थे? क्यों उनके विधानसभा क्षेत्र के काम रोक दिए गए थे? उन्होने कहा कि वे जल्द ही सारे तथ्य प्रदेश की जनता के सामने रखेंगे।



## टिहरी झील के ऊपर हो स्टेडियम का निर्माण : थापर

**टिहरी,** 16 मार्च (देशबन्धु)। कांग्रेस नेता अभिनव थापर ने कहा की टिहरी झील के ऊपर युवाओं के लिए स्टेडियम का निर्माण कराना चाहिए, जिससे युवाओं को खेल के क्षेत्र में अवसर प्राप्त होगा। शनिवार को यहां कोटी स्पोर्ट्स क्लब कोटी, टिहरी गढ़वाल द्वारा कराए जा रहे क्रिकेट टूर्नामेंट में जाख क्लब व महादेव क्लब के बीच मैच खेला गया, जिसमें कांग्रेस नेता व रामकृष्ण लीला समिति टिहरी 1952, देहरादून के अध्यक्ष अभिनव थापर ने मुख्य अतिथि के रूप में क्रिकेट मैच का उदघाटन किया गया। कांग्रेस नेता अभिनव थापर ने कहा की टिहरी झील के ऊपर युवाओं के लिए स्टेडियम का निर्माण कराना चाहिए, जिससे युवाओं को खेल के क्षेत्र में अवसर प्राप्त होगा व टिहरी झील व आसपास के क्षेत्र में पर्यटन व रोजगार के अवसर का भी सृजन होगा। उल्लेखनीय है की कोटी कॉलोनी के ग्राउंड टिहरी झील के ठीक ऊपर स्थित है व चारों तरफ शानदार हिमालय की वादियों का दृश्य है। यही से टिहरी झील की बोटिंग का सफर भी शुरू होता है। मैच में टॉस जीत कर महादेव क्लब ने फिल्डिंग करने का फैसला किया, तथा जाख क्लब को बैटिंग के लिए आमंत्रित किया।

## दो दिवसीय दिल्ली दौरे पर मुख्यमंत्री

**देहरादून,** 16 मार्च (देशबन्धु)। निर्वाचन आयोग लोकसभा चुनाव 2024 की तारीखों की घोषणा करेगा। चुनाव की तारीखों की घोषणा से

**■ लोकसभा चुनाव को लेकर आलाकमान के साथ करेंगे बैठक**

पहले ही सभी राजनीतिक दल अपनी तैयारियों में जुटे हुए हैं। वहीं लोकसभा चुनाव को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी दो दिवसीय दौरे पर दिल्ली जा रहे हैं, जहां वो पार्टी के बड़े पदाधिकारियों से लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर चर्चा करेंगे। भाजपा पहले ही उत्तराखंड की पांचों लोकसभा सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है। उत्तराखंड की बात की जाए तो भाजपा यहां पांचों लोकसभा सीटों पर अपने उम्मदीवार उतार चुकी है। हालांकि कांग्रेस ने अभीतक दो सीटों नैनीताल,उधमसिंह नगर और हरिद्वार सीट पर अपने पत्ते नहीं खोले है। साल 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव की बात की जाए तो बीजेपी ने उत्तराखंड की पांचों सीटों पर अपनी जीत दर्ज कराई थी। भाजपा का प्रयास है कि इस बार भी वो उत्तराखंड की पांचों लोकसभा सीटों को जीतकर हैट्रिक लगाए। यही कारण है कि बीजेपी ने इस बार दो सीटों हरिद्वार और गढ़वाल सीट पर अपने उम्मीदवार भी बदले हैं।

### धामी ने सुनीं जन समस्याएं, दिए समाधान के आदेश

**देहरादून।** चुनावों की तारीखों का ऐलान होने के बाद सरकार सीधे तौर पर जनता से जुड़े काम नहीं कर पाएगी। ऐसे में सीएम धामी ने आचार सहिंता और अपने दिल्ली दौरे पर जाने से पहले शनिवार को अपने शासकीय आवास पर जनता दरबार लगाया। जनता दरबार के जरिए सीएम धामी ने सैकड़ों लोगों की समस्या को सुना गया।



जनता दरबार में अलग-अलग क्षेत्रों से आएं लोगों की बातों को सुनने के बाद सीएम धामी ने अधिकारियों से कहा कि जल्द से जल्द लोगों की समस्या को दूर किया जाए। इसके बाद सीएम धामी दिल्ली रवाना हो गए। इसके साथ ही धामी ने एक बुक का भी विमोचन भी किया। कैंप कार्यालय में तैनात अधिकारियों को उन्होंने निर्देश दिए कि जन समस्याओं के जल्द समाधान के लिए शिकायतों को यथाशीघ्र संबंधित विभागों को भेजा जाए और विभाग द्वारा शिकायतों और समस्याओं पर की गई कार्रवाई की जानकारी ली जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि जन समस्याओं का शीघ्रता से समाधान किया जाए। जनता दरबार में ज्यादातर समस्याएं सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य, आर्थिक सहायता से संबंधित रहीं। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए राज्य सरकार द्वारा अनेक प्रयास किए गए हैं। लोगों को घर बैठे ही अधिकांश सेवाएं उपलब्ध कराने के प्रयास किए गए हैं। सीएम धामी ने लोगों को उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। जनता दरबार के बाद सीएम धामी ने सेवक सदन में विकास कार्यों पर बनी 'धामी जी कु रैबार' गीत एल्बम और आदर्श संस्था की स्मारिका का मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा लोकार्पण और विमोचन किया गया।

**घोषणा** *सूबे में छह विधानसभा सीटों पर उपचुनाव का बजा बिगुल*

## लोगों को प्रधानमंत्री की गारंटी पर भरोसा : भाजपा

**शिमला,** 16 मार्च (देशबन्धु)। लोकसभा के साथ साथ सूबे में छह विधान सभा सीटों पर उपचुनाव का बिगुल बज गया है। चुनाव की घोषणा के साथ ही नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने दावा किया है कि भाजपा न सिर्फ प्रदेश की चारों लोकसभा, बल्कि 6 विधान सभा सीटों पर उपचुनाव भी जीतेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा को चुनाव में अपने प्रदर्शन तथा लोगों को पीएम मोदी की गारंटी पर भरोसा है। चुनाव को लेकर भाजपा बूथ स्तर तक तैयार है। उन्होंने उम्मीद जताई कि लोगों का आर्शीवाद प्रत्येक बूथ पर भाजपा को मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की कार्यप्रणाली का अंदाजा इसी से लगाया जा




सकता है कि चुनाव की घोषणा होने तक वह ओएसडी व सलाहकारों की नियुक्ति में व्यस्त रही। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लोग भी कांग्रेस सरकार को उनकी नाकामियों का सबक् सिखाने को तैयार बैठे हैं। प्रदेश के लोग प्रधानमंत्री के कामों पर भारी समर्थन देते हुए सुक्खू सरकार की नाकामियों का सबक् कांग्रेस को सिखाएँगे और हिमाचल को हर बूथ से बढ़त देकर भाजपा को भारी बहुमत से जितायेंगे। जयराम ठाकुर ने कहा कि सुक्खू सरकार पूरी तरह से नाकाम हो गयीं है और अब कुर्सी हाथों से फिसलती देखकर मुख्यमंत्री विधायकों पर अनाप.शनाप बयान दे रहे हैं। सरकार और प्रदेश की वर्तमान हालत के लिए वही ज़िम्मेदार हैं। चुनाव सिर पर होने के बाद भी मुख्यमंत्री प्रदेश की नहीं अपनों की चिंता में व्यस्त रहे। उन्होंने तंज कसा कि मुख्यमंत्री को जो ऊर्जा और समय प्रदेश के हितों में लगाना था वह अपने लोगों को एडजस्ट करने में लगा रहे हैं।कहा कि प्रदेश के लोगों में कांग्रेस सरकार पूरी तरह से बेनक़ाब हो गई है। इनकी जनविरोधी नीतियों के कारण प्रदेश के लोगों को बहुत कष्ट उठाने पड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा पूरे देश में जीत को लेकर आश्वस्त है। भाजपा को अपने परफ़ॉर्मेंस पर भरोसा है। बीते दस सालों में देश में ऐतिहासिक विकास हुआ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनहितकारी नीतियां देश के हर नागरिक तक पहुंची हैं। प्रधानमंत्री की जनहितकारी योजनाओं ने देश के हर वर्ग को जोड़ा है , देश के हर नागरिक को लाभ मिला है। प्रधानमंत्री ने जो कहा है वह करके दिखाया है।

## कांग्रेस इन चुनावों के लिए पूरी तरह तैयारः प्रतिभा

**शिमला,** 16 मार्च (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिभा सिंह ने देश में लोकसभा चुनावों की घोषणा का स्वागत करते हुए कहा है कि प्रदेश में कांग्रेस इन चुनावों के लिए पूरी तरह तैयार है। श्रीमती सिंह ने दावा किया है कि कांग्रेस प्रदेश की चारों लोकसभा सीटों पर शानदार जीत हासिल करेंगी। लोकसभा चुनावों की घोषणा पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए श्रीमती सिंह ने उम्मीद जाहिर की है कि चुनाव आयोग देश मे निष्पक्ष चुनाव करवाने व अपनी संवैंधानिक जिम्मेदारी का निर्वाहन करते हुए बगैर किसी भय और दबाव के निर्भिक मतदान करवाएगा।



# प्रादेशिकी

## लोकसभा के साथ यूपी की चार सीटों पर होगा विधानसभा उपचुनाव

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव के साथ उत्तर प्रदेश की रिक्त चार विधानसभा सीटों पर भी उपचुनाव की घोषणा कर दी गई है। इसके तहत शाहजहांपुर की ददरौल, लखनऊ पूर्व, बलरामपुर की गैसड़ी और सोनभद्र की दुद्धी सीट पर मतदान होंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय से दी गई जानकारी के अनुसार ददरौल विधानसभा के लिए 13 मई, लखनऊ पूर्व के लिए 20 मई, गैसड़ी के लिए 25 मई और सोनभद्र की दुद्धी सीट पर एक जून को उपचुनाव होंगे। नतीजों की घोषणा 4 जून को होगी। लखनऊ पूर्वी विधानसभा सीट पर 2022 में भाजपा के उम्मीदवार आशुतोष टंडन विजेयी हुए थे। उनके निधन के बाद से सीट खाली थी। दुद्धी सीट भाजपा विधायक रामदुलार गोंड को रेप केस में सजा के चलते रिक्त थी।

### गुरु पर्व हो या होली, ईद हो या दीपावली-क्रिसमस

# सभी त्योहार खुशहाली से मनाए जा रहे : योगी

## मुख्यमंत्री ने रामपुर को दी 610 करोड़ की 84 विकास परियोजनाओं की सौगात

- **आज नो कर्फ्यू-नो दंगा है, क्योंकि यूपी में सब चंगा**



**लखनऊ/रामपुर,** 16 मार्च (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश में 2017 के पहले कर्फ्यू व दंगे होते थे। आज यहां नो कर्फ्यू, नो दंगा है, क्योंकि यूपी में सब चंगा है। सारे पर्व-त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से मनाए जा रहे हैं। गुरु पर्व हो या होली, ईद हो या दीपावली-क्रिसमस, सभी खुशहाली से मनाए जा रहे। हर कोई अपने तरीके से पर्व-त्योहार मनाने के लिए स्वतंत्र है। यहां सुरक्षा भी है तो समृद्धि भी है। आज बेटियों व व्यापारियों की सुरक्षा में कोई सेंध नहीं लगा सकता, यदि किसी ने कोशिश की तो यमराज उसे अगले चौराहे पर दबोच डालेंगे। सरकार सुरक्षा और सुविधा भी दे रही है। सरकार जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रही है। जब ऐसी सरकार होती है तो देश विकास की नई बुलंदियों को छूता हुआ दिखाई देता है। यह बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। उन्होंने शनिवार को रामपुर के महात्मा गांधी स्टेडियम (फिजिकल ग्राउंड) पर जनसभा को संबोधित किया। यहां सीएम ने रामपुर के लिए 610 करोड़ की 84 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास भी किया। रामपुर के विकास कार्यों पर आधारित लघु फिल्म भी प्रदर्शित की गई। सीएम ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित किया। सीएम ने कहा कि पहले किसानों को बिजली नहीं मिलती थी, इस साल किसानों को फ्री नलकूप में सिंचाई के लिए 26 सौ करोड़ बजट में दिए गए हैं। 23 लाख हेक्टेयर भूमि को अतिरिक्त सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराई है। सरकार अन्नदाता किसान को समय पर गन्ना मूल्य का भुगतान, उपज को एमएसपी से अधिक दाम उपलब्ध कराने का निरंतर प्रयास भी कर रही है तो नौजवानों के रोजगार की व्यवस्था की जा रही है। 19 फरवरी को पीएम ने साढ़े दस लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव को धरातल पर उतारने का शिलान्यास किया, इसके जरिए 35 लाख नौजवानों को नौकरी-रोजगार मिलेगा।

### विकास के लिए होगा हर काम

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि चिंता मत करिए, विकास भी देंगे, विरासत का सम्मान भी करेंगे। आप डबल इंजन की सरकार को बनाए रखने के लिए आशीर्वाद देते रहिए। घनश्याम सिंह लोधी समेत अन्य जनप्रतिनिधियों ने प्रस्ताव दिया, उसे सिर आंखों पर बैठाकर हमने आगे बढ़ाया। विकास के लिए यहां हर काम होगा। नई टाउनशिप स्कीम के साथ रामपुर आगे आ रहा है। जेल को दूर शिफ्ट करेंगे तो लोगों को बेहतर टाउनशिप देकर पार्क और इसके जरिए घूमने की बेहतरीन सुविधा देंगे। रामपुरी चाकू को धार देंगे, जो सबकी सुरक्षा के लिए भी काम कर सके और घर में सब्जी भी काट सके। समृद्धि आएगी तो कोई जेब काटने की नौबत नहीं करेगा, हम हर हाथ को कार्य देंगे और रोजगार देंगे, फिर वायलिन के स्वर रामपुर में गूंजते दिखाई देंगे। रामपुर घराना फिर से संगीत के घराने के रूप में पहचान बनाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने सर्किट हाउस का निर्माण कराया है, इसका नाम संत शिरोमणि रविदास जी के नाम पर होगा।

## डीएम ने की राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक



**मेरठ,** 16 मार्च (देशबन्धु)। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में राजनैतिक दलो के प्रतिनिधियो के साथ बैठक आहूत की गई। बैठक में राजनैतिक दलो के प्रतिनिधियो को प्रचार सामग्री, वाहन पास, चैक पोस्ट, पोलिंग बूथ, वेबकास्टिंग, फ्लाइंग स्काउट, रेट लिस्ट, रैली, जनसभा, जुलूस इत्यादि गतिविधियों के लिए परमिशन आदि की जानकारी दी गयी। उन्होने बताया कि सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में मतगणना केन्द्र बनाया गया है। मतदान के बाद मतगणना केन्द्र में ईवीएम, वीवीपैट मशीन रखी जाएगी। चुनाव आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुरूप ही कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि सुविधा पोर्टल भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित है जिसके माध्यम से जानकारी/अनुमति प्राप्त करने हेतु आवेदन कर सकते है। उन्होने बताया कि पोलिंग पार्टियां विक्टोरियां पार्क से रवाना होगी। इस अवसर पर एसएसपी रोहित सिंह सजवाण, सीडीओ नूपुर गोयल, ज्वाईंट मजिस्ट्रेट श्रुति शर्मा, ज्वाईंट मजिस्ट्रेट गामिनी सिंगला, अपर जिलाधिकारी प्रशासन बलराम सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर बृजेश सिंह, नगर मजिस्ट्रेट अनिल कुमार, जिला सूचना अधिकारी सुमित कुमार सहित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' प्रतियोगिता में शिक्षा प्रथम

**मवाना,** 16 मार्च (देशबन्धु)। एएस (पीजी) कालेज, मवाना की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई-1 व 2 के सात दिवसीय शिविर का शुभारम्भ शनिवार को बड़ा महादेव मन्दिर परिसर में किया गया। शिविर का शुभारम्भ प्रोफेसर दुलीचन्द महला व संजीव कुमार ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के समक्ष पुष्प अर्पित कर किया।

प्रोफेसर दुलीचन्द महला ने स्वयं सेवकों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलायी एवं सात दिवसीय शिविर में होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी। कार्यक्रम अधिकारी डा. कुलदीप मलिक ने शिविर के स्वयं सेवकों की दस टीमों का गठन किया। शिविर के प्रथम सत्र में स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वयं सेवकों ने मुख्य सड़क पर आने-जाने वाले व्यक्तियों को कूड़ा न फैलाने का अनुरोध किया एवं शिविर के बाहर लगी अस्थायी दुकान वालों को साफ-सफाई के लिए जागरुक किया। इसके पश्चात रसायन विभाग के प्रोफेसर संजीव कुमार ने स्वयं सेवकों को समाज के लोगो के साथ मिलकर समाज के लिये राष्ट्र सेवा एवं पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य एवं साफ-सफाई, समाजिक कुरीतियों, प्राकृतिक आपदा आदि के लिए स्वयं सेवकों को सदैव तत्पर रहने का आह्वान किया।

### सार संक्षेप

## रोहित शाक्य बनें राष्ट्रीय मजदूर सभा के राष्ट्रीय महासचिव

फर्रुखाबाद। समाजवादी राष्ट्रीय मजदूर सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल निगम वारसी ने कांग्रेस से इस्तीफा देकर आए घेरशामू खां फर्रुखाबाद निवासी रोहित शाक्य को मजदूर सभा में राष्ट्रीय महासचिव मनोनीत किया । इस अवसर पर उन्होंने रोहित शाक्य को शुभकामनाएं और बधाई देते हुए कहा की जिम्मेदारी भी बड़ी है और आगे लड़ाई भी बड़ी है इसलिए रोहित शाक्य को जनपद फर्रुखाबाद के गठबंधन के प्रत्याशी नवल किशोर शाक्य को जिताने के लिए हर तरह से प्रयासरित होकर लगने के लिए कहा। रोहित शाक्य ने शीर्ष नेतृत्व का ध्यान धन्यवाद करते हुए कहा कि उन्हें जो यह अत्यंत महत्वपूर्ण जिम्मेदारी राष्ट्रीय मजदूर सभा में मिली है उसका वह निष्ठा पूर्वक निर्वहन करेंगे और आने वाले लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी को भारी बहुमत से जिताने का काम करेंगे। इस अवसर पर उनके समर्थकों ने उनका फूल-मालाओं से स्वागत किया। यह जानकारी जिला प्रवक्ता विवेक यादव ने दी।

## अम्बेडकर पार्क में आज समाज की बुलाई गई मीटिंग

**मवाना।** नगर में पूर्व की भांति इस वर्ष भी मवाना नगर में 14 अप्रैल को निकाली जाने वाली अंबेडकर शोभायात्रा के लिए 17 अप्रैल रविवार को समाज की एक मीटिंग अंबेडकर पार्क में बुलाई गई है जिसका समय शाम 5 बजे का रखा गया है। बसपा के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सुनीत कुमार ने बताया कि अंबेडकर शोभायात्रा निकालने के लिए रविवार को समाज की एक मीटिंग शाम पांच बजे अंबेडकर पार्क मवाना पर होगी जिसमे समाज द्वारा अध्यक्ष का चुनाव किया जाएगा। सम्मानित समाज समय पर मीटिंग में पहुंचे और अपने विचार रखे।

## प्रभु की भक्ति में कोई विघ्न नहीं डालना चाहिए

**मवाना।** हस्तिनापुर रोड स्थित भक्ति प्रकृति सेवा संस्थान के तत्वावधान में कराई जा रही श्रीमद्भागवत कथ्था के दूसरे दिन कथा व्यास मोहन गोकुल धाम पीठाधीश्वर हरिद्वार से पधारे कृष्णा संजय महाराज ने भागवत की महिमा और भक्त ध्रुव चरित्र विस्तार से सुनाया। परिक्षित के रुप में अमर रस्तोगी और अंकिता रस्तोगी ने वेदी पूजन किया।

## दबंगों ने ट्रैक्टर से नष्ट कर दी गेंदे की फसल

**मवाना।** फलावदा थाना क्षेत्र के गांव गड़ीना में शुक्रवार देर रात दबंगों ने किसान के खेत में खड़ी गेंदे के फूल की फसल पर ट्रैक्टर-रोटावेटर चलाकर नष्ट कर दी। पीड़ित किसान ने मामले की शिकायत थाना पुलिस के अलावा, केन्द्रीय मंत्री संजीव बालियान, एसडीएम एवं जिलाधिकारी मेरठ से की है। तहरीर में गड़ीना निवासी अंकित सैनी ने कहा कि वह गेंदे के फूलों की खेती कर परिवार का पालन पोषण कर रहा है। उसने छह बीघा खेत पर गेंदा के फूल की फसल बो रखी थी। आरोप है कि गांव के दबंगों ने शुक्रवार देर रात गेंदा के फूल की फसल पर ट्रैक्टर चला कर नष्ट कर दिया है। विरोध करने पर दबंगों ने पीड़ित किसान और उसकी पत्नी को गांव छोड़ने एवं जान से मारने की धमकी देकर उसके खेत पर कब्जा कर लिया है।

## मेरठ कॉलेज में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित



**मेरठ,** 16 मार्च (देशबन्धु)। साहित्यिक सांस्कृतिक परिषद के तत्वाधान में मेरठ कॉलेज के मूट कोर्ट हाल में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रोफेसर सीमा पंवार, मुख्य नियंत्रण प्रोफेसर वीरेंद्र कुमार एवं सभी सदस्यों ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस प्रतियोगिता में कॉलेज के सभी संकायो से 6 टीम ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर रेखा राणा ने किया।

कार्यक्रम में परिषद के सभी सदस्य प्रोफेसर एस के एस यादव, प्रोफेसर मोनिका भटनागर ,प्रोफेसर अमृतलाल, प्रोफेसर सांत्वना शर्मा, प्रोफेसर निशा मनीष, प्रोफेसर अर्चना सिंह प्रोफेसर संगीता उपाध्याय, प्रोफेसर सीमा शर्मा, डॉ. अशोक शर्मा ,डॉ दीपक वर्मा, श्रीरमेश यादव, सुश्री निधि एवं अन्य संकायों से प्रोफेसर नीरज कुमार, प्रोफेसर लव लता सिंधु, प्रोफेसर मीनाक्षी शर्मा, डॉ अरविंद एवं डॉक्टर रेखा खत्री इत्यादि उपस्थित रहे। सभी संकायों के विद्यार्थियों ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। इस क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान विज्ञान एवं शिक्षा संकाय ने संयुक्त रूप से प्राप्त किया द्वितीय स्थान विधि संकाय तृतीय स्थान सेल्फ फाइनेंस संकाय की टीम ने प्राप्त किया।

## मोमेन्टो एवं प्रशस्ति पत्र देकर कमिश्नर व डीएम ने किया सम्मानित



**मतदाता आईकन सम्मान समारोह**

**मेरठ,** 16 मार्च (देशबन्धु)। विकास भवन सभागार में स्वीप के अंतर्गत चलाये जा रहे मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में अपनी सहभागिता प्रदान करने वाले मतदाता आईकन सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विकास भवन में बनाई गई स्वीप गैलरी का आयुक्त सेल्वा कुमारी जे0 एवं जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया तथा सेल्फी पाइंट पर अधिकारियो द्वारा सेल्फी ली गई और मतदाता जागरूकता हेतु हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। आयुक्त एवं जिलाधिकारी द्वारा समस्त स्वीप आईकन को मोमेन्टो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। आयुक्त ने कहा कि मतदाता जागरूकता हेतु जिला प्रशासन द्वारा स्वीप के माध्यम से लगातार प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। आमजनमानस से अपील है कि मतदान वाले दिन अपना मत अवश्य दें। इस संबंध में उन्होने कहा कि सभी मतदाता वोटर लिस्ट में अपना नाम चैक करते हुये अपने बूथ को भी देख लें जिससे कि मतदान वाले दिन किसी भी मतदाता को नाम और बूथ को लेकर समस्या उत्पन्न न हो। उन्होने कहा कि लोकतंत्र का यह बहुत बडा पर्व है जिसमें समाज के प्रत्येक वर्ग की सहभागिता सुनिश्चित है तथा 18 वर्ष से ऊपर के प्रत्येक नागरिक को संविधान द्वारा अधिकार प्रदत्त है।

## प्रधान की गुंडई से पीड़ित महिला ने तहसील में आग लगाने का किया प्रयास

**फर्रुखाबा,** ( देशबन्धु)। प्रधान की गुंडई से पीड़ित महिला ने तहसील दिवस में पेट्रोल डालकर आग लगाने का प्रयास किया। महिला को समझा कर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। अधिकारियों ने मौके पर जाकर कार्रवाई की। कोतवाली मोहम्मदाबाद के पिपरगांव निवासी अलादीन की पुत्री जनवरी बेगम ने मजबूरन जान देने का दुस्साहसिक कार्य किया है। आम लोगों की तरह जनवरी बेगम ने तहसील दिवस में एसडीएम सदर को शिकायती पत्र दिया आमतौर से एसडीएम ने शिकायती पथ पर कार्रवाई करने का आदेश कर दिया। कोई पूछताछ न किए जाने और न ही कोई कार्रवाई किए जाने से महिला काफी दुखी हो गई। सभागार के बाहर निकलने पर महिला ने गैलरी में पेट्रोल अपने शरीर के ऊपर डाल लिया और आग लगाने के लिए माचिस जलाने लगी। वहां एडीएम का सुरक्षा कार्ड प्रवेश कुमार मौजूद था पेट्रोल की महक लगने पर उसकी नजर महिला पर पड़ी। उसने तुरंत ही महिला को पकड़ लिया महिला कोल्ड ड्रिंक की एक लीटर की बोतल में पेट्रोल छिपा कर ले गई थी। घटना की जानकारी होते ही अधिकारियों व कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। हंगामा होते ही तहसील दिवस में मौजूद एडीएम एसडीएम तहसीलदार एवं सीओ महिला के पास पहुंचे उसे समझा कर सभागार में ले जाया गया।एसडीम पीड़ित महिला से घटना के बारे में पूछताछ की बाद में गांव ले जाकर कार्रवाई करने के नाम पर महिला को लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### किसान सम्मान समारोह एवं किसान स्वास्थ्य संगोष्ठी आयोजित

## वेंक्टेश्वरा ने जारी किए किसान हेल्थ कार्ड

- **किसान स्वास्थ्य बीमा की तर्ज पर होगा इलाज**
- **ग्राम प्रधानों व किसानों को शॉल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया**



**मेरठ,** 16 मार्च (देशबन्धु)। राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय, विम्स मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पीटल एवं वी.जी.आई. मेरठ के संयुक्त तत्वाधान में वेस्ट यू.पी. के अमरोहा, मेरठ, हापुड़, सम्भल, बिजनौर एवं मुरादाबाद आदि के 322 से अधिक ग्राम प्रधानों एवं प्रगतिशील किसान भाईयों को शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा कृषि मंत्रालय, भारत सरकार के प्रमुख सलाहकार पद्मश्री डॉ. भारत भूषण त्यागी ने किसान भाईयों को मौसमी फसलो गन्ना, गेंहू व सरसो को विभिन्न प्रकार की बिमारीयों से बचाने के उपायों पर विस्तृत चर्चा करते हुए किसानों की आय को दोगुना करने के तरीकों को विस्तार से समझाया। वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय संस्थान के डॉ. लालबहादुर शास्त्री केन्द्रीय सभागार में आयोजित ''वेंक्टेश्वरा किसान सम्मान समारोह एवं किसान स्वास्थ्य संगोष्ठी-2024'' का शुभारम्भ वेंक्टेश्वरा समूह के चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, प्रधान सलाहकार डॉ. वी.पी.एस. अरोड़ा कुलपति डॉ. ए.के. शुक्ला, सी.ई.ओ. अजय श्रीवास्तव एवं कुलसचिव डॉ. पीयूष पाण्डे आदि ने सरस्वती माँ की प्रतिमा के सन्मुख दीप प्रज्जवलित करके किया। डॉ. सुधीर गिरि ने कहा कि भारत जैसे दुनियाँ के सबसे शक्तिशाली लोकतांत्रिक देश की पूरी अर्थव्यवस्था कृषि पर आधारित है एवं देश का सम्मानित अन्नदाता किसान भाई इसकी अन्तरआत्मा हैं। शिक्षा एवं स्वास्थ्य दोनो आमजनमानस की बुनियादी जरूरतें हैं। हम पश्चिमी यू.पी. के लोगों को अच्छी गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के साथ-साथ विश्वस्तरीय निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाऐं देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। हम आपके अच्छे स्वास्थ्य की कामना करते है, एवं आपको सम्मानित करते हुए आज हम स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहे है। डॉ. राजीव त्यागी ने कहा कि आदरणीय समूह चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि की दूरदर्शी सोच ''अन्त्योदय तक स्वास्थ्य सेवाओं'' को आगे बढ़ाते हुए विम्स हॉस्पिटल ने 'किसान स्वास्थ्य बीमा' की तर्ज पर 'वेंक्टेश्वरा किसान स्वास्थ्य कार्ड' लांच किया है।



- उन्नाव जिले में शनिवार को पासिंग परेड का समापन किया गया। जिसके चीफ गेस्ट एडीजी नवनीत सिखेरा रहे। नवनीत पीटीसी उन्नाव अकादमी के इंचार्ज भी है। इस अवसर पर मेरठ निवासी तेजपाल सिंह के बेटे भूपेंद्र नवात सब इंस्पेक्टर के स्टार लगाए गए। भूपेंद्र नवात को रायबरेली में तैनात किए गए हैं। इस दौरान उनके माता-पिता व बड़ा भाई दीपांशु भी मौजूद रहे। (फौटो देशबन्धु)

### राहत 2.41 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले नालों का चल रहा निर्माण

# मवाना हाईवे पर नहीं होगा जलभराव, आमजन को मिलेगी राहत

**मवाना, 16 मार्च (देशबन्धु)। मवाना हाईवे पर वर्षा के दौरान इस बार जलभराव नहीं होगा। जलभराव से मुक्ति पाने के लिए 2.41 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले नालों का निर्माण कार्य जोरों पर चल रहा है। वहीं जल संरक्षण के लिए चार तालाबों का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। इस कार्य पर नगर पालिका के 4.59 करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान है। मवाना नगर को स्मार्ट सिटी बनाने सम्बंधी प्रस्ताव स्वीकृति के लिए शासन को भेजे जा चुके है।**

दूसरी ओर मवाना नगर में दो करोड़ रुपये की लागत से नई कान्हा गौशाला का निर्माण किया जा रहा है, जिसमें सौ से अधिक गोवंश रह सकेंगे। यह जानकारी नगर पालिका कार्यालय में दोपहर डेढ़ बजे बुलाई प्रेस वार्ता में चेयरमैन अखिल कौशिक ने दी।

उन्होंने बताया कि वार्ड 17 मोहल्ला काबलीगेट हस्तिनापुर रोड इंडियन बैंक के पास से पक्का तालाब तक, वार्ड 25 में मोहल्ला तिहाई मकदूमपुर रोड पर नाला पुल से फुरकान के मकान तक, वार्ड 15 मोहल्ला हीरालाल में नाला पुल से संजय सैनी की दुकान तक, वार्ड 11 हस्तिनापुर रोड पर थाने के सामने से आरसीसी कवर्ड नाला निर्माण, वार्ड 22 कूड़ा प्लांट के सामने से वंदना विहार तक, वार्ड 11 में मुबारिकपुर रोड शिवम आटा चक्की से शिव मंदिर के पास तक, वार्ड छह मुबारिकपुर तिराहे से वाल्मीकि बस्ती तक, वार्ड 7 मोहल्ला हीरालाल में स्नेह नर्सिंग होम के सामने से सरकारी अस्पताल तक, वार्ड चार में प्रेमनाथ मंदिर से बड़े नाले तक और वार्ड 7 व 19 हस्तिनापुर रोड पर महिला अस्पताल से बड़े नाले तक नाला निर्माण कार्य कराये जा रहे है। इन नालों का निर्माण अप्रैल माह तक पूरा करा दिया जायेगा। उन्होंने उम्मीद जताई की कि इन नालों के निर्माण होने के बाद मेरठ हस्तिनापुर हाईवे पर जलभराव नहीं हो सकेगा। उन्होंने बताया कि मवाना नगर में दो नये यात्री शेड रोडवेज बस स्टैंड के सामने व किला परीक्षतगढ़ बस स्टैंड पर बनाये जायेंगे, वहीं दो पुराने यात्री शेड की मरम्मत कराई जायेगी। साथ ही जल संरक्षण के लिए चार तालाबों के जीर्णोद्धार का कार्य शुरू हो चुका है। इन पर 4.59 करोड़ रुपये खर्च होंगे। वहीं नगर पालिका एक पोकलेन मशीन और मीनी रोबोट मशीन खरीदेगी। इन प्रस्ताव डीएम के माध्यम से शासन को भेजे जा चुके है। इन दोनों से नालों की सफाई जल्द हो जाएगी। ये दोनों मशीनें नाले चैक की समस्या कुछ समय में दूर कर देगी।



- **जल संरक्षण के लिए चार तालाबों का होगा जीर्णोद्धार**
- **प्रेस वार्ता में चेयरमैन अखिल कौशिक ने दी जानकारी**

### भाजपा सभी का कर रही है विकास

चेयरमैन अखिल कौशिक ने दावा किया कि नगर पालिका ने प्रधानमंत्री आवास योजना में 289 आवास बहुसंख्यक वर्ग के और 408 मकान अल्पसंख्यक वर्ग के बनवाए गए है। प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थीयों की सूची दिखाते हुए उन्होंने बताया कि पीएम स्वनिधि योजना में 1039 बहुसंख्यक वर्ग के लोगों को और 1214 अल्पसंख्यक वर्ग के लोगों को बैंकों के माध्यम से ऋण दिलाया गया। भारतीय जनता पार्टी बिना किसी भेदभाव के काम कर रही है, इससे बड़ा उदाहरण कहीं नहीं हो सकता है। यह सब आंकड़े नगरपालिका कार्यालय के हैं।

# दुनिया रंग-बिरंगी

## अभिषेक बच्चन को लेकर फिल्म बनाएंगे शूजित सरकार

**मुंबई।** बॉलीवुड के जानेमाने निर्देशक शुजित सरकार जूनियर बी अभिषेक बच्चन को लेकर फिल्म बनाने जा रहे हैं। 'विक्की डोनर', पीकू और 'पिंक' जैसी कई सुपरहिट फिल्में बना चुके शूजित सरकार जल्द ही अपनी अगली फिल्म शुरू करने के लिए तैयार हैं। शूजित सरकार की इस फिल्म में अभिषेक बच्चन की मुख्य भूमिका होगी। शूजित सरकार ने बताया मैं अपनी अगली फिल्म के लिए अभिषेक बच्चन के साथ काम कर रहा हूं। मेरी कहानियां हमेशा जीवन से जुड़ी होती हैं और उनमें ह्यूमर भी होता है। मैंने हमेशा जीवन की यात्रा को मुख्य विषय मानकर अलग-अलग शैलियों के साथ प्रयोग करने का प्रयास किया है। यह एक इमोशनल फिल्म है। मेरी सभी फिल्मों का लक्ष्य दुनिया भर के दर्शकों तक पहुंचाना है।

## काम से लौटने के बाद अपने बच्चे को गले लगाना सबसे अच्छा एहसास : दीपिका सिंह



**मुंबई,** 16 मार्च (एजेंसियां)। एक्ट्रेस दीपिका सिंह ने बताया कि वह अपने बिजी शेड्यूल के बाद भी डांस के प्रति अपने जुनून को जारी रखती हैं। वह अपने स्किल को निखारती हैं और अपने बच्चे के साथ समय बिताती हैं। इससे वह बैलेंस रह पाती हैं। दीपिका अभी शो 'मंगल लक्ष्मी' में मंगल का किरदार निभा रही हैं, जो दो बहनों की कहानी है और अपने रिश्तों में एक-दूसरे की गरिमा को बनाए रखने का प्रयास करती हैं।

कहानी में मंगल एक प्यारी मां, एक पत्नी और एक आदर्श बहू की भूमिका के बीच संघर्ष कर रही है। इसी तरह, अपने वास्तविक जीवन में, दीपिका, जो 'दीया और बाती हम' में अपने काम के लिए जानी जाती हैं, अपने मातृत्व के दिनों, अभिनय और पेशेवर नृत्य के बीच संघर्ष कर रही हैं।

## भारतीय विज्ञान संस्थान के अध्ययन में खुलासा

# भीषण जल संकट, अन्य शहरों पर भी मंडराता खतरा



**बेंगलुरु,** 16 मार्च (एजेंसियां)। बेंगलुरु और आस-पास के इलाकों में जल संकट गहराता जा रहा है। कर्नाटक के उप-मुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने कहा है कि राज्य पिछले चार दशकों के सबसे बुरे सूखे से गुज़र रहा है।

भारतीय विज्ञान संस्थान (इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ साइंस) के एक अध्ययन के मुताबिक पिछले कुछ दशकों के शहरीकरण के दौरान, बेंगलुरु में कंक्रीट के ढाचों और पक्की जमीनों में 1,055 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। वहीं, जल प्रसार क्षेत्र में 79 प्रतिशत की गिरावट हुई है जिससे पेयजल की भारी कमी हुई है। अध्ययन में यह भी कहा गया है कि शहर की 98 प्रतिशत झीलों पर अतिक्रमण हो चुका है जबकि 90 प्रतिशत में सीवेज और उद्योगों का कचरा भर गया है।

जल संकट की गंभीरता का अंदाज़ा इसी बात से लगाया जा सकता है कि मुख्यमंत्री आवास पर भी पानी के टैंकर देखे गए हैं। वहीं शिवकुमार ने कहा कि पहली बार ऐसा हुआ कि उनके घर के बोरवेल में भी पानी नहीं आ रहा है। बेंगलुरु को प्रतिदिन 2,600-2,800 मिलियन लीटर पानी की आवश्यकता होती है, और वर्तमान आपूर्ति आवश्यकता से आधी है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए बेंगलुरु वाटर सप्लाई एंड सीवरेज बोर्ड (बीडब्ल्यूएसएसबी) ने पेयजल के गैर-जरूरी उपयोग पर 5,000 रुपए का जुर्माना लगाया गया है। जल संकट के बीच कई लोग शहर से पलायन करने लगे हैं।

ऐसा ही जलसंकट 2019 में चेन्नई में भी हुआ था। हैदराबाद में भी ऐसे ही संकट की आहट सुनाई दे रही है। हाल ही में नीति आयोग की एक रिपोर्ट में कहा गया कि 2030 तक भारत के करीब 10 शहरों में भारी जल संकट देखने को मिल सकता है।

### बेंगलुरु को प्रतिदिन 2,600-2,800 मिलियन लीटर पानी की आवश्यकता

**जनवरी के बाद फरवरी ने भी तोड़ा रिकॉर्ड**

वैज्ञानिकों के मुताबिक जनवरी के बाद बीती फरवरी का तापमान भी वैश्विक रूप से रिकॉर्ड स्तर पर रहा। यह लगातार नवां महीना है जिसमें ऊंचे तापमान का रिकॉर्ड बना है। यूरोपियन यूनियन के कॉपरनिक्स क्लाइमेट चेंज सर्विस सेंटर के मुताबिक वैश्विक समुद्र सतह तापमान भी रिकॉर्ड स्तर पर रहा। आंकड़े बताते हैं कि फरवरी में तापमान प्री-इंडस्ट्रियल (1850-1900 का औसत तापमान) लेवल से 1.77 डिग्री सेंटीग्रेट ऊपर रहा। 1991 से 2020 के औसत तापमान से यह 0.81 डिग्री ऊपर रहा। पिछले 12 महीनों का औसत वैश्विक तापमान वृद्धि 1.56 डिग्री रही है।

यूरोप के तापमान को देखें तो 1991-2020 की तुलना में तापमान वृद्धि 3.3 डिग्री की रही। यूरोप में दिसम्बर से फरवरी तक का समय महाद्वीप पर अब तक की दूसरा सबसे गर्म सर्दियां रही हैं। अगर ध्रुवीय हिस्सों (पोलर क्षेत्र) को छोड़ दें तो उसके बाहर औसत वैश्विक समुद्र सतह तापमान उच्चतम रहे। यह पहले के 20.98 डिग्री के तापमान को तोड़कर 21.06 डिग्री दर्ज किया गया यह आंकड़े बताते हैं कि धरती की तापमान वृद्धि (थोड़े समय के लिये ही सही) 1.5 डिग्री के उस बैरियर को पार कर गई है जिसके बाद पृथ्वी पर क्लाइमेट चेंज के दीर्घ अवधि के लिये विनाशक परिणाम होंगे।

**यूरोप पर मंडराता 'विनाशकारी जलवायु परिवर्तन संकट'**

पूरे यूरोप में सभी देशों को क्लाइमेट चेंज के विनाशकारी परिणामों के लिए तैयार हो जाना चाहिए। यहां भयानक बाढ़, सूखा और हीटवेव जैसी चरम मौसमी घटनाओं की मार पड़ेगी और समाज और अर्थव्यवस्था में उसका स्पष्ट असर दिखाई देगा। यह बात सोमवार को यूरोपीय यूनियन की क्लाइमेट एजेंसी ने कही।

# 85 साल से ज्यादा उम्र के लोग व 40 प्रतिशत से ज्यादा दिव्यांग कर सकेंगे घर से मत

**नई दिल्ली,** 16 मार्च (एजेंसियां)। वर्ष 2024 के लिए होने जा रहे लोकसभा चुनाव में 85 साल से ज्यादा उम्र के बुजुर्ग और 40 प्रतिशत से ज्यादा दिव्यांगता वाले व्यक्ति घर से ही अपना वोट डाल सकेंगे। चुनाव आयोग ने इसके लिए विशेष प्रबंध किए हैं। भारतीय चुनाव आयोग के मुताबिक, देश भर में 85 वर्ष से अधिक के कुल 82 लाख मतदाता हैं। 100 साल से ज्यादा उम्र के 2.18 लाख मतदाता हैं और दिव्यांगजनों की संख्या 88.4 लाख है।

आयोग के मुताबिक घर से वोट डालने के इच्छुक ऐसे मतदाताओं को एक फॉर्म भरना होगा। इसके लिए एक ऐप का उपयोग किया जा सकता है। फॉर्म भर कर जमा करवाने के बाद बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाता अपने घर से ही मतदान कर सकेंगे।

बुजुर्ग मतदाताओं के लिए यह सुविधा प्रदान करने के साथ ही मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि यह देखा गया है कि बुजुर्ग मतदाता मतदान केंद्र में पहुंचकर मतदान करना अधिक पसंद करते हैं। यही कारण है कि मतदान केंद्रों पर बुजुर्गों की सहायता के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं।



भारतीय चुनाव आयोग के मुताबिक, सभी मतदान केंद्रो पर पीने के पानी, टॉयलेट, साइनेज, दिव्यांगों के लिए व्हीलचेयर, रैंप, सहायता केंद्र, वोटर फैसिलिटेशन सेंटर, पर्याप्त बिजली और शेड की व्यवस्था की जाएगी।

भारतीय चुनाव आयोग ने इस बार जो सुविधा बुजुर्गों और दिव्यांगों के लिए की है, वह बेहद अलग है। उन्होंने सभी 10 लाख 48 हजार मतदाता केंद्रों पर वॉलिंटियर्स और व्हीलचेयर का होना सुनिश्चित किया है। इसके साथ ही दिव्यांग और बुजुर्गों के लिए ट्रांसपोर्ट की फैसिलिटी भी प्रोवाइड कराए जाने की बात की गई है।

मुख्य चुनाव आयुक्त ने बताया है कि 'सक्षम' ऐप के जरिए दिव्यांगजन ये सभी सुविधाएं ले सकते हैं।

मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा है कि सभी पोलिंग स्टेशन पर सुनिश्चित किया जाए कि जब वहां कोई भी बुजुर्ग या दिव्यांग पहुंचे तो वहां पर वॉलिंटियर मौजूद हो और पर्याप्त संख्या में व्हील चेयर की मौजूदगी भी सुनिश्चित की जाए।

गौरतलब है कि लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान हो गया है। देश भर में 7 चरणों में चुनाव होंगे। भारतीय चुनाव आयोग ने शनिवार को ये घोषणा की।

मुख्य चुनाव अधिकारी राजीव कुमार ने कहा कि देशभर के सभी 10 लाख 48 हजार मतदान केंद्रों पर सभी बेसिक सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी।

# कतर्नियाघाट में बढ़ रही घड़ियालों की तादाद

**बहराइच,** 16 मार्च (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले के कतर्नियाघाट में घड़ियालों का कुनबा बढ़ता जा रहा है। इसी क्रम में आज घड़ियाल पुनर्वास केंद्र कुकरैल लखनऊ से 75 घड़ियाल के बच्चे लाए गए जिन्हें वन क्षेत्राधिकारी कतर्नियाघाट अनूप कुमार के नेतृत्व में सुरक्षित गेरुआ नदी में छोड़ा गया।

तराई क्षेत्र में स्थित कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग में वन्य जीवों के साथ जलीय जीवों की वंशवृद्धि तेजी हो रही है। अब गेरुआ नदी घड़ियाल का प्राकृतिक प्रवास बन रहा है। घड़ियाल पुनर्वास केंद्र कुकरैल लखनऊ से लाकर 75 नन्हें घड़ियालों को कतर्नियाघाट की गेरुआ नदी में छोड़ा गया है। वन क्षेत्राधिकारी कतर्नियाघाट अनूप कुमार ने बताया कि गेरुआ नदी में छोड़े गए इन घड़ियाल के बच्चों में 11 नर और 64 मादा घड़ियाल हैं। रेंजर ने बताया कि यहां की जलवायु घड़ियाल के बच्चों के हर तरह के विकास के लिए बेहद मुफीद है। साथ ही पर्याप्त भोजन भी गेरुआ नदी में उन्हें मिल रहा है। प्राकृतिक रूप से घड़ियाल का गेरुआ में होना भी जरूरी है। वन दारोगा मयंक पांडेय, आउटरीच प्रोग्राम इंचार्ज शाश्वतराज मौजूद रहे। रेंजर ने बताया कि कुकरैल से घड़ियाल के बच्चों को प्लास्टिक पाईप में नंबरिंग मार्किंग कर लाया जाता है जिन्हें 24 घंटे के भीतर पानी में छोड़ा जाना आवश्यक होता है। नंबरिंग मार्किंग की प्रक्रिया विशेषज्ञों की निगरानी में होता है। इस प्रक्रिया में घड़ियाल के पूंछ के ऊपर के नोंक की कटिंग की जाती है। घड़ियाल का कुनबा लगातार बढ़ने से यहां वन्यजीव प्रेमियों में खुशी की लहर है।

### घड़ियाल के बच्चों में 11 नर और 64 मादा



# बिग बी ने एंजियोप्लास्टी कराने की खबरों का किया खंडन

**मुंबई,** 16 मार्च (एजेंसियां)। बॉलीवुड के मेगास्टार अमिताभ बच्चन ने हाल ही में खुद के अस्पताल में भर्ती होने और एंजियोप्लास्टी कराने की खबरों को सिरे से खारिज कर इसे फेक बताया है। 15 मार्च को खबर आई थी कि बिग-बी को मुंबई के कोकिलाबेन अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

सूत्रों ने कहा था, 'उनकी एंजियोप्लास्टी हुई, लेकिन उनके स्वास्थ्य अपडेट के बारे में अभी तक कोई पुष्टि नहीं हुई है।'

सोशल मीडिया पर अब एक नया वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें अमिताभ बच्चन इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग के माझी मुंबई और टाइगर्स ऑफ कोलकाता के बीच मैच का लुत्फ उठाते हुए दिखाई दे रहे हैं, साथ ही वो मुस्कुरा भी रहे हैं। अमिताभ ने सफेद हुडी और काली पतलून पहनी हुई है और वह अपनी टीम 'माझी मुंबई' का समर्थन करते नजर आए। सामने आए वीडियो में देखा जा सकता है कि 81 वर्षीय अभिनेता फोटोग्राफरों से बात कर रहे हैं, 'मैं बिल्कुल ठीक हूं और यह खबर पूरी तरह से झूठी है।' वहीं, बिग-बी ने कैप्शन में लिखा कि आईएसपीएल फाइनल में महान सचिन के साथ शाम बिताना और क्रिकेट के बारे में उनके अविश्वसनीय ज्ञान को सीखना कितना अच्छा अनुभव है।



अभिनेत्री इला अरुण ने टिप्पणी की, 'वाह, आप जीवन से भरपूर हैं, अमित जी, अमर रहें।' वहीं, अगर उनके वर्क फ्रंट की बात करें, तो वो 'कल्कि 2898 एडी', 'बटरफ्लाई' और 'वेट्टाइयां' फिल्म में नजर आएंगे।

## 'तेरी मेरी डोरियां' लीप के लिए तैयार, योगेन्द्र विक्रम सिंह होंगे शामिल



**मुंबई,** 16 मार्च (एजेंसियां)। विजयेंद्र कुमेरिया और हिमांशी पाराशर-स्टारर शो 'तेरी मेरी डोरियां' एक लीप लेने के लिए पूरी तरह तैयार है और इसमें योगेन्द्र विक्रम सिंह द्वारा निभाए गए एक नए किरदार को पेश किया जाएगा। शो का वर्तमान ट्रैक अंगद (विजयेंद्र), साहिबा (हिमांशी) और सीरत (रूपम शर्मा) के इर्द-गिर्द घूमता है। सीरत अंगद की प्लास्टिक सर्जरी की योजना बनाकर अंगद और साहिबा के जीवन में तबाही मचाने की साजिश रच रही है, जिसकी भनक साहिबा को लग जाती है और वह अंगद को बचाने की कोशिश करती है। निर्माताओं ने एक दिलचस्प प्रोमो जारी किया है, जिससे पता चलता है कि नाटक लीप लेने के लिए तैयार है। प्रोमो में एक नए किरदार, योगेन्द्र का परिचय दिया गया है, जिसे आखिरी बार शो 'गुम है किसी के प्यार में' में देखा गया था। प्रोमो में लीप के बाद अंगद और साहिबा की जिंदगी को दिखाया गया है, जबकि साहिबा ने अपने बेटे और एक रहस्यमय आदमी के साथ अपनी जिंदगी शुरू की है।




# प्रदूषण के लिए राजस्थान के छबड़ा थर्मल पावर स्टेशन को मिला

**भीलवड़ा,** 16 मार्च (एजेंसियां)। राजस्थान में एक और सरकारी थर्मल पावर प्लांट को पर्यावरण को नुकसान पहुंचाते हुए पाया गया है और कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। झालावाड़ जिले में कालीसिंध थर्मल पावर प्लांट पर जुर्माना लगाए जाने के लगभग एक महीने बाद, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (आरएसपीसीबी) ने बारां जिले में छबड़ा थर्मल पावर स्टेशन के खिलाफ का यह कदम उठाया है।

'पॉल्यूटर पे प्रिंसिपल' (यह सिद्धांत कि प्रदूषण नियंत्रित करने का खर्च प्रदूषक को वहन करना चाहिए) के अनुसार, आरएसपीसीबी ने अनुमान लगाया है कि सीटीपीएस पर 2.01 करोड़ रुपए का पर्यावरणीय मुआवजा लगाया जाना है। पावर स्टेशन के निरीक्षण के बाद, आरएसपीसीबी टीम ने बताया कि इकाई जल अधिनियम, 1974 के प्रावधानों का पालन करने में गंभीर रूप से विफल रही। साथ ही वायु अधिनियम, 1981, पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986, और 2006 की ईआईए अधिसूचना, जिसे बोर्ड द्वारा अत्यंत गंभीरता से देखा जाता है, का पालन करने में भी विफल रही।



**देश के कई शहरों में हवा दमघोंटू**

हमारे देश के कुछ शहरों की हवा बहुत प्रदूषित है और सांस लेना मुश्किल है। अगरतला, चंद्रपुर, गुरुग्राम, गुवाहाटी, नलबाड़ी और रूपनगर में वायु प्रदूषण गंभीर है। इन शहरों में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 200 से ऊपर है और 251 एक्यूआई के साथ चंद्रपुर की स्थिति सबसे खराब है।

इसी तरह देश के 119 शहरों में वायु गुणवत्ता मध्यम श्रेणी में बनी हुई है। 13 शहर ऐसे हैं जहां हवा साफ है और प्रदूषण का स्तर 50 या उससे नीचे है। वाराणसी में 24 अंक के साथ भारत में सबसे स्वच्छ हवा है। संतोषजनक वायु गुणवत्ता वाले शहरों का आंकड़ा 115 दर्ज किया गया था। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा 08 मार्च 2024 को जारी रिपोर्ट के मुताबिक, देश के 251 में से 13 शहरों में हवा 'बेहतर' (0-50 के बीच) रही। वहीं 113 शहरों में वायु गुणवत्ता 'संतोषजनक' (51-100 के बीच) है, गौरतलब है कि 07 मार्च 2024 यह आंकड़ा 115 दर्ज किया गया था। 119 शहरों में वायु गुणवत्ता 'मध्यम' (101-200 के बीच) रही।

**हाइकोर्ट ने कहा की झारखंड में ध्वनि प्रदूषण की शिकायत के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी करे सरकार**

रांची शहर में ध्वनि प्रदूषण की बढ़ती समस्या के बीच, झारखंड उच्च न्यायालय ने हाल ही में एक जनहित याचिका की

# [अर्थ जगत]

**सर्वाधिक बढने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| भारती एयरटेल | 2.10 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 1.89 प्रतिशत |
| मारुति | 0.71 प्रतिशत |
| बजाज फिनसर्व | 0.37 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 0.30 प्रतिशत |

**सर्वाधिक घटने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 4.75 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 2.23 प्रतिशत |
| एलटी | 1.97 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 1.94 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 1.91 प्रतिशत |

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 65425 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 73100 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 850 |
| बिकवाली | 880 |

**मुद्रा विनिमय**

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

**अनाज**

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2750-2850 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

**मोटा आनाज**

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

**शुगर**

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3590-3690 |
| चीनी एम | 4150-4250 |
| मिल डिलीवरी | 3470-3570 |
| गुड़ | 4600-4700 |

**दाल-दलहन**

| | |
|---|---|
| चना | 5500-5600 |
| दाल चना | 6500-6600 |
| मसूर काली | 7350-7450 |
| उड़द दाल | 10000-10100 |
| मूंग दाल | 9550-9650 |
| अरहर दाल | 12500-12600 |

## पेट्रोल व डीजल की कीमतों में बदलाव नहीं

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज कोई बदलाव नहीं हुआ, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



## भारत में 2030 तक दो ट्रिलियन डॉलर के निर्यात तक पहुंचने की क्षमता : यूनेस्कैप

■ 2023 में ऑनलाईन खरीद 19.4 प्रतिशत रही ■ यूपीआई ने ला दिया मनी ट्रांसफर में परिवर्तन

**लखनऊ,** 16 मार्च (एजेंसियां)। यूनाईटेड नेशंस इकॉनॉमिक एंड सोशल कमीशन फॉर एशिया एंड द पैसिफिक (यूनेस्कैप) के एक अध्ययन के मुताबिक भारत में 2030 तक दो ट्रिलियन डॉलर के निर्यात तक पहुंचने की क्षमता है।

यूनेस्कैप के अनुसार ईकॉमर्स की भूमिका और आर्थिक विकास लाने एवं व्यापार का विस्तार करने में इसके महत्व को देखते हुए एशिया पैसिफिक क्षेत्र का बाजार 2022 में 2.9 ट्रिलियन डॉलर से बढ़कर 2030 तक 6.146 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। अध्ययन के मुताबिक 2023 में ऑनलाईन खरीद कुल खरीद की 19.4 प्रतिशत रही। इसी को देखते हुए इंडियन काउंसिल फॉर रिसर्च ऑन इंटरनेशनल इकॉनॉमिक रिलेशंस (इक्रियर) ने यूनेस्कैप के साथ गठबंधन में पहली एशिया पैसिफिक ई-कॉमर्स पॉलिसी समिट का सफल समापन किया।




यह एशिया-पैसिफिक ई-कॉमर्स पॉलिसी समिट बिल्कुल उपयुक्त समय पर हुई है : डॉ. रूपा चंदा

संतोष कुमार सारंगी, एडिशनल सेक्रेटरी एवं डायरेक्टर जनरल, डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ फॉरेन ट्रेड (डीजीएफटी), एमओसीएंडआई, भारत सरकार ने व्यापार नियामकों के बीच एक्सपोर्ट के बदलते परिदृश्य को ध्यान में रखने जाने की जरूरत पर बल दिया। निजी कंपनियों, जैसे एमेज़ॉन एवं डीएचएल के साथ एमओयू करने से छोटे उद्यमों को विस्तृत सेवाएं प्रदान कर अंतरराष्ट्रीय बाजार में उतरने का अवसर मिलेगा। क्रॉस-बॉर्डर ई-कॉमर्स एक्सपोर्ट भारत में एक्सपोर्ट की क्षमता एवं इंटीग्रेशन के लक्ष्य प्राप्त करने के लिए एक व्यवस्थित मार्ग प्रदान करता है, जो नियामक अनुकूलन और बुनियादी ढांचे के विकास पर निर्भर है। एमेज़ॉन में वीपी पेमेंट्स, एशिया पैसिफिक, मिडिल ईस्ट एवं नॉर्थ अफ्रीका और लेटिन अमेरिका, महेंद्र नेरुरकर ने कहा, ''क्रॉस-बॉर्डर भुगतान में ग्राहकों का विश्वास और सुविधा महत्वपूर्ण हैं। उदाहरण के लिए यूपीआई ने पूरी प्रक्रिया को आसान बनाकर मनी ट्रांसफर में परिवर्तन ला दिया है। टेक्नोलॉजी ने कॉमर्स और पेमेंट्स का विस्तार किया है, और पारंपरिक जटिलताओं को दूर कर सभी के लिए कॉमर्स एवं भुगतान करना संभव बना दिया है। अब कई एमेज़ॉन ग्राहक सुविधाजनक प्रिपेड वॉलेट के विकल्प ज्यादा पसंद करते हैं।''

डॉ. रूपा चंदा ने कहा, ''यह एशिया-पैसिफिक ई-कॉमर्स पॉलिसी समिट बिल्कुल उपयुक्त समय पर हुई है। सरकार, व्यवसाय एवं शिक्षा जगत के हितधारकों को साथ लाकर यह न केवल ज्ञान और सर्वोत्तम विधियों को साझा करना संभव बनाएगी, बल्कि एशिया पैसिफिक क्षेत्र में ई-कॉमर्स का बेहतर भविष्य निर्धारित करने के लिए नए परिदृश्य एवं समाधान भी प्रदान करेगी।''

## सीसीआई ने गूगल के ऐप स्टोर बिलिंग की जांच के दिए आदेश




■ गूगल पर अपनी नीतियों को भेदभावपूर्ण तरीके से लागू करने का आरोप
■ जांच पूरी करने के लिए 60 दिन का दिया गया समय

**नई दिल्ली,** 16 मार्च (एजेंसियां)। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग ने शुक्रवार को अल्फाबेट की इकाई गूगल की जांच का आदेश दिया। टेक क्षेत्र की दिग्गज कंपनी पर देश के ऑनलाइन बाजार में अपनी प्रमुख स्थिति का फायदा उठाने का आरोप है। टेकक्रंच की रिपोर्ट के अनुसार, सीसीआई ने आदेश में कहा कि गूगल ने कथित तौर पर अपने ऐप स्टोर में अनुचित शर्तें और भेदभावपूर्ण प्रथाएं लागू कीं, जिससे देश के एंटीट्रस्ट कानून के कई प्रावधानों का उल्लंघन हुआ। कई भारतीय ऐप डेवलपर्स और उद्योग समूहों ने गूगल के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी और अतीत में उसकी अनुचित प्रथाओं के बारे में चिंता जताई थी। सीसीआई की जांच शाखा को जांच पूरी करने के लिए 60 दिन का समय दिया गया है। गूगल ने पिछले महीने अपनी बिलिंग नीतियों का अनुपालन नहीं करने की बात कहते हुए 10 भारतीय डेवलपर्स के 100 से अधिक ऐप्स हटा दिए थे। ऐप्स को बाद में बहाल कर दिया गया, लेकिन डेवलपर्स को अब प्ले स्टोर बिलिंग नीतियों का पालन करना होगा।

आयोग ने गूगल पर अपनी नीतियों को भेदभावपूर्ण तरीके से लागू करने का आरोप लगाया है। इसमें आरोप लगाया गया है कि गूगल डिजिटल सामान और सेवाएं प्रदान करने वाले ऐप्स और भौतिक सामान और सेवाएं प्रदान करने वाले ऐप्स के बीच मनमाना अंतर कर रहा है, भले ही वे प्ले स्टोर पर समान सुविधाएं प्रदान करते हों। स्टार्टअप संस्थापकों ने इस महीने की शुरुआत में कहा था कि वे इन-ऐप भुगतान पर 11 से 26 प्रतिशत शुल्क लगाने वाली नीति का विरोध करना जारी रखेंगे। ट्रूलीमैडली के सह-संस्थापक और सीईओ स्नेहिल खानोर ने कहा कि ऐप के राजस्व का 26 प्रतिशत तक चार्ज करना, ऐप डेवलपर्स के लिए एक महत्वपूर्ण वित्तीय बोझ है। एडीआईएफ सम्मेलन के दौरान संस्थापकों ने संवाददाताओं से कहा कि उनके ऐप्स डीलिस्ट होने के दूसरे दिन उनके कारोबार में लगभग 40 प्रतिशत की गिरावट आई है।

## मांग कमजोर रहने से जिंसों में टिकाव

**नई दिल्ली,** 16 मार्च (एजेंसियां)। स्थानीय स्तर पर मांग कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों के साथ ही दाल दलहन और जिंसों में टिकाव रहा।

**तेल-तिलहन :** इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। **गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले स्तर पर टिके रहे। **दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में स्थिरता रही। अरहर दाल, चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल और उड़द दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले स्तर पर पड़ी रही। अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।



सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे : **दाल-दलहन :** चना 5850-5950, दाल चना 6850-6950, मसूर काली 7300-7400, मूंग दाल 9900-10000, उड़द दाल 10500-10600, अरहर दाल 12000-12100 रुपए प्रति क्विंटल रहे। **अनाज :** (रुपए प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2600-2700 रुपए और चावल : 2800-2900 रुपए प्रति क्विंटल रहा।

## फरवरी में घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या बढ़कर 1.26 करोड़ के पार

**नई दिल्ली,** 16 मार्च (एजेंसियां)। देश के विमानन नियामक नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) के एक अधिकारी ने बताया कि इस साल जनवरी-फरवरी में घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या 4.74 प्रतिशत बढ़कर 257.78 लाख हो गई, जो पिछले साल की समान अवधि में 246.11 लाख थी।

नियामक की वेबसाइट पर जारी आंकड़ों के अनुसार, फरवरी में घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या 126.48 लाख रही जो पिछले साल फरवरी में 120.69 लाख थी। इस प्रकार इसमें 4.80 फीसदी की वृद्धि हुई है। फरवरी में विमान सेवा कंपनियों के खिलाफ 791 शिकायतें मिलीं।




फरवरी में विमान सेवा कंपनियों के खिलाफ मिलीं 791 शिकायतें

आंकड़ों में बताया गया है कि फरवरी महीने में प्रति 10 हजार यात्रियों पर शिकायतों की संख्या लगभग 0.63 रही है। शिकायतों का प्रमुख कारण उड़ान संबंधी समस्याएं हैं। प्राप्त 791 शिकायतों में से 769 (लगभग 97 प्रतिशत) का समाधान कर दिया गया है। इस साल जनवरी-फरवरी में किफायती विमान सेवा कंपनी इंडिगो की उड़ानों में 155.11 लाख यात्रियों ने सफर किया और उसकी बाजार हिस्सेदारी 60.2 प्रतिशत रहा। टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयर इंडिया को 32.13 लाख यात्रियों ने चुना और उसकी बाजार हिस्सेदारी 12.5 फीसदी दर्ज की गई। डीजीसीए ने बताया कि टाटा समूह और सिंगापुर एयरलाइंस की संयुक्त उपक्रम वाली एरलाइंस विस्तारा ने 9.9 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ 25.58 लाख यात्रियों को सेवा प्रदान की। एआईएक्स कनेक्ट (पहले एयरएशिया इंडिया) की उड़ानों में 15.71 लाख यात्रियों ने सफर किया और उसकी बाजार हिस्सेदारी 6.1 प्रतिशत रही।

### सार संक्षेप

#### डॉलर के मुकाबले रुपया तीन पैसे कमजोर

**मुंबई।** दुनिया की प्रमुख मुद्राओं के मुक़ाबले डॉलर में आई तेजी के दबाव में आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाज़ार में रुपया तीन पैसे टूटकर 82.87 रुपए प्रति डॉलर पर आ गया। वहीं, इसके पिछले कारोबारी दिवस रुपया 82.84 रुपए प्रति डॉलर रहा था। शुरुआती करोबार में रुपया नौ पैसे लुढ़ककर 82.93 रुपए प्रति डॉलर पर खुला और सत्र के दौरान हुई लिवाली के दबाव में 82.96 रुपए प्रति डॉलर के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, बिकवाली होने से यह 82.85 रुपए प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले दिवस के 82.84 रुपए प्रति डॉलर की तुलना में तीन पैसे टूटकर 82.87 रुपए प्रति डॉलर पर आ गया।

#### चीन के आरएमबी के कर्ज में 63.7 खरब युआन की वृद्धि

**बीजिंग।** चीनी जन बैंक द्वारा जारी वित्तीय आंकड़ों के अनुसार 2024 के पहले दो महीनों में चीन के आरएमबी के कर्ज में 63.7 खरब युआन की वृद्धि हुई, जो इतिहास में इसी अवधि में दूसरा उच्चतम स्तर है। आंकड़ों से पता चलता है कि फरवरी के अंत में, चीन का आरएमबी कर्ज़ शेष 2439.6 खरब युआन था, जो साल-दर-साल 10.1प्रतिशत की वृद्धि है। पहले दो महीनों में घरेलू कर्ज में 389.4 अरब युआन की वृद्धि हुई और उद्यमों (संस्थानों) के लिए कर्ज में 54.3 खरब युआन की वृद्धि हुई, जिसमें से मध्यम और दीर्घकालिक ऋण में 46 खरब युआन है। इसके अलावा, पहले दो महीनों में आरएमबी जमा में 64.4 खरब युआन की वृद्धि हुई, जिसमें से घरेलू जमा 57.3 खरब युआन है।

#### एलएंडटी टेक्नोलॉजी सर्विसेज को मिला 800 करोड़ का साइबर सुरक्षा काम

**नई दिल्ली।** एलएंडटी टेक्नोलॉजी सर्विसेज लिमिटेड (एलटीटीएस) ने बताया कि उसे महाराष्ट्र राज्य साइबर विभाग से लगभग 100 मिलियन डॉलर का साइबर सुरक्षा का काम मिला है। एलटीटीएस की ओर से कहा गया कि वह राज्य में एक कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और मशीन लर्निंग (एमएल) संचालित साइबर सुरक्षा और डिजिटल खतरा विश्लेषण केंद्र स्थापित करेगा। इससे नागरिक साइबर सुरक्षा और जागरूकता बढ़ेगी। एलटीटीएस के सीईओ और प्रबंध निदेशक अमित चड्ढा ने कहा कि यह 25 से अधिक कमांड सेंटर स्थापित करने और साइबर सुरक्षा की बढ़ती गंभीरता और समाज के लाभ के लिए उन्नत डिजिटल सुरक्षा प्लेटफार्मों और उपकरणों में निवेश की आवश्यकता को पहचानने में हमारे अनुभव का लाभ उठाने का एक अवसर है। इसके तहत एलटीटीएस, अपने फोरेंसिक पार्टनर के रूप में केपीएमजी एश्योरेंस एंड कंसल्टिंग सर्विसेज के साथ मिलकर राज्य के लिए उन्नत साइबर सुरक्षा प्रदान करेगा। कार्यक्रम में उन्नत साइबर खतरे की खुफिया जानकारी और विश्लेषण के आधार पर जांच के लिए एक केंद्रीय आपातकालीन प्रतिक्रिया टीम (सीईआरटी) भी होगी।

## 2047 तक जीडीपी में रियल एस्टेट का योगदान 5.17 लाख करोड़ डॉलर होने का अनुमान

■ क्रेडाई ने विकसित भारत के लिए जारी किया रोडमैप ■ 24 लाख करोड़ है भारतीय रियल एस्टेट का वर्तमान बाजार

**नई दिल्ली**, 16 मार्च (एजेंसियां)। कन्फेडरेशन ऑफ रियल एस्टेट डेवलपर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (क्रेडाई) ने विकसित भारत के लिए आज अपना रोडमैप जारी किया जिसमें 2047 तक सकल घेरलू उत्पाद (जीडीपी) में रियल एस्टेट का योगदान 5.17 लाख करोड़ डॉलर का होने का अनुमान है और यह अनुमानित जीडीपी का 17.5 प्रतिशत रह सकता है।

क्रेडाई ने आज अपने युवा इकाई द्वारा आयोजित वार्षिक सम्मेलन यूथकॉन में विकसित भारत के लिए भारतीय रियल एस्टेट के योगदान पर एक रिपोर्ट जारी किया जिसमें यह बात कही गई है। इस कार्यक्रम के दौरान क्रेडाई ने एक रिपोर्ट बिल्डिंग विकसित भारत- भारत में रियल एस्टेट क्षेत्र की परिवर्तनकारी भूमिका के बारे में एक रिपोर्ट जारी किया। क्रेडाई के अनुसार रियल एस्टेट का भारतीय अर्थव्यवस्था पर निश्चित रूप से एक महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा। वित्त वर्ष 2034 तक इस क्षेत्र के जीडीपी में 1.3 लाख करोड़ डॉलर अर्थात अनुमानित जीडीपी का 13.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

भारतीय रियल एस्टेट का वर्तमान बाजार का साइज़ 24 लाख करोड़ रुपए है, जो क्रमशः 80प्रतिशत और 20प्रतिशत के अनुपात में आवासीय और वाणिज्यिक के बीच बंटा है।




2047 तक भारत की एक विकसित अर्थव्यवस्था बनने की यात्रा के बीच भारतीय रियल एस्टेट बेहद महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़ा है : बोमन आर ईरानी

क्रेडाई के अध्यक्ष बोमन आर ईरानी ने कहा कि 2047 तक भारत की एक विकसित अर्थव्यवस्था बनने की यात्रा के बीच भारतीय रियल एस्टेट आज एक बेहद महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़ा है। यह क्षेत्र जीडीपी मूल्य को बढ़ाने और राजस्व, प्रति व्यक्ति आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए बाध्य है जो लगातार बढ़ती खपत के कारण आत्मनिर्भर चक्र के एक हिस्से के रूप में आगे विकास में सहायता करेगा। भारत के अग्रणी रियल एस्टेट निकाय के रूप में, हम पूरी तरह से विकसित अर्थव्यवस्था बनने के हमारे सामूहिक मिशन को प्राप्त करने की दिशा में एक सहज मार्ग सुनिश्चित करने के लिए इसमें शामिल सभी हितधारकों के साथ मिलकर काम करने के लिए तत्पर हैं।

क्रेडाई के चेयरमैन मनोज गौड़ ने कहा कि भारतीय रियल एस्टेट के प्रमुख निकाय के रूप में हमने एक उद्योग के रूप में जो हासिल किया है उस पर हमें बेहद गर्व महसूस होता है और हम उस क्षमता से भी अधिक उत्साहित हैं जो वर्तमान में इस क्षेत्र को देश के प्राथमिक आर्थिक इंजन के रूप में रखता है। विकसित भारत को प्राप्त करने के लिए रियल एस्टेट विकास के केंद्र में रहने जा रहा है जो कि हाल ही में हुई भारी मात्रा से भी मान्य है, जो मजबूत क्यूओक्यू जीडीपी संख्याओं के साथ मेल खाता है। क्रेडाई के निर्वाचित अध्यक्ष शेखर पटेल ने कहा कि वर्तमान में, वैश्विक प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद भारत में महत्वपूर्ण सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि देखी जा रही है जो हमारे आर्थिक और क्षेत्रीय लचीलेपन का प्रमाण है।

## भारत का गेमिंग सेक्टर तेजी से बढ़ने को तैयार : गेमजॉप

**नई दिल्ली,** 16 मार्च (एजेंसियां)। स्मार्टफोन गेमिंग प्लेटफॉर्म गेमजॉप के सीईओ और सह-संस्थापक यशश अग्रवाल ने शनिवार को कहा कि सरकार ने गेमिंग इंडस्ट्री की ग्रोथ के लिए कई पहल की है। भारत में गेमिंग सेक्टर व्यापक सरकारी रणनीति से प्रेरित होकर छलांग लगाने के लिए तैयार है।

यशश अग्रवाल ने कहा कि सरकार ने 100 फीसदी फॉरेन डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट (एफडीआई) की अनुमति देकर एक आकर्षक व्यावसायिक माहौल तैयार किया है, जिससे विदेशी निवेशक भारतीय गेमिंग फर्मों के साथ मिलकर काम कर सकें। सीईओ यशश अग्रवाल ने कहा कि सरकार ने हाल ही में ईस्पोर्ट्स को मल्टी स्पोर्ट्स इवेंट के रूप में आधिकारिक तौर पर स्वीकार कर एक मील का पत्थर हासिल किया है। यह युवा मामले और खेल मंत्रालय के अधीन रखता है। गेमजॉप एक मल्टी-गेम प्लेटफॉर्म है। भारत में 45-55 करोड़ खिलाड़ियों का विशाल गेमिंग वर्ग है। वित्त वर्ष 2022-23 में भारतीय गेमिंग इंडस्ट्री ने 3.1 अरब डॉलर का राजस्व अर्जित किया, जो कि वित्त वर्ष 2021-22 में 2.6 अरब डॉलर से 19 प्रतिशत अधिक है। हाल ही में, गेमजॉप ने दुनिया भर में डिजिटल प्रोडक्ट्स के लिए अपनी पेशकशों को समृद्ध करने के लिए चार नए प्रोडक्ट क्विजॉप, न्यूजजॉप, एस्ट्रोजॉप और क्रिकजॉप के लॉन्च की घोषणा की थी।



सरकार ने 100 फीसदी एफडीआई की अनुमति देकर एक आकर्षक व्यावसायिक माहौल तैयार किया : यशश अग्रवाल

## ओपनएआई चिप वेंचर को समर्थन देने के लिए बातचीत जारी

**सैन फ्रांसिस्को,** 15 मार्च (एजेंसियां)। अबू धाबी सरकार की समर्थित कंपनी एमजीएक्स ओपनएआई के महत्वाकांक्षी चिप वेंचर में निवेश करने के लिए शुरुआती चरण की बातचीत कर रही है। फाइनेंशियल टाइम्स ने सूत्रों के हवाले से बताया, कंपनियां एक ऐसा स्ट्रक्चर बनाने पर विचार कर रही है जो दुनिया भर में ग्लोबल भागीदारों के साथ अबू धाबी को इस एआई रणनीति के केंद्र में रखेगा।

रिपोर्ट के मुताबिक, ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन चिप निर्माता एनवीडिया द्वारा बनाए गए अत्याधुनिक चिप्स पर अपनी निर्भरता को कम करने के लिए सेमीकंडक्टर बिजनेस शुरू करने का लक्ष्य बना रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि यूएई के




एआई मंत्री उमर सुल्तान अल ओलामा ने कहा कि टेस्ला के सीईओ एलन मस्क खाड़ी राज्य के साथ सहयोग करने में भी रुचि रखते थे। एलन मस्क ने ओपनएआई के साथ प्रतिस्पर्धा करने के प्रयास में एआई मॉडल बनाने वाली कंपनी एक्सएआई की स्थापना की है। मंत्री ओलामा ने कहा कि मैं एलन मस्क को यहां कुछ एआई से संबंधित करते हुए देखता हूं।

## अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस को मिला सीआईआई क्लाइमेट एक्शन सीएपी 2.0 पुरस्कार

**अहमदाबाद,** 16 मार्च (एजेंसियां)। भारत की सबसे बड़ी निजी ट्रांसमिशन और वितरण कंपनी अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड (एईएसएल) को 2023 के लिए भारतीय उद्योग निकाय सीआईआई के प्रतिष्ठित क्लाइमेट एक्शनप्रोग्राम सीएपी 2.0 पुरस्कार प्रदान किया गया है। कंपनी को यह पुरस्कार रेजिलिएंट कैटोगरी में प्रदान किया गया है। यह पुरस्कार चुनौतियों का सामना करने में निरंतर सुधार के लिए एईएसएल की प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

देश की सबसे बड़ी निजी ट्रांसमिशन कंपनी है एईएसएल

एईएसएल के प्रबंध निदेशक अनिल सरदाना ने कहा कि सीआईआई से यह पुरस्कार पाकर हमें खुशी हो रही है। यह पुरस्कार भविष्य की टिकाऊ प्रथाओं के प्रति हमारी प्रतिबद्धता और जलवायु चुनौतियों से निपटने के प्रति हमारे समर्पण का प्रमाण है। गौरतलब है कि सीआईआई सीएपी 2.0 पुरस्कार उन कंपनियों को दिया जाता है, जो विशिष्ट श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करती हैं। सीआआई सीएपी 2.0 पुरस्कार सीआईआई द्वारा जलवायु परिवर्तन पर सार्थक कॉर्पोरेट कार्यों को मान्यता देने और संगठनात्मक व्यवसाय मॉडल और प्रक्रियाओं में एकीकरण को बढ़ावा देने के लिए स्थापित किए गए हैं। इस पुरस्कार को प्रदान करने का उद्देश्य उद्योग को जलवायु जोखिम से निपटने, बाजार के अवसरों का दोहन करने और जलवायु में टिकाऊपन को प्रेरित करना है। यह पुरस्कार अन्य कंपनियों की तुलना में उभरते जोखिमों को पहले पहचानने और उनका विश्लेषण करने की कंपनी की प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं, जो संभावित नुकसान से बचने या कम करने के लिए उन्हें बेहतर स्थिति में रखता है। 2023 में सीआईआई सीएपी 2.0 अवार्ड्स ने तीन मुख्य श्रेणियों में कंपनियों को उनके परिपक्वता स्तर के आधार पर मान्यता दी। **रेजिलिएंट :** यह श्रेणी उन कंपनियों के लिए है, जिनकी रणनीति और योजनाएं जलवायु जोखिम को कम करने के लिए महत्वपूर्ण हैं। उनकी जलवायु परिवर्तन योजना भविष्योन्मुखी हैं, अनुकूलन परियोजनाएं टिकाऊपन के लिए बनाई गई हैं।

**ओरिएंटेड :** यह श्रेणी उन कंपनियों के लिए है, जो अपनी जलवायु कार्य योजनाओं में प्रगति कर रही हैं, लेकिन अभी तक मजबूत स्तर तक नहीं पहुंची हैं।




यह पुरस्कार भविष्य की टिकाऊ प्रथाओं के प्रति हमारी प्रतिबद्धता और जलवायु चुनौतियों से निपटने के प्रति हमारे समर्पण का प्रमाण है : अनिल सरदाना

# खेल जगत

## लक्ष्य सेन ऑल इंग्लैंड ओपन के सेमीफाइनल में

**बर्मिंघम।** भारत के स्टार शटलर लक्ष्य सेन ने आल इंग्लैंड ओपन के क्वार्टर फाइनल में पूर्व चैंपियन मलेशिया के ली जी जिया को रोमांचक मुकाबले में हरा कर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। एक घंटा दस मिनट चले मैच में लक्ष्य सेन ने अपने दृढ़ संकल्प और प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए 10वीं रैंकिंग वाले मलेशियाई खिलाड़ी को 20-22, 21-16, 21-19 से हराया। इस जीत ने न केवल पुरुष एकल सेमीफाइनल में उनकी जगह पक्की कर दी, बल्कि दुनिया के बेहतरीन खिलाड़ी के खिलाफ उनके आमने-सामने के रिकॉर्ड को भी 4-1 से बेहतर कर दिया। पिछले टूर्नामेंटों में सात बार पहले दौर में बाहर होने के बावजूद लक्ष्य ने पिछले सप्ताह फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचकर अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया था।



# खिताब जीतने उतरेगी दिल्ली कैपिटल्स महिला डब्ल्यूपीएल

## लगातार दूसरी बार फाइनल में पहुंची, पिछली उपविजेता है दिल्ली कैपिटल्स

- आरसीबी के खिलाफ दिल्ली कैपिटल्स महिला टीम का पलड़ा भारी
- सभी निगाहें दिल्ली की शैफाली व आरसीबी की स्मृति मंधाना पर

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 16 मार्च (एजेंसियां)। विस्फोटक नौजवान बैटर शैफाली वर्मा और उनकी सलामी जोड़ीदार अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह चुकी कप्तान ऑस्ट्रेलिया की मेग लेनिंग ने लीग में तीन-तीन अर्द्धशतक जड़ मेजबान दिल्ली कैपिटल्स महिला टीम को दूसरी वूमैन प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) टी-20 क्रिकेट लीग 2024 में आठ में छह मैच जिताकर शीर्ष पर रह सीधे फाइनल में पहुंचाने में अहम

**डब्ल्यूपीएल टी-20**

भूमिका निभाई है। लगातार दूसरी बार फाइनल में पहुंची पिछली उपविजेता दिल्ली कैपिटल्स डब्ल्यूपीएल में इस बार खिताब जीतने की अधूरी हसरत को पूरी करने के इरादे से रविवार को यहां अरुण जेटली स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ खेलने उतरेगी। दिल्ली कैपिटल्स का अपने आखिर तक हार न मानने के जज्बे के कारण आरसीबी के खिलाफ फाइनल में पलड़ा भारी नजर आता है। ऑस्ट्रेलिया की एलिस पैरी के मौजूदा सीजन में जड़े तीसरे अर्द्धशतक से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) को पिछली विजेता मुंबई इंडियंस पर इलिमिनेटर में आखिरी ओवर में शुक्रवार को यहां पांच रन से हरा पहली बार फाइनल में स्थान पाया। डब्ल्यूपीएल फाइनल में रविवार को सभी निगाहें भारत के लिए तीनों फॉर्मेट में पारी का आगाज करने वाली आरसीबी की कप्तान स्मृति मंधाना और उनकी सलामी जोड़ीदार बकैपिटल्स की शैफाली वर्मा पर रहेंगी। मुंबई इंडियंस के इलिमिनेटर में हार के साथ बाहर होने से यह तो तय हो गया है कि 2024 डब्ल्यूपीएल में नया चैंपियन मिलेगा। दिल्ली कैपिटल्स ने बेंगलुरू में मौजूदा सीजन में जब पहले मैच में आरसीबी को हराया उसमें स्मृति की 71 रन की पारी पर दिल्ली के लिए शैफाली की 50 रन की पारी भारी पड़ी थी। रविवार को फाइनल में दिल्ली कैपिटल्स की ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मेग लेनिंग और आरसीबी की ऑलराउंडर एलिस पैरी का खासतौर पर बल्ले से प्रदर्शन निर्णायक हो सकता है।



**टीमें**

**दिल्ली कैपिटल्स :** एलिस कैप्सी, अरुंधति रेड्डी, जेमिमा रोड्रिग्स, जेस जोनासन, लॉरा हैरिस, मारिज़ैन कप्प, मेग लैनिंग (कप्तान), मिन्नू मणि, पूनम यादव, राधा यादव, शैफाली वर्मा, शिखा पांडे, स्नेहा दीप्ति, तानिया भाटिया (विकेट- कीपर), तितास साधु, एनाबेल सदरलैंड, अपर्णा मंडल और अश्विनी कुमारी

**रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर :** स्मृति मंधाना (कप्तान), आशा शोभना जॉय, दिशा कसाट, एलिस पेरी, नादिन डी क्लार्क, इंद्राणी रॉय, श्रद्धा पोखरकर, रेणुका सिंह ठाकुर, ऋचा घोष, श्रेयंका पाटिल, सोफी डिवाइन, जॉर्जिया वेयरहम, एकता बिष्ट, केट क्रॉस, शुभा सतीश, सब्बिनेनी मेघना, सिमरन बहादुर और सोफी मोलिनक्स

### अपना सर्वश्रेष्ठ मैच खेलने के लिए उत्सुक : लैनिंग

**नई दिल्ली।** पिछले और पहले संस्करण में बहुत करीब से खिताब चूकने वाली दिल्ली कैपिटल्स की महिला टीम की निगाहें इस बार 2024 वूमन प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2024 टी-20 क्रिकेट के फाइनल में यहां अरुण जेटली स्टेडियम में आरसीबी पर फाइनल में जीत के साथ खिताब जीतने पर लगी हैं। लगातार दूसरी बार डब्ल्यूपीएल फाइनल खेलने की बाबत पर दिल्ली कैपिटल्स की कप्तान ऑस्ट्रेलिया की मेग लेनिंग ने कहा कि हमारे लिए यह सुखद है कि हमें एक बार फिर खिताब जीतने का मौका मिला है। हमें आरसीबी के खिलाफ फाइनल जीत खिताब जीतना तो रविवार को टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खेलना होगा। फाइनल जीतने के लिए टीम को अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाना होगा। फाइनल में जरूरी है खुद को हालात के मुताबिक ढाल कर अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाना। पिछले साल मुंबई इंडियंस के खिलाफ फाइनल में खेलने का अनुभव भी रविवार को फाइनल में काम आएगा। हमें यह अहसास है कि हम पहले भी खेल चुके हैं और इसके अलावा इसे और किसी अन्य नजरिए से नहीं देख सकते हैं। आरसीबी के खिलाफ फाइनल की बाबत लेनिंग ने कहा कि फाइनल बेहद रोमांचक रहने वाला है। हम फाइनल खेलने को लेकर बेहतर रोमांचित हैं।



# गावस्कर ने रणजी खिलाड़ियों की सैलरी बढ़ाने की वकालत की

**नई दिल्ली,** 16 मार्च (एजेंसियां)। भारत के महान खिलाड़ी और पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) से आग्रह करते हुए घरेलू क्रिकेटरों, खासकर प्रथम श्रेणी क्रिकेट से जुड़े क्रिकेटरों के लिए पारिश्रमिक में उल्लेखनीय वृद्धि करने की वकालत की है।

टेस्ट क्रिकेटरों को प्रोत्साहन देने के बीसीसीआई के हालिया कदम की सराहना करते हुए, गावस्कर ने राष्ट्रीय टीम के लिए प्राथमिक फीडर प्रणाली रणजी ट्रॉफी का समर्थन करने के महत्व पर जोर दिया।

गावस्कर ने कहा कि बीसीसीआई द्वारा खेलने वालों को पुरस्कृत करना एक अद्भुत बात है, लेकिन मैं बीसीसीआई से यह भी अनुरोध करूंगा कि वह यह सुनिश्चित करे कि टेस्ट टीम के फीडर, जो कि रणजी ट्रॉफी है, का भी ध्यान रखा जाए।

■ **रणजी ट्रॉफी की फीस बढ़ने से अधिक लोग रणजी ट्रॉफी खेलेंगे, और रणजी ट्रॉफी से बहुत कम लोग हटेंगे**

अगर रणजी ट्रॉफी की फीस दोगुनी या तिगुनी की जा सकती है, तो निश्चित रूप से बहुत अधिक लोग रणजी ट्रॉफी खेलेंगे, और रणजी ट्रॉफी से बहुत कम लोग हटेंगे, क्योंकि अगर रणजी ट्रॉफी मैच खेलने की फीस एक अच्छी फीस है और विभिन्न कारणों से कम लोग बाहर निकलेंगे। गावस्कर ने ईशान किशन जैसे उदाहरणों का हवाला देते हुए अधिक फीस और घरेलू टूर्नामेंटों से खिलाड़ियों की कम निकासी के बीच संबंध पर प्रकाश डाला। उन्होंने रेड-बॉल क्रिकेट के लिए पुरस्कारों के संबंध में राहुल द्रविड़ की भावनाओं को दोहराया और खेले गए प्रथम श्रेणी मैचों की संख्या के आधार पर एक स्लैब प्रणाली का प्रस्ताव रखा।

मुझे लगता है कि जब धर्मशाला में इसकी घोषणा की गई थी, तब राहुल द्रविड़ ने जो कहा था, वह इसे इनाम कहना चाहेंगे। वे सभी स्लैब प्रणाली के साथ खेलना चाहेंगे-हर 10 प्रथम श्रेणी मैचों में आपको इतना अधिक मिलता है। गावस्कर ने चैंप्स फाउंडेशन के एक कार्यक्रम के मौके पर कहा कि मैं बीसीसीआई से उस पहलू पर भी गौर करने का अनुरोध करूंगा, जिसके 25 साल पूरे हो गए हैं। रणजी ट्रॉफी खेलों के शेड्यूल को लेकर खिलाड़ियों द्वारा उठाई गई चिंताओं को संबोधित करते हुए, गावस्कर ने पर्याप्त आराम और रिकवरी के लिए मैचों के बीच लंबे अंतराल की वकालत की। उन्होंने खिलाड़ियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने और पुलआउट को कम करने के लिए जनवरी के बजाय अक्टूबर में रणजी सीज़न शुरू करने का सुझाव दिया, जिसके बाद दिसंबर के मध्य में सफेद गेंद वाले टूर्नामेंट होंगे। तीन दिन के अंतराल में, ऐसा होता है कि यात्रा के लिए बीच में शायद एक दिन होता है। यात्रा के दौरान, फिजियो के पास जाने का समय नहीं होता है। इसलिए, शायद थोड़ा सा अंतराल होना चाहिए ताकि खिलाड़ी को पर्याप्त समय मिल सके। मेरी निजी राय है कि अक्टूबर से मध्य दिसंबर तक रणजी ट्रॉफी आयोजित की जाए और फिर सफेद गेंद वाले टूर्नामेंट लाए जाएं।



## बांग्लादेश ने संघर्षरत लिटन दास को तीसरे वनडे टीम से बाहर किया

**चटगांव,** 16 मार्च (एजेंसियां)। बांग्लादेश ने श्रीलंका के खिलाफ महत्वपूर्ण तीसरे वनडे से पहले लिटन दास को बाहर कर दिया है और उभरते हुए विकेटकीपर-बल्लेबाज जकर अली को टीम में शामिल किया है। लिटन दास को टीम से रिलीज करने का फैसला हाल ही में बल्ले से संघर्ष के बाद लिया गया है, साथ ही मौजूदा ढाका प्रीमियर लीग में मूल्यवान मैच अभ्यास हासिल करने के लिए टीम प्रबंधन की सलाह के बाद लिया गया है। यह पहली बार है कि लिटन ने 2021 के बाद से अपना स्थान खो दिया है जब उन्हें पाकिस्तान के खिलाफ टी20 श्रृंखला से बाहर कर दिया गया था। बांग्लादेश के लिए लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले लिटन दास को श्रीलंका के खिलाफ हालिया सीरीज में फॉर्म में गिरावट का सामना करना पड़ा। लिटन श्रीलंका के खिलाफ पहले दो एकदिवसीय मैचों में बिना खाता खोले आउट हो गए, और उनके खिलाफ टी20 श्रृंखला में भी प्रभावित करने में असफल रहे।



**आईपीएल 2024**

## पोलार्ड ने पांड्या की मुंबई टीम में वापसी का स्वागत किया

**मुंबई,** 16 मार्च (एजेंसियां) इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2024 संस्करण की शुरुआत में बस कुछ ही दिन बचे हैं, टीमें बड़े आयोजन की तैयारी के लिए युद्ध स्तर पर काम कर रही हैं। मुंबई इंडियंस के लिए आईपीएल के आगामी सीजन की तैयारियां जोरों पर हैं। टीम के बल्लेबाजी कोच कीरोन पोलार्ड आने वाले सीजन के लिए काफी उत्साहित हैं। उन्होंने टीम अभ्यास सत्र के दौरान कहा कि कासा काय पलटन! (आप कैसे हैं, पलटन (एमआई प्रशंसक)। मैं यह देखने के लिए बहुत उत्साहित हूं कि 2024 सीज़न हमारे लिए क्या मायने रखता है। नए साल में, हमारे पास टीम में बल्लेबाजी लाइनअप में भी कुछ नए लोग हैं। पोलार्ड ने हार्दिक पांड्या की मुंबई इंडियंस में वापसी का भी स्वागत किय। पांड्या गुजरात टाइटन्स से आए हैं, जिसे उन्होंने 2022 और 2023 संस्करणों में आईपीएल फाइनल में पहुंचाया था और 2022 में खिताब जीता था।5 पोलार्ड ने इंस्टाग्राम पर फ्रेंचाइजी द्वारा जारी एक वीडियो में कहा कि जाहिर तौर पर, उसे वापस पाकर अच्छा लगा, वह मुंबई इंडियंस का हिस्सा रहा है, और पिछले 5-6 वर्षों में उसने मुंबई के लिए शानदार काम किया है। उन्हें एक नई भूमिका में देखने के लिए उत्सुक हूं और हर कोई उन्हें समर्थन देने के लिए यहां है।



## राशिद ने अफगान कप्तान द्वारा सर्वश्रेष्ठ टी20 गेंदबाजी का 14 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा

**शारजाह,** 16 मार्च (एजेंसियां)। राशिद खान ने अफगानिस्तान के कप्तान द्वारा टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आंकड़ा हासिल करते हुए रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराया। यह उपलब्धि इससे पहले अफगानिस्तान और आयरलैंड के बीच शुरुआती टी20 मुकाबले के दौरान नवाज मंगल ने 14 साल पहले हासिल की थी। राशिद के चार ओवरों में सिर्फ 19 रन देकर 3 विकेट लेने से गेंद में उनकी महारत का पता चला और उन्होंने अफगानिस्तान के गेंदबाजी शस्त्रागार में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। पॉल स्टर्लिंग, कर्टिस कैंपर और गैरेथ डेलानी को आउट करने के साथ, राशिद ने विपक्षी टीम को रोकने के लिए अफगानिस्तान के प्रयासों की अगुवाई की, जिससे आयरलैंड को उनके 20 ओवरों में 6 विकेट पर 149 रनों के मामूली स्कोर पर रोक दिया गया। राशिद की वीरता के बावजूद, अफगानिस्तान को जीत की तलाश में झटका लगा और उसे मजबूत आयरिश टीम के हाथों 38 रन से हार का सामना करना पड़ा।



## घरेलू मुख्य कोचों के लिए कार्यशाला आयोजित

**पुणे,** 16 मार्च (एजेंसियां)। हॉकी इंडिया के हाई-परफॉर्मेंस निदेशक हरमन क्रूज ने पुणे में 14वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2024 के मौके पर समकालीन कोचिंग विधियों और जमीनी स्तर पर हॉकी विकास पर ध्यान केंद्रित करते हुए एक कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला का उद्देश्य घरेलू सर्किट में कोचों को उनके करियर की शुरुआत से ही युवा हॉकी खिलाड़ियों की सीखने की यात्रा को बढ़ाने के लिए कौशल से लैस करना था। जमीनी स्तर पर कोचिंग मानकों को ऊंचा उठाने की हॉकी इंडिया की चल रही प्रतिबद्धता के एक हिस्से के रूप में, हरमन क्रूज ने एक कार्यशाला का नेतृत्व किया। सत्र के दौरान उन्होंने युवा एथलीटों में स्वामित्व की भावना पैदा करने के महत्व पर प्रकाश डाला और निष्क्रिय सीखने के विपरीत सक्रिय सीखने के मूल्य पर जोर दिया।



## डॉ. अम्बेडकर स्टेडियम का होगा जीर्णोद्धार

**नई दिल्ली,** 16 मार्च (एजेंसियां) दिल्ली की फुटबॉल का दिल कहे जाने वाले डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम का कायाकल्प होने जा रहा है। कभी कॉरपोरेशन स्टेडियम के नाम से विख्यात यह स्टेडियम अब पूरी तरह अंतरराष्ट्रीय मानदंडों पर खरा उतरने के लिए पूरी तरह तैयार हो रहा है। देर से ही सही, दिल्ली सरकार ने फिरोजशाह कोटला क्रिकेट मैदान से सटे इस स्टेडियम का जीर्णोद्धार करने का ऐतिहासिक कदम उठा लिया है। दिल्ली सॉकर एसोसिएशन (डीएसए) के अध्यक्ष अनुज गुप्ता के अनुसार एमसीडी द्वारा 15 मार्च 2024 को जारी आदेश के अनुसार डॉ. अम्बेडकर स्टेडियम को अंतरराष्ट्रीय स्तर की तमाम सुविधाओं से लैस किया जाएगा, जिनमें चेंजिंग रूम, ड्रेसिंग रूम, शौचालय, कैफेटेरिया, कैंटीन, मीडिया सेंटर इत्यादि को आधुनिक रूप दिया जाएगा। अनुज ने बताया कि डीएसए का अध्यक्ष पद संभालने के बाद से उनकी प्राथमिकता में डॉ. अम्बेडकर स्टेडियम का जीर्णोद्धार करना था और एमसीडी कमिश्नर ज्ञानेश भारती के प्रयासों से दिल्ली और देश के फुटबॉल प्रेमियों का सपना साकार होने जा रहा है। उम्मीद की जा रही है कि स्टेडियम का रूप रंग बदलने और तमाम सुविधाओं से लैस होने के बाद से देश की राजधानी फिर से फुटबॉल का 'हब' बन जाएगी।



# सनराइजर्स हैदराबाद के लिए तुरुप का पत्ता साबित हो सकते हैं पैट कमिंस : इरफान

## कमिंस के लिए 2023 शानदार रहा जिसने उनकी नेतृत्व क्षमता को बढ़ाया



**मुंबई,** 16 मार्च (एजेंसियां)। भारत के पूर्व हरफनमौला खिलाड़ी इरफान पठान ने आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के लिए पैट कमिंस को साइन करने के सनराइजर्स हैदराबाद के साहसिक कदम पर प्रकाश डाला है, और कहा है कि कमिंस हैदराबाद के लिए तुरुप का पत्ता साबित हो सकते हैं।

कमिंस के आईपीएल आंकड़ों को स्वीकार करते हुए, पठान ने आशा व्यक्त की कि ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज स्थिति बदल सकते हैं और सनराइजर्स हैदराबाद को टूर्नामेंट में जीत दिला सकते हैं। नीलामी में 20.5 करोड़ रुपए की भारी कीमत पर साइन करने के बाद सनराइजर्स हैदराबाद ने 2024 इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सीजन से पहले पैट कमिंस को टीम का कप्तान नियुक्त किया। कमिंस के लिए 2023 शानदार रहा, जिसने उनकी नेतृत्व क्षमता को बढ़ाया - विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) जीतना, इंग्लैंड में एशेज बरकरार रखना और ऑस्ट्रेलिया के कप्तान के रूप में रिकॉर्ड छठे पुरुष एकदिवसीय विश्व कप जीतना। यह पहली बार होगा जब कमिंस आईपीएल में किसी टीम की कप्तानी करेंगे और एसआरएच के नए मुख्य कोच डेनियल विटोरी के साथ फिर से जुड़ेंगे, जो ऑस्ट्रेलिया के लिए सहायक कोच के रूप में भी काम करते हैं। इरफान पठान ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहा कि पैट कमिंस के लिए पिछले दो सीज़न से विशेष रूप से अच्छे रहे हैं, चाहे वह आईसीसी 50 ओवरों का विश्व कप और डब्ल्यूटीसी फाइनल हो और जिस तरह से वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन कर रहे हैं।

> इरफ़ान पठान ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहा कि पैट कमिंस के लिए पिछले दो सीज़न से विशेष रूप से अच्छे रहे हैं, चाहे वह आईसीसी 50 ओवरों का विश्व कप और डब्ल्यूटीसी फाइनल हो और जिस तरह से वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन कर रहे हैं।

पठान ने कहा कि हालांकि उनकी आईपीएल संख्या आईपीएल में साढ़े आठ की इकोनॉमी जैसी महान नहीं है, जो कि एक प्रमुख गुणवत्ता वाले तेज गेंदबाज के लिए काफी अधिक है, उम्मीद है कि यह एक सीज़न में बदल सकता है, इसलिए सनराइजर्स हैदराबाद उम्मीद कर रहा होगा कि वह आएंगे और टीम को जीत दिलाएंगे, जो उन्हें पिछले कुछ समय से नहीं मिली है, लेकिन मुझे निश्चित रूप से लगता है कि टी20 क्रिकेट 50 ओवर और टेस्ट क्रिकेट की तुलना में खेल का एक अलग रूप है। पिछले दो सीज़न में हैदराबाद की कप्तानी एडेन मार्करम ने की थी, लेकिन उन्हें कोई महत्वपूर्ण सफलता नहीं मिली, खासकर आईपीएल 2023 में 14 मैचों में सिर्फ चार जीत के साथ अंक तालिका में सबसे नीचे रहे । हालांकि, मार्करम ने एसए20 के पहले दो सीज़न में हैदराबाद फ्रैंचाइज़ी की सहयोगी टीम सनराइजर्स ईस्टर्न केप को सफलतापूर्वक ट्रॉफी तक पहुंचाया। एक अन्य भारतीय क्रिकेटर वरुण आरोन ने उनकी ठोस और संतुलित टीम संरचना के लिए राजस्थान रॉयल्स की प्रशंसा की।



**सार संक्षेप**

### हॉकी महिला : यूपी, बंगाल, दिल्ली और छत्तीसगढ़ ने जीते मुकाबले

**पुणे।** 14वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप के चौथे दिन शनिवार को उत्तर प्रदेश हॉकी, हॉकी बंगाल, दिल्ली हॉकी और छत्तीसगढ़ हॉकी अपने-अपने मैचों में विजयी रहीं। मेजर ध्यानचंद हॉकी स्टेडियम पिंपरी, पुणे में उत्तर प्रदेश हॉकी ने पूल सी मुकाबले में हॉकी आंध्र प्रदेश को 11-2 से हराकर अभियान की अपनी पहली जीत हासिल की। आंध्र की कल्याणी स्वर्णपुडी ने मैच के सातवें मिनट में गतिरोध तोड़कर हॉकी अपनी टीम को बढ़त दिलाई मगर कुछ मिनट बाद शशिकला (14%) ने स्कोर बराबर कर दिया और उत्तर प्रदेश के लिए गोलों की झड़ी लग गई। भारतीय महिला हॉकी टीम की फॉरवर्ड और उत्तर प्रदेश इकाई की कप्तान, वंदना कटारिया (43%,50%, 55%) गोल के सामने शानदार प्रदर्शन करके मैच की शीर्ष स्कोरर बनीं। इस बीच, भारतीय महिला हॉकी टीम की फॉरवर्ड मुमताज खान (27%, 47%) और उपासना सिंह (35%, 46%) ने एक-एक गोल किया। इसके अलावा, रीतू सिंह (27%), स्वर्णिका रावत (38%) और सिमरन सिंह (57%) ने भी स्कोरशीट पर अपना नाम दर्ज कराया। मैच के अंतिम मिनटों में, गार्लांका वराहलम्मा (57%) ने नेट पर गोल करके हॉकी आंध्र प्रदेश की संख्या को दोगुना कर दिया।

### आकिब बने श्रीलंका क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाजी कोच

**कोलंबो।** श्रीलंका क्रिकेट ने पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज आकिब जावेद को राष्ट्रीय टीम का तेज गेंदबाजी कोच नियुक्त करने की घोषणा की है। आकिब आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के पूरा होने तक राष्ट्रीय टीम के साथ काम करेंगे, जो जून 2024 के दौरान वेस्टइंडीज और यूएसए में आयोजित होने वाला है। जावेद ने पाकिस्तान के लिए 163 एकदिवसीय और 22 टेस्ट मैच खेले, 236 अंतरराष्ट्रीय विकेट भी हासिल किए है। पाकिस्तान की 1992 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य, जावेद ने विभिन्न कोचिंग क्षमताओं में कई राष्ट्रीय टीमों के लिए काम किया है। इनमें पाकिस्तान की राष्ट्रीय टीम के गेंदबाजी कोच के रूप में काम करना, संयुक्त अरब अमीरात की राष्ट्रीय टीम के कोच के रूप में काम करना और अफगानिस्तान की राष्ट्रीय टीम के साथ विकास भूमिका में काम करना भी शामिल है। कोच के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान, यूएई राष्ट्रीय टीम ने वनडे और टी20आई का दर्जा प्राप्त किया। 2015 में आईसीसी पुरुष 50 ओवर विश्व कप में जगह बनाई और 2014 में आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के क्वालीफायर में भी भाग लिया।